e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
वर्ष 10, अंक 147

**सुविचार**
अपने समय और अपने शब्दों के प्रयोग में कभी लापरवाही नहीं बरतें। क्योंकि ये नहीं तो वापस आते है और न ही वापस मौका देता है।

# प्रभात मंत्र

बुधवार
31.05.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2021-23

असर्फी हॉस्पीटल
आपका अपना सुपर स्पेशिएलिटी होस्पिटल
कैंसर रोग विभाग
धनबाद में पहली बार
Full Time
Medical Oncologist
उपलब्ध
Dr Parag Roy
MD, DrNB
(Medical Oncology)
दिन: सोमवार से शनिवार
समय: सुबह 10AM से 4PM
09297970030

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 36⁰ |
| न्युनतम | 24⁰ |

## अमृतसर से कटरा जा रही यात्रियों से भरी बस 50 फीट गहरे खाई में गिरी

# 10 की मौत

एजेंसी

**जम्मू :** जम्मू कश्मीर के जम्मू इलाके में मंगलवार की सुबह भीषण सड़क दुर्घटना हुई. इस दुर्घटना में 10 लोगों के मारे जाने की खबर है, जबकि 12 लोग घायल हो गए.
घायल लोगों को सरकारी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया गया. कुछ घायलों का स्थानीय पीएचसी में इलाज किया किया है.
व्यापक स्तर पर राहत बचाव अभियान चलाया गया. पुलिस और स्थानीय लोग घटना स्थल पर पहुंच कर राहत बचाव में जुट गए. बताया जा रहा है कि बस अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई. बस अमृतसर से कटरा जा रही थी. दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई. स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी.
सूचना पाकर पुलिस बल मौके पर पहुंची. इससे पहले स्थानीय लोग घटना स्थल पर पहुंच कर राहत बचाव अभियान चलाया. इस बीच सूचना पाकर सीआरपीएफ और अन्य सुरक्षा बल भी मौके पर पहुंच गए. एंबुलेंस को बुलाई गई और घायलों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया.
कई लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. शवों को भी अस्पताल ले जाया गया है. क्रेन की मदद से बस को खाई से निकालने का प्रयास किया गया. कहीं कोई बस के नीचे तो नहीं फंसा है यह भी सुनिश्चित किया गया. अधिकारियों ने कहा कि घटना के तुरंत बाद रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया. सीआरपीएफ के सहायक कमांडेंट अशोक चौधरी ने बताया कि बस अमृतसर से आ रही थी और उसमें बिहार के लोग सवार थे. वे शायद कटरा का रास्ता भूल गए और यहां पहुंचे. दुर्घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है. मामले की जांच की जा रही है.

### सभी मृतक बिहार के थे व जा रहे थे मुंडन कराने

**पटना :** बस में बिहार के करीब 70 लोग सवार थे। हादसे में 10 लोगों के मरने की सूचना है। बताया जा रहा है कि ओवरलोडिंग के कारण हादसा हुआ है। जानकारी के अनुसार, बिहार के लखीसराय शहर से सटे बालूपर गांव से मुकेश शर्मा के तीन बच्चों का वैष्णो देवी में मुंडन संस्कार होना था। मुकेश शर्मा अपने परिवार सहित 40 सगे-संबंधियों के साथ 24 मई को अकालतख्त एक्सप्रेस ट्रेन से पंजाब के अमृतसर रवाना हुए थे। अमृतसर में मुकेश के पिता रामवृक्ष शर्मा कई वर्षों से रह रहे हैं। अमृतसर से कुल 70 लोग बस रिजर्व कर 29 मई की रात को जम्मू के कटरा के लिए रवाना हुए। बस में कई बच्चे और महिलाएं भी मौजूद थीं। इसी दौरान जम्मू में जाकर बस खाई में गिर गई। कुल तीन बच्चों का मुंडन होना था, जिसमें दो वर्षीय लाडो की बस दुर्घटना में मौत हो गई.



### उपराज्यपाल ने दुख जताया



हादसे को लेकर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल ने दुख जताया. उन्होंने ट्वीट कर कहा, जम्मू के झज्जर कोटली में हुए दर्दनाक बस हादसे में लोगों की मौत से बेहद आहत हूं. शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना. घायलों को हर संभव सहायता और उपचार प्रदान करने के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया.

# ईडी ने 12 ठिकानों पर की छापेमारी



छाया : नसीम

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** झारखंड में ईडी आज बड़ी कार्रवाई कर रही है. कांग्रेस नेता प्रदीप यादव और उनके सहयोगियों से जुड़े 12 लोकेशन पर ईडी ने छापेमारी की है. ईडी ने झारखंड में जिन 12 ठिकानों पर छापेमारी की, उसमें विधायक प्रदीप यादव और चेशायर होम रोड में रहने वाले बिल्डर शिवकुमार के ठिकाने पर भी शामिल हैं.ईडी यह सर्च ऑपरेशन रांची के चार लोकेशन और देवघर के आठ लोकेशन पर की है. दरअसल, यह मामला प्रदीप यादव व अन्य पर आयकर कार्रवाई से जुड़ा है. आयकर विभाग ने कुछ महीने पहले छापेमारी की की थी और प्राथमिकी दर्ज की थी. अब ईडी पीएमएलए के तहत मामले की जांच कर रही है. जानकारी के अनुसार इनकम टैक्स के द्वारा दिए गए रिपोर्ट के आधार पर ईडी की यह कार्रवाई शुरू हुई है. पिछले साल 4 नवंबर को आयकर विभाग ने कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और अनूप सिंह के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी. इस दौरान आयकर विभाग ने अनूप सिंह और प्रदीप यादव के कुछ करीबियों के यहां भी दबिश दी थी. प्रदीप यादव के घर इनकम टैक्स की छापेमारी के दौरान कई दस्तावेज बरामद किए गए थे. दस्तावेजों की जांच के बाद आयकर विभाग ने इन मामलों की जांच के लिए केस ईडी के पास भेज दिया था. उसी केस के आधार पर ईडी मामले की जांच में जुटी हुई थी. जब इस मामले में नए तथ्य शामिल हुए तब यह छापेमारी शुरू की गई है. बात दें कि अभी हाल ही में कांग्रेस के विधायक प्रदीप यादव ने प्रदेश में लगातार हो रही ईडी और आईटी की छापेमारी को लेकर केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा था. उन्होंने कहा था यह सब केवल 2024 के चुनाव होने तक ही दिखाई देगा. उन्होंने कहा कि बीजेपी लोगों को यह दिखाना चाहती है कि गैर बीजेपी शासित राज्यों में भ्रष्टाचार के अलावा कुछ भी नहीं है. उन्होंने कहा था कि देश में 95 प्रतिशत छापेमारी बीजेपी कराती है. आखिर बीजेपी के घर पर कोई छापा क्यों नहीं पड़ता. दुमका परिसदन में झारखंड को लगातार ईडी और सीबीआई के चंगुल में फंसाने के सवाल पर यादव ने कहा था कि झारखंड कैडर की आईएएस पूजा सिंघल का मामला पिछली बीजेपी सरकार के समय का है.

## क्विक न्यूज

### धनबाद की कशिश आईए व रांची की सृष्टि आईकॉम में स्टेट टॉपर

**रांची :** झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने मंगलवार को 12वीं आर्ट्स और कॉमर्स का रिजल्ट जारी किया. डीएवी प्लस टू स्कूल कतरासगढ़, धनबाद की कशिश परवीन 500 में से 469 नंबर लाकर आर्ट्स में स्टेट टॉपर बनी. वहीं उर्सूलाइन इंटर कॉलेज, रांची की सृष्टि कुमारी कॉमर्स में स्टेट टॉपर बनी. सृष्टि को 500 में से 480 अंक मिला. आर्ट्स में सातवें स्थान पर 4, आठवें स्थान पर 6, नौवें स्थान पर 3 और दसवें स्थान पर 3 विद्यार्थी टॉप टेन में शामिल हैं. कॉमर्स में तीसरे स्थान पर 4, चौथे स्थान पर 3, पांचवें स्थान 2, आठवें स्थान पर 3, नौवें स्थान पर 2 और दसवें स्थान पर 5 विद्यार्थियों ने टॉप टेन में जगह बनायी है. कॉमर्स में कुल 28382 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 25147 छात्रों ने सफलता पायी है. वहीं आर्ट्स में 225946 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें से 216856 उत्तीर्ण हुए हैं.

### 40 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द

**नई दिल्ली :** केंद्र सरकार ने देश के 40 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द कर दी है. जबकि ऐसे ही करीब 150 मेडिकल कॉलेजों की अभी भी रडार पर हैं. जानकारी के अनुसार जिन मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द की गई है उनमें जांच के दौरान कई तरह की कमियां पाई गई थी. इसके बाद ही इनकी मान्यता रद्द करने का फैसला लिया गया.अब तक जिन 40 मेडिकल कॉलेजों की मान्यता रद्द की जा चुकी है वो सभी गुजरात, असम, पुदुचेरी, तमिलनाडु, पंजाब, आंध्र प्रदेश, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल के हैं. अभी अन्य मेडिकल कॉलेजों की भी जांच की जा रही है, अगर जांच के दौरान ये कॉलेज भी मानक पर खरे नहीं उतरे तो इनकी मान्यता भी रद्द की जा सकती है.

### खड़गे के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

**नई दिल्ली :** कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने मंगलवार को पार्टी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राष्ट्रपति को मणिपुर में जारी हिंसा को लेकर ज्ञापन भी सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि हमारे लोगों की सुरक्षा सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होनी चाहिए। हम उम्मीद करते हैं कि सत्तारूढ़ शासन मणिपुर में सामान्य स्थिति बहाल करने के लिए ठोस कदम उठाएगा।

### महाराष्ट्र से कांग्रेस सांसद बालू धानोरकर का निधन, लोकसभा अध्यक्ष ने शोक जताया

**नई दिल्ली :** महाराष्ट्र के चंद्रपुर से कांग्रेस के लोकसभा सदस्य बालू धानोरकर का मंगलवार सुबह दिल्ली के मेदांता अस्पताल में निधन हो गया। मुंबई में महाराष्ट्र कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट ने यह जानकारी दी। धानोरकर 48 वर्ष के थे। उनके परिवार में पत्नी प्रतिभा धानोरकर और दो बेटे हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसद बालू भाऊ धानोरकर के निधन पर दुखद प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि जनता से गहरा जुड़ाव रखते हुए उन्होंने आमजन की आशाओं को सदन तक पहुंचाने और पूरा करने के लिए स्वयं को समर्पित किया। उनका निधन हम सब के लिए अपूरणीय क्षति है। बिरला ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना जताई है।

## भाजपा के महाजनसंपर्क अभियान की शुरूआत आज करेंगे पीएम मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को अजमेर में एक महारैली के जरिए देशभर में भारतीय जनता पार्टी के महाजनसंपर्क अभियान की शुरुआत करेंगे। भाजपा 30 मई से 30 जून के बीच इस अभियान को चलाएगी। यह अभियान केन्द्र में मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर चलाया जा रहा है। पार्टी का कहना है कि जनसंपर्क के माध्यम से सरकार की उपलब्धियां लोगों तक पहुंचाई जायेंगी और उनसे समर्थन की मांग की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चार साल पहले 30 मई को दोबारा प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। पार्टी ने नौ सालों की उपलब्धियां बताने के लिए एक वेबसाइट लांच की है।
समर्थन पाने के लिए पार्टी ने एक मोबाइल नंबर भी जारी किया है, जिस पर मिस कॉल दी जा सकती है।जनसंपर्क अभियान की जानकारी देते हुए पार्टी महासचिव तरुण चुग ने बताया कि पार्टी एक महीने में 51 महारैलियां आयोजित करेगी। इन्हें प्रधानमंत्री, गृह मंत्री, रक्षा मंत्री, परिवहन मंत्री और अनूय बड़े नेता संबोधित करेंगे। 500 लोकसभा स्तर पर 500 बड़ी रैलियां की जायेंगी। 600 पत्रकार वार्ता की जायेंगी। 5 लाख परिवारों से संपर्क किया जाएगा, उन्हें बुकलेट दी जाएगी और उनसे समर्थन मांगा जाएगा। विधानसभा स्तर पर रैलियां आयोजित की जायेंगी। बूथ स्तर पर भी सम्मेलन, प्रदर्शनी और अन्य गतिविधियां की जायेंगी। महाजनसंपर्क अभियान के लिए देश को 144 कलस्टर में बांटा गया है। इन कलस्टर में तीन से चार लोकसभा क्षेत्र आते हैं। हर कलस्टर में राष्ट्रीय नेतृत्व से जुड़े दो बड़े नेता आठ दिन मौजूद रहकर अभियान चलायेंगे। इसके लिए कुल 288 लोगों की सूची बनाई गई है, जिनमें केन्द्रीय मंत्रियों, संगठन के बड़े नेताओं और अन्य प्रमुख लोग शामिल किए गए हैं। पूरे अभियान में भाजपा के 16 लाख कार्यकर्ता तय किए गए हैं।

## पहलवानों को गंगा में मेडल बहाने से नरेश टिकैत ने रोका, सरकार को दिया 5 दिन का अल्टीमेटम

**मंगलवार को पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा था कि वह मेडल को गंगा में बहाने जा रहे हैं, क्योंकि जितना पवित्र गंगा को माना जाता है, उतनी ही पवित्रता से मेहनत कर उन्होंने मेडल हासिल किए थे.**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** कुश्ती संघ के अध्यक्ष और बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ धरना दे रहे पहलवानों के मामले में मंगलवार को काफी उठापटक हुई. रेसलर्स ने दोपहर में दावा किया कि वह शाम को अपने मेडल हरिद्वार पहुंचकर गंगा नदी में बहाएंगे.
मेडल बहाने के लिए पहलवान हरिद्वार में हर की पौड़ी पहुंच भी गए, लेकिन इस काम को अंजाम देने से पहले किसान नेता नरेश टिकैत ने वहां पहुंचकर पहलवानों को रोक लिया. टिकैत ने रेसलर्स को समझाते हुए मेडल अपने पास ले लिए और सरकार को 5 दिन का अल्टीमेटम दिया.बता दें कि मंगलवार को पहलवान बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट और साक्षी मलिक ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर कहा था कि वह मेडल को गंगा में बहाने जा रहे हैं, क्योंकि जितना पवित्र गंगा को माना जाता है, उतनी ही पवित्रता से मेहनत कर उन्होंने मेडल हासिल किए थे. उन्होंने ऐलान किया था कि गंगा में मेडल बहाने के बाद रेसलर्स दिल्ली में स्थित इंडिया गेट पर आमरण अनशन भी करेंगे.
दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर केंद्र सरकार पर निशाना साधा. उन्होंने कहा कि पूरा देश स्तब्ध है. पूरे देश की आंखों में आँसू हैं. अब तो प्रधान मंत्री को अपना अहंकार छोड़ देना चाहिये.
कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पहलवानों के समर्थन में ट्वीट किया.उन्होंने लिखा, भारत की बेटियाँ कह रहीं हैं कि ÷पुलिस और तंत्र÷ अब पवित्र नहीं रहा. पिछले कई दिनों से देश का सम्मान बढ़ानेवाली बेटियों के साथ जो हुआ है वो सब ने देखा है। मोदी जी, लाल कि़ले से महिला सम्मान का लंबा लेक्चर देते हैं, पर यौन शोषण का आरोपी को पूरा संरक्षण है.

## उत्कृष्ट विद्यालय प्रवेश परीक्षा में 37309 विद्यार्थी हुए शामिल

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** जमशेदपुर निवासी रूबी दास को अब उम्मीद है। उनकी बेटी अंजना दास भी इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई कर सकेगी। रूबी दास अपनी होनहार बेटी को आर्थिक समस्या की वजह से सीबीएसई संबद्धता प्राप्त स्कूल में पढ़ाई कराने में सक्षम नहीं थी। लेकिन मुख्यमंत्री के पहल पर शुरू की गई उत्कृष्ट विद्यालयों ने बेटी को अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा प्राप्त करने का रास्ता साफ कर दिया। यह कहते हुए रूबी दास का गला रूंध जाता है। ऐसे ही हजारों अभिभावकों के सपने आज आकार ले रहें। जब उनके बच्चे सरकार द्वारा शुरू किए गए उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु मंगलवार को पूरे राज्य के विभिन्न विद्यालयों में आयोजित चयन परीक्षा में शामिल हुए। मालूम हो कि झारखण्ड में पहली बार सरकारी स्कूलों का कायाकल्प कर उत्कृष्ट विद्यालय बनाने की मुख्यमंत्री के सार्थक प्रयास के बाद अभिभावकों में अपने बच्चे-बच्चियों के नामांकन को लेकर खासा उत्साह दिख रहा है। बड़ी संख्या में अभिभावकों द्वारा झारखण्ड सरकार की उत्कृष्ट विद्यालय की इस ऐतिहासिक पहल को सराहा जा रहा है।

### हर ओर दिखा उत्साह

प्रवेश परीक्षा देने आए बच्चों और उनके माता-पिता में खासा उत्साह देखने को मिला था। कई माता-पिता के लिए यह भावुक क्षण भी था। उनका सपना साकार हो रहा था। गरीबी उनके बच्चों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने में आड़े नहीं आ रही थी। कुल 11986 उपलब्ध सीट के लिए चयन परीक्षा में कुल 37309 विद्यार्थी शामिल हुए। सबसे अधिक देवघर में 3915, पलामू में 3344, लोहरदगा 2517, चतरा में 2352, सरायकेला -खरसावां में 1818, गिरिडीह में 1693, पूर्वी सिंहभूम में 1638, रामगढ़ में 1607, रांची में 1554 विद्यार्थी शामिल हुए।




### बढ़ाई गई थी आवेदन जमा करने की समय सीमा

अभिभावकों की मांग को देखते हुए उत्कृष्ट विद्यालयों में आवेदन जमा करने की समय सीमा 25 मई 2023 तक बढ़ाई गई थी। उसी के तहत मंगलवार को चयन परीक्षा का आयोजन हुआ। अब प्रथम मेधा सूची 7 जून को जारी होगा एवं 12 जून से मेधा सूची के अनुसार नामांकन प्रारंभ होगा।

## एके 56 के साथ दो नक्सली गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी:** पीएलएफआई नक्सलियों के खिलाफ खूंटी पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है. जेल में बंद तिलेश्वर गोप का एके 56 राइफल, 27 जिंदा कारतूस बरामद किया गया जबकि एक मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ भी किया है. जिसमें हथियार बनाने में इस्तेमाल लेथ मशीन, गन बनाने का मिलिंग मशीन और संगठन का दो पर्चा बरामद किया गया है. खूंटी एसपी अमन कुमार ने प्रेस कांफ्रेंस कर बताया कि पीएलएफआई का जोनल कमांडर तिलकेश्वर गोप का निजी हथियार एके 56 को मधुबन के जंगल में छिपाकर रखा गया था. नक्सलियों के छिपाए गए हथियार को तिलकेश्वर का सहयोगी सागेन आइंद और गौतम गोप संगठन के दूसरे सदस्य नीलांबर गोप और विश्राम कोंगाडी को देने वाला था. एसपी अमन कुमार को मिली सूचना पर डीएसपी ओपी तिवारी के निर्देशन पर चार थानों की पुलिस के साथ एक टीम बनायी गयी. टीम ने कार्रवाई करते हुए।सागेन आइंद और गौतम गोप को एके 56 के साथ मधुबन जंगल से ही गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार दोनों नक्सली सदस्यों के पास से पुलिस ने लोडड एके 56 समेत 27 पीस जिंदा कारतूस बरामद किया गया. गिरफ्तार नक्सलियों के निशानदेही पर मिनी गन फैक्ट्री के लिए मंगवाये गए गन फैक्ट्री का एक लेथ मशीन और गन फैक्ट्री का एक मिलिंग मशीन बरामद किया गया.

# जनता दरबार: फरियादियों की लगी भीड़
# डीसी ने समाधान का दिया आश्वासन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने लोगों की समस्याएं को बारी-बारी से सुना और निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि सीमांकन, भूमि विवाद, राशन, अवैध कब्जा आदि समस्याओं को लेकर लोग उपस्थित हुए। जनता दरबार में हरिहरगंज के ग्राम तुरी से आयी विधवा महिला फुलिया कुंवर ने उपायुक्त को बताया कि उनकी सामाजिक व आर्थिक स्थिति के मद्देनजर सरकार की ओर से उन्हें 2022-23 में अंबेडकर आवास का लाभ दिया गया है जिसके अंतर्गत प्रथम किश्त के रूप में उनके बैंक खाते में चालीस हजार रुपये की राशि भी उपलब्ध कराया गया है.महिला ने उपायुक्त को बताया कि आवास निर्माण कार्य को स्थानीय दबंगों द्वारा रोकवा दिया गया था जिसके बाद उपायुक्त के स्तर से हरिहरगंज के अंचलाधिकारी एवं थाना प्रभारी से सुस्पष्ट मंतव्य के साथ प्रतिवेदन की मांग की गई थी लेकिन दो माह बीत जाने के बाद भी संबंधित दोनों पदाधिकारियों द्वारा प्रतिवेदन वरीय पदाधिकारी को अप्राप्त है जिससे आज भी उनका आवास निर्माण कार्य लंबित है अतः उन्होंने उपायुक्त से इस मामले में उचित कार्रवाई की मांग की.इसी क्रम में मनातू के ग्राम कुंडलपुर से आये रीता देवी ने कुंडलपुर ग्राम में आंगनवाड़ी सेविका शोभा कुमारी द्वारा ग्रामसभा में फ़र्ज़ी मैट्रिक व इंटर के सभी कागजातो के जांच कराने की मांग की.वहीं रेहला से आये विपिन कुमार चौबे ने बताया कि उनके पिता का मृत्यु मेदनीनगर कारा में हो गयी था लेकिन आज तक उनको किसी प्रकार का प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया गया है अतः उन्होंने उपायुक्त से उच्च न्यायालय रांची के आदेशानुसार प्रोत्साहन राशि का भुगतान करवाने हेतु अनुरोध किया.इस प्रकार बारी-बारी से लोगों ने विभिन्न प्रकार की समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। डीसी श्री दोड्डे ने प्राप्त शिकायतों का समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। उपायुक्त ने विभिन्न मामलों को लेकर कई बीडीओ-सीओ को किया फोन जनता दरबार में आये विभिन्न फरियादियों के मामलों के निष्पादन हेतु उपायुक्त ने तरहसी सीओ, सदर एसडीओ, मनातू बीडीओ, विभिन्न अंचलाधिकारी समेत कई पदाधिकारियों को ऑन स्पॉट फोन कर मामलों का तेज़ गति से निष्पादित करने हेतु निर्देशित किया।

## नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में युवक गिरफ्तार भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** नीलांबर पितांबरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव से नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगाने के आरोप में पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम शोले निवासी 23 वर्षीय मुक्तेश्वर कुमार को गिरफ्तार कर मंगलवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। जबकि नाबालिक को मेदिनीनगर एमआरएमसीएच मे मेडिकल जांच एवं अन्य प्रक्रिया कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। इस संबंध में नीलांबर पितांबरपुर थाना प्रभारी गौतम कुमार राय ने बताया कि 15 मई को नाबालिक के परिजनों द्वारा नीलांबर पितांबरपुर थाना में आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया गया था। दिए गए आवेदन के अनुसार आरोपी नाबालिक को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। परिजन अपने अस्तर से हर संभव खोजने का प्रयास किए पर कुछ पता नहीं चला तत्पश्चात उन्होंने नीलांबर पितांबरपुर थाना में पहुंचकर आवेदन देते हुए मामला दर्ज कराया था। तकनीकी सहयोग से दोनों लोगों को पकड़ कर आरोपी को जेल भेज दिया गया एवं नाबालिक को मेडिकल जांच करा कर परिजनों को सौंप दिया गया है।

## विधायक ने किया दुकान का उद्घाटन



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद मनोज कुमार ने पंडवा में स्वीट्स दुकान का फीता काटकर किया उद्घाटन। पलामू जिले अंतर्गत पंडवा प्रखंड के पंडवा में छतरपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पुष्पा देवी और पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार ने स्वीट्स दुकान का उद्घाटन फीता काटकर किया। मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि आप युवाओं को प्रेरणा स्रोत है जो की बेरोजगारी में अपने रोजगार सृजन खुद कर रहे हैं उन्होंने कहा की बिज़नेस स्टार्ट कर लोग अपने जीवन का उत्पादन का साधन कर सकते है साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि सता में आने से पहले झारखंड के मुख्यमंत्री युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही थी जो अभी तक हाथी का दांत साबित हो रहा है। मौके पर भाजपा नेता सह पलामू के पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि झारखंड सरकार सिर्फ घोषणाएं की सरकार है सरकार बनाए चालीस महीने होने पर भी अभी तक एक भी युवा को रोजगार नहीं मिल पाया। इस मौके पर स्वीट्स दुकान के मालिक को भूरी भूरी प्रशंसा करते हुवे उन्होंने कहा की पंडवा में नए कार्ज़ की शुरुवात किए है साथ ही उन्होंने कहा की पंडवा में पवन कुमार और अक्षय कुमार जो स्वीट्स दुकान को खोले है लोगो को काफी सहूलियत मिलेगा। इस मौके पर भाजपा के मंडल उपाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय, विशुनदेव यादव, ओमप्रकाश मेहता, नरेश चंद्रवंशी, रमाकांत मेहता सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 4 जून को पूज्य स्वामी श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी का यज्ञ स्थल पर शुभागमन होगा

➲5 जून से यज्ञ स्थल पर प्रातः 7 बजे से 8 बजे तक मंगला आरती व शाम 5 बजे से 6 बजे तक स्वामी जी के श्रीमुख से प्रवचन होगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** विंध्य क्षेत्र अंतर्गत माँ बांकी की गोद मे बांकेबिहारी की निरन्तर बरस रही कृपा रूपी अमृतवर्षा से अभिसिंचित पाल्हे जतपुरा ग्राम में तीन दशक बाद एक बार फिर भव्य और दिव्य वैष्णव महाकुंभ के आयोजन का सौभाग्य प्राप्त हुआ है.हमसब बड़भागी है कि भारतवर्ष के महान तपोनिष्ठ संत पेूज्य श्रीलक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का संकल्पित चातुर्मास्य व्रत इस वर्ष झारखण्ड राज्य के विंध्य क्षेत्र में बसे जिले के पाल्हे जतपुरा ग्राम में आयोजित होगा.पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का शुभागमन आगामी 4 जून को यज्ञ स्थल पर होगा, जहां हजारो श्रद्धालु भक्त उनका स्वागत करेंगे.उक्त बातें यज्ञ समिति के अध्यक्ष बिरेन्द्र चौबे ने मंगलवार को यज्ञ स्थल पर आयोजित प्रेसवार्ता में कही.उन्होंने कहा कि श्री बंशीधर भगवान के 32 मन की स्वर्ण प्रतिमा के लिये देश विदेश में चर्चित श्री बंशीधर नगर इस वर्ष श्री भाष्यकार श्री रामानुजाचार्य स्वामी जी के सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति महामहोत्सव पूज्य श्री जीयर स्वामी जी के चातुर्मास्य व्रत व 25 तलीय 25 अलग अलग यज्ञ मंडपो में आयोजित होने वाले 1051 कुण्डात्मक श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ के लिये भी जाना जायेगा. उन्होंने कहा कि लगभग 5 महीने तक श्रद्धा भक्ति व आस्था रूपी त्रिवेणी के तट पर लगनेवाले महाकुम्भ में देश के कोने कोने से लाखों श्रद्धालु इस यज्ञ में आयेंगे. यह महाकुंभ झारखंड के लिए ऐतिहासिक ही नही होगा बल्कि एक नया कीर्तिमान स्थापित करेगा. उन्होंने कहा कि भारत वर्ष के महान मनीषी ब्रह्मलीन संत परमपूज्य श्री त्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी के परिव्राजक जीवन का चातुर्मास्य व्रत प्रवास हर साल किसी एक स्थान पर जेष्ठ माह की पूर्णिमा से अशिवन माह के पूर्णिमा तक होता है.इस वर्ष यह सौभाग्य विंध्य क्षेत्र की धरा पाल्हे जतपुरा ग्राम की पुण्य भूमि को हुआ है।

# बसरिया में पयहारी आश्रम में वार्षिक गुरुपूजन व भव्य भंडारा का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** बसरिया में श्री पयहारी जी महाराज आश्रम में हुआ वार्षिक पूजन सह भंडारा का आयोजन,कई गन्नेमान हुए शामिल। चैनपुर प्रखंड अंतर्गत बसरिया गांव में स्थित श्री पयहारी जी महराज के आश्रम पर वार्षिक पूजन और भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वार्षिक पूजन एवम भंडारा कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा के अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी, पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, भारतीय जनता पार्टी के विधायक आलोक चौरसिया, चैनपुर बिस्सुत्री के प्रखंड अध्यक्ष श्री रंजन कुमार दुबे, भाजपा नेता मनोज सिंह समेत कई गन्नेवान और हजारों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए। सभी लोगो ने सन्यासी बाबा से आशीर्वाद प्राप्त किया और महाभंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। इस मौके पर इंदर सिंह नामधारी और कई गन्नेवान लोग भी बताया की इस पूजा को लेकर सुबह से ही हवन के साथ पूजा कार्यक्रम आरंभ हो गया था। इस क्रम में आश्रम परिसर में विशाल महाभंडारा का भी आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में अनंत परमार्थ आश्रम के महाराज सन्यासी बाबा जी ने श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम को लेकर श्रद्धालुओं में काफी हर्ष व उत्साह का माहौल देखा गया। श्रद्धालुओं ने बताया की बाबा जी का वार्षिकोत्सव हर साल धूम धाम से मनाया जाता है। यहां भारी संख्या में लोग आकर सेवा कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करा कर एक अलग से अनुभूति प्राप्त करते हैं। आश्रम के सेवक रामलाल प्रसाद सोनी ने बताया कि बसरिया आश्रम में वर्षों से पहयारी बाबा का आशीर्वाद मिलता रहा है।

## प्रखंड कार्यालय पंडवा में बीडीओ ने किया जनता दरबार का आयोजन



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पंडवा प्रखंड कार्यालय में बीडीओ ने किया जनता दरबार का आयोजन। पलामू जिले के पंडवा प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने संयुक्त रूप से पंडवा प्रखंड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया जहां पर आए हुए जनताओं का समस्या सुना गया और उस पर समाधान के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रदेव प्रसाद ने बताया कि राज्य सरकार लोगो के सहूलियत के लिए जनता दरबार लगाने का निर्देश दिए है इसके लेकर जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है ताकि लोगो को त्वरित समस्या का समाधान मिल सके। इस संदर्भ में पंडवा बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद ने कहा कि प्रत्येक शनिवार को अनिवार्य रूप से अपने क्षेत्रांतर्गत पड़ने वाले थाना एवं ओपी में भूमि विवाद से संबंधित मामले को सुलझाने हेतु जनता दरबार का आयोजन करें। उन्होंने भूमि विवाद से संबंधित मामलों को संवेदनशील, अतिसंवेदनशील एवं अत्यंत संवेदनशील की श्रेणी में चिह्नित कर प्राथमिकता के आधार निष्पादन सुनिश्चित करने की बात कही। बताया की यदि अंचलान्तर्गत एक से अधिक थाना या ओपी अवस्थित होने की स्थिति में मुख्य थाना में अंचलाधिकारी स्वयं उपस्थित होकर एवं अन्य थाना व ओपी में राजस्व अधिकारी या कर्मचारी को प्रतिनियुक्त कर जनता दरबार का आयोजन कर भूमि विवाद से संबंधित मामलों का निपटारा करें। इस जनता दरबार में अधिकांश लोग मुख्य रूप से पेंशन, आवास, स्वास्थ्य तथा जमीन सीमांकन संबंधित समस्याओं को लेकर आए थे।

## थाना प्रभारी ने लिया बैंकों की सुरक्षा का जायजा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर, पलामू :** रामगढ़ में बैंक शाखा की सुरक्षा को लेकर पुलिस टीम ने भारतीय स्टेट बैंक शाखा का किया औचक निरीक्षण। रामगढ़ थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय व एसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश आलोक में रामगढ़ थाना क्षेत्र के भारतीय स्टेट बैंक शाखा में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहा पर उपस्थित पदाधिकारियों का अवासक दिशा निर्देश दिया। बैंकों के सीसीटीवी कैमरों, सिक्यूरिटी, अलार्म और गार्ड की तैनाती जैसी चीजों को देखा और बैंकों को सुरक्षा के साधन दुरूस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की बैंक में बिना काम से अगर कोई भी घुसता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही कहा की किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के दिखाई पड़ने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दे। मौके पर मौजूद बैंक सुरक्षा में तैनात गार्ड को थाना प्रभारी प्रभात रंजन रॉय ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैंक के गार्ड को उन्होंने समय पर बैंक पहुंचने और बैंक बंद होने पर ही वहां से प्रस्थान करने का निर्देश दिया। बैंक के अगल-बगल व सामने के दुकानों का भी थानाप्रभारी ने निरीक्षण किया।

## प्रक्षेत्र दिवस सह किसान गोष्ठी का किया गया आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** प्रखंड कार्यालय परिसर स्थित एग्री क्लिनिक सेंटर(भारतीय लोक कल्याण संस्थान)में आत्मा के तत्वावधान में मंगलवार को प्रक्षेत्र दिवस सह किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया.गोष्ठी में बीटीएम दयानंद पांडेय,एग्री क्लिनिक सेंटर के प्रखंड समन्वयक सरोज सोनकर, जे एस एल पी एस के एफटीसी अनुज कुमार ने गोष्ठी में उपस्थित किसानों व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को खरीफ मौसम में होने वाले मोटे अनाज, कृषि ऋण माफी, टपक सिंचाई, गोवर्धन की खेती तथा जैविक खेती के बारे में विस्तार से जानकारी दिया.गोष्ठी में खासकर मोटे अनाज यथा ज्वार, बाजरा, मडुआ आदि के बारे में विस्तार से चर्चा किया गया। गोष्ठी में 200 मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण भी किया गया। गोष्ठी में शिवकुमार राम, दीपक कुमार, नीलू देवी, आशीष कुमार, बालदेव खलखो, पल्लवी रानी, किसान मित्र सुदेश्वर विश्वकर्मा, दिलीप पटेल, अरुण कुमार चौबे, आशिष कुमार, मुकेश शुक्ल, विपिन बिहारी सिंह, बिमला देवी, नीलू देवी, कृति राय सहित प्रगतिशील किसान भी उपस्थित थे।

# स्थानीय भोजपुरी गायक विजय बवाली गिरफ्तार

➲मारपीट के एक मामले में पुलिस को थी तलाश, भेजा गया जेल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** स्थानीय भोजपुरी गायक विजय बवाली उर्फ विजय विश्वकर्मा को विश्रामपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया.थाना प्रभारी शशि रंजन ने बताया कि विजय विश्वकर्मा विश्रामपुर थाना कांड संख्या 58/23 का नामजद प्राथमिक अभियुक्त है.उसपर मारपीट का मामला दर्ज है।वह पिछले कुछ दिनों से फरार चल रहा था। गुप्त सूचना वे आधार पर आज उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। दहेज उत्पीड़न मामले में एक महिला गिरफ्तार विश्रामपुर पुलिस ने घरटिया गांव से एक महिला को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है.थाना प्रभारी शशि रंजन बताया कि घरटिया के उर्मिला देवी पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज था.जो विश्रामपुर थाना कांड संख्या 28/23 की नामजद प्राथमिक अभियुक्त थी। उर्मिला देवी पर दहेज के लिये अपनी देवरानी को प्रताड़ित करने का आरोप है।

## कलश यात्रा के साथ लक्ष्मी नारायण महायज्ञ प्रारंभ



**मेदिनीनगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सतबरवा रामघाट में श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मंगलवार को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हो गया। ज सैकड़ों भक्त के साथ झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी भी शामिल हुए और लोगों को शुभकामनाएं दी। श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में शामिल होंने आए के एन त्रिपाठी ने कहा कि यज्ञ से प्रखंड के पूरे क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि आती है। सतबरवा रामघाट में आयोजित श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर मंगलवार को यज्ञ मंडप से कलश यात्रा निकली, जिसमें सैकड़ों भक्त ,महिला ,पुरुष जय श्री राम, हर हर महादेव का जयकारा लगाते हुए पुराना बस पड़ाव पहुंचे ,जहां पर राधा कृष्ण मंदिर के प्रांगण में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर पुनः कलश यात्रा आरंभ हुआ, जो क्रांति चौक ,मेलाटांड मां काली मंदिर, मस्जिद मोहल्ला, महावीर चौक होते हुए यज्ञ मंडप स्थल पर पहुंची। मुख्य यजमान संतोष प्रसाद पत्नी के साथ कलश लिए बच्ची व महिलाओं ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच यज्ञ मंडप में कलश स्थापित किया। वही महायज्ञ 31 मई को पंचांग पूजन ,मंडप प्रवेश तथा 1 जून को देव पूजा, 2 जून को लक्ष्मीनारायण सहस्त्र अर्चना, 3 जून को पूजन यज्ञ पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन किया गया है, जबकि 30 मई से 3 जून तक रात्री में भागवत कथा का आयोजन किया गया है। इस पूरे कार्यक्रम को योगाचार्य वाचस्पति शास्त्री जी के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। इस मौके पर यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष निर्दोष कुमार, जिप सदस्य सुधा कुमारी, विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, सामाजिक कार्यकर्ता अजय उरांव, सुरेंद्र प्रसाद, कृष्णा पासवान, झूलन चौधरी, सुदेश्वर सिंह , प्रकाश प्रसाद, संजय प्रसाद, चंदन प्रसाद, सुजीत कुमार, अभय कुमार के साथ सैकड़ों भक्त उपस्थित थे।

# कर्मा-पालहे जैसी सुदूरवर्ती क्षेत्रों में ग्रामीणों ने श्रमदान करके पहाड़ पर 3 किमी सड़क बनाया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नौडीहा बाजार :** नौडीहा बाजार प्रखंड मुख्यालय से करीब 25 किमी की दुरी पर अति सुदूरवर्ती पंचायत करकटा के अंतर्गत पालहे कर्मा गाँव करीब 2000 मीटर की उच्चाई पर बसी हुई आदिम जाति के लोग निवास करते है ,और ग्रामीणों ने भीषण गर्मी के आहट से परेशान वहाँ के लोग अस्त व्यस्त है। पानी के व्याकुलता के कारण ग्रामीणों ने अपना निजी खर्च कर और अपना श्रमदान से 2000 मीटर के शिखर पर सड़क का निर्माण किया। बताते चलें कि पालहे -करमा गांव में नक्सली की दस्ता के अड्डा था, इस लिए ग्रामीणों के बीच काफी दशहत रहती थी। आज निर्भीक होकर ग्रामीणों ने बहुत अलग निर्णय लिया कि आवागमन के लिए सड़क बनाने की फैसला लिया और श्रमदान कर के सड़क बनाया। आज के गत जनवरी माह मे पलामू के डीसी साहेब भी 2000 मीटर पहाड़ पर पैदल चढे थे, और वहाँ के ग्रामीणों मे मुलकात कर कुछ सामग्री के वितरण भी किए थे। आजादी के बाद पहेली बार वैसे क्षेत्र के पदाधिकारी ने सुधी लिया यह गौरव की बात है। वहाँ अभी भी पानी पीने के लिए काफी दिक्कत है और आज भी 1 किमी की दुरी से पानी लाकर पीते है। और आज भी पहाड़ के नीचे साईकिल और बाइक लगा कर ऊपर पहाड़ पर चढ़ कर उस गाँव तक जाते थे। लेकिन ग्रामीणों ने श्रमदान कर 3 किमी की दुरी तक सड़क का निर्माण किया ताकि आसानी से किसी प्रकार के सुविधा हमलोग तक पहुँच सके। आज लोगों के बीच खुशी का माहौल देखने के लिए मिल रहा है। सड़क निर्माण के तत्पश्चात् पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि रामबली पासवान,पंचायत समिति सदस्य के प्रतिनिधि जनेश्वर राम शिक्षक,पूर्व मुखिया प्रत्याशी भगवान यादव, निर्माण समिति के अध्यक्ष गोपाल सिंह ने वैदिक मंत्रोचारण कर पूजा अर्चना के बाद फीता काट कर सड़क का शुभांरभ किया गया।

## धड़ल्ले से हो रहा बालू का अवैध खनन व परिवहन

# अवैध परिवहन के क्रम अनियंत्रित ट्रैक्टर ने बाउंड्री वाल तोड़ा, ग्रामीणों में आक्रोश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** सरकारी आंकड़ों में बालू का अवैध खनन व परिवहन बिल्कुल ही बंद है। बावजूद सरकारी निर्देश व अधिकारियों को ठेंगा दिखाते हुए बालू माफिया रात हीं नहीं दिन के उजाले में भी लालगढ़ कोयल नदी से बालू का अवैध खनन व परिवहन धड़ल्ले से करते रहे है। मंगलवार की सुबह के लगभग 9ः00 बजे बालू से भरी एक ट्रैक्टर विश्रामपुर थाना क्षेत्र के सेवरा गांव पहुंचीं। जहां बालू गिराने के क्रम में ट्रैक्टर ने रामजी यादव के बाउंड्री वाल को धक्का देकर गिरा दिया। इसमें रामजी यादव को लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हुआ। स्थानीय लोगों के द्वारा गाड़ी को पकड़ कर रखा गया है। साथ हीं बालू के अवैध खनन व परिवहन कि शिकायत अंचलाधिकारी व थाना प्रभारी से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। देखना है कि क्या जिम्मेवार लोगों के द्वारा बालू के अवैध खनन और परिवहन पर रोक लगाई जाएगी या पूर्ववत जारी रहेगा। विदित हो कि लालगढ़ कोयल नदी से प्रत्येक रात लगभग 20 ट्रैक्टर के द्वारा बालू का अवैध खनन व परिवहन का कार्य किया जाता हैं। रात भर गाड़ियों के परिचालन से लोगों को परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। गाड़ियों के हड़बड़ाहट की आवाज से रात में लोग सो नहीं पाते। जिसकी शिकायत भी जिम्मेवार लोगों से की जाती रही है। बावजूद जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी बालू की अवैध उत्खनन पर रोक नहीं लगाई जा पा रही है। दर्जनों गाड़ियां रात भर अवैध उत्खनन कर ग्रामीण क्षेत्रों में मोटी राशि में बेच रहे हैं।

## मृतका के भाई ने कई लोगों के खिलाफ थाना में दर्ज कराया हत्या का मामला

**रमना (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के टंडवा निवासी मृतका साहिदा बीबी हत्याकांड में मृतका के भाई गढ़वा के चिरौंजिया निवासी नौशाद अली ने साहिदा को हमेशा प्रताड़ीत करने तथा हत्या करने का मामला रमना थाना मे दर्ज कराया है। इधर रमना थाना पुलिस ने हत्या सहीत कई धाराओं मे सात लोगों पर मामला दर्ज कर अनुसंधान तेज कर दिया है। नौशाद ने कार्रवाई के लिए रमना थाना मे दिए आवेदन में कहा है कि साहिदा की शादी दस वर्ष पुर्व जैनूल अंसारी के साथ किया गया था। शादी के कुछ दिनों तक सब अच्छा चल रहा था लेकिन इसके बाद स्वजनों के द्वारा लगातार प्रताड़ीत किया जाने लगा।कई बार हमलोगों ने चिरौंजिया से जाकर टंडवा मे पंचायती भी किया है।नौशाद ने बताया कि अंदेशा है कि साहिदा के स्वजनों ने ही हत्या किया है। नौशाद के आवेदन पर रमना थाना पुलिस ने अब्बदुल अजीज अंसारी, मोहम्मद अली अंसारी, इमत्याज अंसारी, मजिद अंसारी, नाजमा बीबी, ताहीर अंसारी तथा लैलून बीबी पर मामला दर्ज करते हुए अनुसंधान तेज कर दिया है।

# विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने किया गांवों का दौरा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेड़ो :** बेड़ो प्रखंड के चचकपी पंचायत के चनगनी, करांजी पंचायत के नगड़ी टोली व खत्री खटंगा गांव का मंगलवार को विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने भ्रमण किया। इस दौरान विधायक चनगनी गांव में विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने मुस्लिम कब्रिस्तान चाहरदीवारी निर्माण शिलान्यास किया। वहीं ग्रामीण से मिलकर बैठक कर गांव की समस्याओ को सुना, कुछ समस्या तत्काल समाधान किया वहीं कुछ समस्याओ का जल्द निदान करा देने भरोसा भी दिलाया। विधायक ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं के बारे मे भी जानकारी दिया, और उसका लाभ लेने को भी कहा। विधायक करांजी पंचायत के ग्रामीणों को यह भी बतलाया कि पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र मे सभी जगह पानी की बहुत समस्या है, पर झारखंड सरकार ने इसका तोड़ निकला है और जल मिशन योजना के तहत हर घर जल नल योजना निकला गया है, और इसके लिए आपका गांव का भी सर्वे हुआ है, और इसका शिलान्यास भी कर दिया है। इस योजना के तहत पूरे पंचायत के सभी गांव के घर घर मे पम्प के माध्यम से पानी पहुँचाया जायेगा। और पानी की समस्याओ से सभी को दूर किया जायेगा। विधायक सरकारी योजना वृद्ध- विधवा पेंशन, अम्बेडकर आवास, सिचाई कूप व अन्य योजनाओं की जानकारी दिया जो अभी आया हुआ और उसका लाभ लेने को कहा, विधायक ने फॉर्म एवं कागज पत्र की प्रकिया भी बतलाया। मौके पर जिला परिषद बेरोनिका, उप प्रमुख मोदासीर हक, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष प्रो0 करमा उराँव, विधायक प्रतिनिधि सोमरा लोहरा, संजय कच्छप, देवनीश सहित कई लोग उपस्थित थे।

# शत प्रतिशत रहा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरनीराय का 12वीं का परीक्षा फल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** झारखंड आद्यविद्य परिषद द्वारा घोषित 12 वीं के परीक्षा परिणाम में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर पुरानीराय के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने स्कूल और कोयलांचल क्षेत्र का नाम रोशन किया है।स्कूल प्रबंधन से मिली जानकारी के मुताबिक इस परीक्षा में स्कूल के कुल 59 विद्यार्थी शामिल हुए,जिसमें 46 विद्यार्थी प्रथम और 13 विद्यार्थी द्वितीय स्थान से सफल हुए। स्कूल की दीपिका कुमारी 81.8 प्रतिशत अंक लाकर स्कूल की टॉपर बनी।वही रिया कुमारी 81 प्रतिशत, मुस्कान कुमारी 80.6 प्रतिशत,कुसुम कुमारी 79.6 प्रतिशत,रीता कुमारी 78 प्रतिशत,मुनिका कुमारी और पुष्पा कुमारी 77.6 प्रतिशत, संजना कुमारी 77 प्रतिशत, पवन कुमार 76.4 प्रतिशत, और लक्ष्मी कुमारी 75.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। वही मुस्कान कुमारी अंग्रेजी में 74 प्रतिशत,नेहा कुमारी हिंदी में 85 प्रतिशत,दीपिका कुमारी इतिहास में 87 प्रतिशत,रिया कुमारी राजनीति विज्ञान में 88 प्रतिशत,संजना कुमारी समाजशास्त्र में 81 प्रतिशत, मुस्कान कुमारी भूगोल में 81 प्रतिशत,विनोद कुमार खोरठा में 79 प्रतिशत और मुस्कान कुमारी अर्थशास्त्र में 69 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। स्कूल के बच्चों के द्वारा इस बेहतर प्रदर्शन पर स्कूल के प्राचार्य गणेश कुमार महतो ने सभी सफल बच्चों को बधाई दी है।

# आरवीएम के प्रतिनिधिमंडल ने गिद्धौर थाना प्रभारी को किया सम्मानित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पिपरवार :** रैयत विस्थापित मोर्चा पिपरवार एरिया कमेटी का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को चतरा जिले के गिद्धौर थाना में पदस्थापित कन्हैया कुमार यादव को सम्मानित किया।मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने बताया कि श्री यादव इससे पूर्व पिपरवार थाना में सब इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है,उनके बेहतर कार्य को देखते हुए उन्हें गिद्धौर का नया थाना प्रभारी बनाया गया है।मोर्चा के लोगों ने उन्हे बुके एंव अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया, साथ ही बेहतर प्रशासनिक, नागरिकों से समन्वय बनाकर,आम जनता के हित मे काम करने की कामना किया।मौके पर मोर्चा के केंद्रीय उपाध्यक्ष इक़बाल हुसैन, केंद्रीय सदस्य इदरीस अंसारी,मोहम्मद जुलफ़ान,लियाक़त अंसारी, मोहम्मद जहांगीर सहित कई लोग मौजुद थे।

# मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना को लेकर बीडीओ ने पंचायत समिति सदस्यों के साथ किया बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत बरही प्रखंड सह अंचल सभागार में मंगलवार को बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार की अध्यक्षता में पंचायत समिति सदस्यों के साथ बैठक हुई। मौके पर प्रमुख मनोज रजक उपस्थित थे। वहीं सीबीआई बैंक, पीएनबी बैंक, बीओआई बैंक के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे। बैठक में उक्त योजना के कार्यान्वयन स्वीकृति पर चर्चा की गई। बीडीओ ने बताया कि ग्राम गाड़ी योजना से आम लोगों की बड़ी राहत मिलेगी, सरकार की इस योजना का उद्देश्य गांव से प्रखंड जिला मुख्यालय एवं शहर तक आवागमन की सुविधा बहाल करना है। इससे गांव के किसान मजदूर, छात्र छात्राओं को शहर तक आने में सुविधा होगी। वहीं मरीजों के लिए अस्पताल तक पहुंचना सुलभ होगा। योजना में शामिल होने वाले वाहन मालिकों को भी सरकारी टैक्स में भी बड़ी राहत दी जाएगी। बंधन एवं परमिट में भारी आर्थिक बोझ से छुटकारा मिल जाएगा। साथ ही कहा कि इस योजना के तहत वाहन संचालन पर सरकार द्वारा छूट दी जाएगी। प्रखंड स्तर पर लिए गए प्रस्ताव को जिला भेजा जाएगा, और राज्य स्तर से स्वीकृति मिलने के बाद वाहनों का संचालन किया जाएगा। इस योजना के तहत वैसे हल्के और मध्यम दर्जे के व्यावसायिक चार पहिया वाहन, जिसकी क्षमता चालक को छोड़कर 42 यात्रियों को ले जाने की होगी, उन्हें परमिट व अन्य सुविधाएं दी जायेगी। इसके तहत वाहनों को अस्थायी परमिट नहीं दिया जायेगा। एक बार में पांच वर्ष या आदेश में जितने समय की अवधि दी जायेगी, वह प्रभावी होगा। वाहनों को पहली बार परमिट देने की तिथि से पांच वर्षो की अधिकतम अवधि के लिए रोड टैक्स में छूट दी जायेगी। परमिट व निबंधन शुल्क के तौर पर सिर्फ एक रुपया लिया जायेगा। नये वाहन लेने पर 20 प्रतिशत की छूट भी दी जायेगी। मौके पर पंचायत समिति सदस्य में प्रभु यादव, विक्रम सिंह, बसंती देवी, मनोज कुमार यादव, जितेंद्र कुमार दिव्य, नवल किशोर सिंह, रेखा देवी, मो तैयब, मो युसुफ, पंसस प्रतिनिधि में कामेश्वर रविदास, मो सागिर आदि उपस्थित थे।

## विधायक ने की पीड़ित परिवार से मुलाकात

**बेड़ो :** प्रखंड के मुरतो पंचायत के लेड़ाटोली में पिछले दिन सोमे उरांव के घर में आग लगने से पूरे घर का सारा सामान जल कर राख हो गया। आगजनी से सोमे उरांव को हजारों रूपए की क्षति हुई। इसकी जानकारी विधायक शिल्पी नेहा तिर्की को पार्टी कार्यकर्ताओ व ग्रामीणों द्वारा मिलने के पश्चात मंगलवार को विधायक पीड़ित परिवार के घर पहुंची। पीड़ित परिवार से मिलकर घटना की जानकारी लिया। क्षतिग्रस्त घर का निरीक्षण कर क्षति का मुआयना किया। विधायक ने पीड़ित परिवार को अपने ओर से आर्थिक मदद के तोर पर सहायता राशि दिया। स्थानीय डीलर से मिलकर दो बोरा राशन की व्यवस्था कराया। साथ ही सरकार द्वारा जो सरकारी मदद का प्रावधान है उसे दिलाने का आश्वासन भी दिया। मौके पर जिला परिषद बेरोनिका उरांव, उप प्रमुख मोदासीर हक, पार्टी प्रखंड अध्यक्ष करमा उरांव, विधायक प्रतिनिधि संजय कच्छप, सोमरा लोहरा, कार्यकर्ता सिल्वेस्टार कच्छप, पंचायत अध्यक्ष इम्तियाज आलम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मंडा पूजा की भव्य तैयारी

**नामकुम (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चतरा पंचायत के चतरा में इस वर्ष पूरे धूम धाम के साथ शिव मंडा पूजा समिति द्वारा मंडा पूजा मनाया जायेगा। रविवार को डगर, मंगलवार को भोगता मुंडन एवम पाटलियावन, गुरुवार को उतरी जनेऊ, शुक्रवार संजोत, शनिवार फुलखूंदी एवम छो नृत्य, रविवार को भोगता झूलन का आयोजन किया गया हैं। इसकी जानकारी समिति के वरिष्ठ सदस्य सकुल महतो, सुरेश महतो, आकाश कुमार महतो, पूर्व मुखिया सोहन मुंडा ने सयुक्त रूप से दी।

## लिंक फेल होने से ग्राहक परेशान

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मुरी के झारखंड मोड़ स्थित बैंक, ऑफ इंडिया मे मंगलवार को सुबह से ही लिंक फेल होने से उपभोक्ता परेशान हो गए! एक तो कड़ाके की धुप ऊपर से उमस भरी गर्मी! दुर दराज से आए बुढ़े बुजुर्ग सुबह से ही बैंक मे लाइन लगाए खड़े थे, लेकिन लिंक फेल होने से सभी उपभोक्ता निराश हो गए! कई लोग तो लिंक आने का आश लगाए बैठे रहे और कई लोग तो घर वापस चले गए! ग्राहकों से पुछने पर उन्होंने बताया की आए दिन बैंक का लिंक फेल रहता है हमलोग घर का काम काज छोड़कर आते है और लिंक फेल होने से वापस चले जाना पड़ता है।

## दामोदर नदी तट पर लगा गंगा दशहरा मेला, हजारों की भीड़ उमड़ी

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मैकलुस्कीगंज के पावन धरती व दामोदर नही तट की धरा में प्रत्योक वर्ष के भांति इस वर्ष भी गंगा दशहरा मेला का आयोजन किया गया। गंगा दशहरा मेला के मुख्यातिथि के रूप से उपस्थित बिगन सिंह भोगता,व विशिष्ट अतिथि पश्चिमी जिला परिसद सदस्य सरस्वती देवी,विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर शर्मा,भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेन्द्र शर्मा मौजूद थे। इस दौरान मुख्य अतिथियों ने मेला में आये हज़ारो के भीड़ को संबोधित करते हुये कहा कि दामोदर नदी तट के पावन धरा में संस्कृति व संस्कार का समागम देखने को मिलता है। हमारा संस्कृति जो सत्य है संतान है, जो कण कण कंकर को भी पूजते है,हम नदी की जल धारा को पूजते आ रहे है। हमे अपनी संस्कति और सभ्यता पर गर्व है। इसी संकृति सम्भयत के कारण जगह जगह जल मिल जाता है,जगह जगह छाया मिल जाता है। और मेला हमे रिश्तों को जोडने का सिख देता है। वही गंगा दशहरा मेला दूर दराज से लपरा,मायापुर, खलारी, राय, मुरपा, सीरम,डुमरो, निंद्रा,चँदवा,दुल्ली, केडल, चान्हो सहित अन्य जगहों से लगभग हज़ारो की संख्या में मेला घूमने आये। हज़ारो की भीड़ और लोगो मे मेला घूमने का उत्सह में मैकलुस्कीगंज पुलिस मुस्तैद दिखी।गंगा दशहरा मेला का मंच संचालन रामलखन गंझू ने किया। वही मेला के संचालन में अध्यक्ष अनन्त मुण्डा,उपाध्यक्ष मनीष भगत,सचिव रविन्द्र मुंडा,कोषाध्यक्ष विशेश्वर मुंडा, उपसचिव रामधारी गंझू,ग्राम प्रधान हरि पहान, बिनय खलखो, अमृत भोगता,शशि प्रासाद साहू, प्रभाकर गंझू,शिवनारायण लोहरा,हेमलाल गंझू,रामधारी गंझू,कुलदीप साहू सहित अन्य बड़ी संख्या में संचालन समिति का योगदान रहा।


## वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, झारखण्ड सरकार, राँची वन प्रमण्डल, राँची

**आम नीलामी सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस प्रमण्डल के अंतर्गत विभागीय वाहनों की आम नीलामी निम्नलिखित विवरणी अनुसार की जानी है।

(क) नीलामी का स्थान– राँची, नीलामी का समय– 12.00 बजे पूर्वाह्न, नीलामी की तिथि– 10.06.2023 वन प्रमण्डलीय कार्यालय, ब्लॉक–एफ0, डोरण्डा, वन भवन, राँची।

(ख) आम नीलामी हेतु वाहनों की सूची निम्नवत है–

| क्र0 सं0 | वाहन का प्रकार | निबंधन सं0 | वाहन की वर्त्तमान स्थिति | स्थान/कार्यालय प्रांगण जहाँ वाहन रखा हुआ है। |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टाटा इंडिगो | JH01BD- 6428 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 2. | एम्बेसडर | JH01J- 4728 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 3. | स्टीम | JH01Q- 0171 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 4. | ओमनी | JH01J- 3559 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 5. | स्टीम | JH01Q- 0625 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 6. | बोलेरो | JH01L- 1046 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 7. | बोलेरो | JH01L- 1047 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 8. | एम्बेसडर | JH01F- 9805 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 9. | एम्बेसडर | JH01H- 9309 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 10. | स्टीम | JH01G- 0170 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 11. | जिप्सी | JH01F- 2554 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 12. | स्टीम | JH01G- 0169 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 13. | स्टीम | JH01G- 0172 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 14. | बोलेरो | JH01Q- 8426 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 15. | स्टीम | JH01Q- 0173 | चालू हालत में नहीं। | वन भवन परिसर डोरण्डा, राँची। |
| 16. | एम्बेसडर | JH04A- 8554 | चालू हालत में नहीं। | नेपाल हाउस डोरण्डा, राँची। |
| 17. | मार्शल | JH01N- 0122 | चालू हालत में नहीं। | राज्य वन प्रशिक्षण संस्थान, महिलौंग। |

आम नीलामी की तिथि एवं समय पर इच्छुक क्रेता (पैन कार्ड धारक), कुल रू0– 2000.00 (दो हजार) रूपये ड्राफ्ट के रूप में जो भारतीय स्टेट बैंक, डोरण्डा शाखा में भुगतेय हो, वन प्रमण्डल पदाधिकारी, राँची वन प्रमण्डल, राँची के पदनाम से जमा करना होगा तथा पैन कार्ड की छायाप्रति भी समर्पित करेगें। पैन कार्ड के बिना क्रेता नीलामी में भाग नहीं ले पायेगें। वाहनों की बिक्री जहाँ है, जैसा है के आधार पर उच्चत्तम डाक वक्ता को की जाएगी। गेट मनी की राशि सफल क्रेता के बिक्री राशि में समायोजित कर ली जाएगी तथा असफल क्रेता के गेट मनी की राशि वापस कर दी जाएगी। बिक्रीत वाहनों की सक्षम पदाधिकारी द्वारा बिक्री मूल्य के अनुसमर्थन (रेटीफिकेशन) के पश्चात् सफल क्रेता को शेष राशि अविलम्ब जमा करना होगा तथा वाहन का उठाव 30 दिनों के अन्दर कर लेना होगा। किसी भी नीलामी को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। बिक्री मूल्य एवं उस पर लगने वाले सभी देय कर एवं शेष (जैसे– जी0एस0टी0, आयकर, सरचार्ज आदि) सफल क्रेता को किसी राष्ट्रीयकृत बैंक के अलग–अलग डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से जमा करना होगा।

आम नीलामी हेतु निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी कार्य दिवस में वन प्रमण्डल, कार्यालय राँची से सम्पर्क कर विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है एवं इच्छुक क्रेता को नीलामी से संबंधित फार्म प्रमण्डल कार्यालय से निःशुल्क रूप से दिनांक– 08.06.2023 तक किसी भी कार्य दिवस में ब्लॉक–एफ0 के ग्राउण्ड फ्लोर से प्राप्त कर लें।

वन प्रमण्डल पदाधिकारी
राँची वन प्रमण्डल, राँची।

PR.NO.298638 Forest, Environment and Climate Changes(23-24):D



## कार्यालय, जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा

**–:आमसूचना :–**

''प्रथम विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन''

पशुओं में होने वाले संक्रामक एंव अन्य बीमारियों की चिकित्सा व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा पशुपालकों में जागरूकता लाने के लिए विभाग द्वारा दो दिवसीय (पंचायत स्तरीय) विशेष पशुचिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सूची निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | प्रखण्ड का नाम | पंचायत | | शिविर स्थल का नाम | दिनांक | पशुचिकित्सक/ कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | मो0 न0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | कोडरमा | 1 | जरगा | पंचायत भवन | 09.06.2023<br>10.06.2023 | 1. डॉ0 निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया।<br>2. श्री शंकरदयाल शर्मा (पशुधन सहायक) | 9934748130 |
| | | 2 | गझन्डी | पंचायत भवन | 12.06.2023<br>13.06.2023 | | |
| | | 3 | झुमरी | पंचायत भवन | 14.06.2023<br>15.06.2023 | | |
| | | 4 | छतरबर | पंचायत भवन | 16.06.2023<br>17.06.2023 | | |
| | | 5 | कोलगरमा | पंचायत भवन | 18.06.2023<br>19.06.2023 | | |
| | | 6 | लोकाई | पंचायत भवन | 06.06.2023<br>07.06.2023 | 1. डॉ विनिता कुमारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, करमा।<br>2. श्री विनोद तिवारी (अनुसेवक) | 9431537040 |
| | | 7 | इन्दरवा | पंचायत भवन | 08.06.2023<br>09.06.2023 | | |
| | | 8 | खरकोटा | पंचायत भवन | 10.06.2023<br>12.06.2023 | | |
| | | 9 | पांडेयडीह | पंचायत भवन | 13.06.2023<br>14.06.2023 | | |
| | | 10 | लरियाडीह | पंचायत भवन | 15.06.2023<br>16.06.2023 | | |
| | | 11 | पथलडीहा | पंचायत भवन | 17.06.2023<br>19.06.2023 | | |
| | | 12 | चाराडीह | पंचायत भवन | 21.06.2023<br>22.06.2023 | | |
| | | 13 | करमा | पंचायत भवन | 23.06.2023<br>24.06.2023 | | |
| | | 14 | बेकोबारउत्तर | पंचायत भवन | 27.06.2023<br>28.06.2023 | | |
| 02 | सतगाँवा | 15 | मरचोई | पंचायत भवन | 05.06.2023<br>06.06.2023 | 1. डॉ रविकांत प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, सतगांवा<br>2. श्री मनोज कुमार (पशुधन सहायक) | 8540956364 |
| | | 16 | ईटाय | पंचायत भवन | 08.06.2023<br>09.06.2023 | | |
| | | 17 | राजाबार | पंचायत भवन | 10.06.2023<br>12.06.2023 | | |
| | | 18 | नावाडीह | पंचायत भवन | 13.06.2023<br>14.06.2023 | | |
| | | 19 | खुट्टा | पंचायत भवन | 15.06.2023<br>16.06.2023 | | |
| | | 20 | अम्बाबाद | पंचायतभवन | 17.06.2023<br>18.06.2023 | | |
| | | 21 | कोठियार | पंचायत भवन | 21.06.2023<br>22.06.2023 | | |
| | | 22 | समलडीह | पंचायत भवन | 23.06.2023<br>24.06.2023 | | |
| | | 23 | बासोडीह | पंचायत भवन | 26.06.2023<br>27.06.2023 | | |
| 03 | जयनगर | 24 | सतडीहा | पंचायत भवन | 21.06.2023<br>22.06.2023 | 1. डॉ0 निर्मला मिंज भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, तिलैया।<br>2. श्री विशुन महतो (रात्रि प्रहरी ) | 9934748130 |
| | | 25 | योगियाटिल्हा | पंचायत भवन | 23.06.2023<br>24.06.2023 | | |
| | | 26 | तमाई | पंचायत भवन | 25.06.2023<br>26.06.2023 | | |
| | | 27 | करियाँवा | पंचायतभवन | 27.06.2023<br>28-06-2023 | | |
| | | 28 | पिपचो | पंचायत भवन | 09.06.2023<br>10.06.2023 | | |
| | जयनगर | 29 | गोहाल | पंचायत भवन | 12.06.2023<br>13.06.2023 | 1. डॉ0 तीनी एक्का भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, जयनगर ।<br>2. श्री रजनीश कुमार (पशुधन सहायक) | 9931742693 |
| | | 30 | जयनगरपूर्व | पंचायत भवन | 14.06.2023<br>15.06.2023 | | |
| | | 31 | जयनगरपश्चिम | पंचायत भवन | 16.06.2023<br>17.06.2023 | | |
| | | 32 | बेको | पंचायत भवन | 18.06.2023<br>19.06.2023 | | |
| | | 33 | घरौंजा | पंचायत भवन | 20.06.2023<br>21.06.2023 | | |
| | | 34 | नईटाड़ | पंचायत भवन | 22.06.2023<br>23.06.2023 | | |
| | | 35 | डण्डाडीह | पंचायत भवन | 26.06.2023<br>27.06.2023 | | |
| | | 36 | रूपायडीह | पंचायत भवन | 28.06.2023<br>29 06 2023 | | |
| 04 | चन्दवारा | 37 | बेंदी | पंचायत भवन | 05.06.2023<br>06.06.2023 | 1. डॉ कृष्ण चन्द्र झा भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, चन्दवारा<br>2. श्री देवलाल राम (अनुसेवक) | 6206025196 |
| | | 38 | आरागारो | पंचायत भवन | 07.06.2023<br>08.06.2023 | | |
| | | 39 | भोण्डो | पंचायत भवन | 09.06.2023<br>10.06.2023 | | |
| | | 40 | बिरसोडीह | पंचायत भवन | 12.06.2023<br>13.06.2023 | | |
| | | 41 | चन्दवारापुर्वी | मंझलाडीह | 14.06.2023<br>15.06.2023 | | |
| | | 42 | चन्दवारापश्चिम | पंचायत भवन | 16.06.2023<br>17.06.2023 | | |
| | | 43 | मदनगुन्डी | पंचायत भवन | 19.06.2023<br>20.06.2023 | | |
| | | 44 | उरवाँ | कोटवारडीह | 21.06.2023<br>22.06.2023 | | |
| | | 45 | बडकीधमराय | छोटकी धमराय | 23.06.2023<br>24.06.2023 | | |
| | | 46 | पथलगढ़ा | पथलगढ़ा | 26.06.2023<br>27.06.2023 | | |
| 05 | मरकच्चो | 47 | चोपनाडीह | पंचायत भवन | 06.06.2023<br>07.07.2023 | 01 डॉ अरविन्द कुमार सिंह प्रभारी भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, मरकच्चो।<br>2. श्री प्रदीप कुमार (पशुधन सहायक) | 8409940696 |
| | | 48 | दशारोखुर्द | पंचायत भवन | 08.06.2023<br>09.06.2023 | | |
| | | 49 | जामू | पंचायत भवन | 10.06.2023<br>12.06.2023 | | |
| | | 50 | महुगाय | पंचायतभवन | 13.06.2023<br>14.06.2023 | | |
| | | 51 | मरकच्चोंउत्तरी | पंचायत भवन | 15.06.2023<br>16.06.2023 | | |
| | | 52 | मरकच्चोदक्षिण | पंचायत भवन | 17.06.2023<br>19.06.2023 | | |
| | | 53 | मरकच्चो मध्य | पंचायत भवन | 21.06.2023<br>22.06.2023 | | |
| | | 54 | सिमरिया | पंचायत भवन | 23.06.2023<br>24.06.2023 | | |
| | | 55 | कादोडीह | पंचायत भवन | 26.06.2023<br>27.06.2023 | | |
| 06 | डोमचाँच | 56 | जानपुर | पंचायत भवन | 06.06.2023<br>07.06.2023 | 1. डॉ अरूण कुमार राय भ्रमणशील पशुचिकित्सा पदाधिकारी, डोमचांच,<br>2. श्री हरिशचन्द्र मिश्रा (अनुसेवक) | 9934352062 |
| | | 57 | पारहो | पंचायत भवन | 08.06.2023<br>09.06.2023 | | |
| | | 58 | ढोढाकोला | पंचायत भवन | 10.06.2023<br>12.06.2023 | | |
| | | 59 | ढाब | पंचायत भवन | 13.06.2023<br>14.06.2023 | | |
| | | 60 | बंगाखलार | पंचायत भवन | 15.06.2023<br>16.06.2023 | | |
| | | 61 | मसनोडीह | पंचायत भवन | 17.06.2023<br>19.06.2023 | | |
| | | 62 | कुण्डीधनवार | पंचायत भवन | 21.06.2023<br>22.06.2023 | | |
| | | 63 | मसमोहना | पंचायत भवन | 23.06.2023<br>24.06.2023 | | |
| | | 64 | बगडो | पंचायत भवन | 27.06.2023<br>28.06.2023 | | |

**नोट :–** शिविर आयोजन का उदेश्य पशुपालकें को समीपवत्ती क्षेत्र में ही चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाना है। जिससे पशुपालकों के समय की बचत हो सकें और स्थानीय स्तर पर चिकित्सा की व्यवस्था सुनिश्चित हो सकें। पंचायत मुख्यालय में आयोजित करेंगे।

शिविर का समय :–सुबह 9:00 बजे से दोपहर 3:00 तक विशेष पशुचिकित्सा शिविर अन्तर्गत उपलब्ध कराये जाने वाले पशु स्वास्थ्य एवं अन्य सेवाएँ निम्नवत होगी।

1. पशुओं में होने वाले विभिन्न रोगों की चिकित्सा।
2. भेड़, बकरी, गाय एवं भैस में उपलब्धता के अनुसार कृमिनाशक दवा देना।
3. उपलब्धता के अनुसार मिनरल मिक्चर एवं फीड सप्लीमेंट का वितरण।
4. विभिन्न बीमारियों से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
5. पशु रोगों की जॉच ।
6. बॉझपन चिकित्सा एवं गर्भ जॉच।
7. केन्द्र प्रायोजित योजना, राज्य योजना एवं पशुपालन विभाग से संबंधित अन्य कार्यक्रम से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराना।
8. आयेजित होने वाली विशेष पशुचिकित्सा शिविर में अपने पशुओं का यथोचित ईलाज कराये एवं बीमारी से बचाव हेतु जानकारी प्राप्त करेगें।

**निवेदक :–जिला पशुपालन पदाधिकारी, कोडरमा।**

विश्वासभाजन
जिला पशुपालन पदाधिकारी,कोडरमा

PR 298654 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department(23-24).D

## गुड सुमेरियन सम्मान से सम्मानित किए गए सामाजिक कार्यकर्ता सुमित चौधरी




**सरायकेला(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उपायुक्त अरवा राजकमल की अध्यक्षता में हुए सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सरायकेला निवासी युवा व्यवसाई सह सामाजिक कार्यकर्ता सुमित कुमार चौधरी को गुड सुमेरियन (अच्छा नागरिक) सम्मान से सम्मानित किया गया। जिले में पहली बार यह सम्मान सुमित चौधरी ने प्राप्त किया। सुमित कुमार चौधरी ने पूर्व में सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से जख्मी होकर पड़े एक घायल व्यक्ति को समय रहते अस्पताल पहुंचा कर उसकी जान बचाने में सहयोग किया गया था। अपने इसी मानवीय सहयोगात्मक कार्य के कारण उन्हे प्रशस्ति पत्र और सम्मान राशि के साथ सम्मानित किया गया। उपायुक्त ने इनके अच्छे कार्य की प्रशंसा की और युवा इंस्पिरेशन के रूप में इनका मनोबल बढ़ाया।

## बिरसानगर पीएम आवास का नगर विकास व आवास विभाग के एक्सपर्ट्स ने किया निरीक्षण



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के घटक-3 अन्तर्गत बिरसानगर जमशेदपुर में बन रहे किफायती आवास परियोजना में कुल 9592 आवासों का निर्माण किया जाना है, जिसमे अबतक कुल 7372 आवास का निर्माण कार्य शुरू हो गया है जिसका निरीक्षण नगर विकास एवं आवास विभाग के विशेषज्ञ राजन कुमार, मुकेश कुमार झा, दीपक कुमार द्वारा जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति के विशेष पधाधिकारी संजय कुमार जी के साथ किया गया जिसमे मुख्य रूप से कार्य कर रहे जुडको तथा सभी संवेदकों के साथ बैठक कर भौतिक प्रगति का स्थल निरीक्षण किया गया एवं कार्य मे तेजी लाने,गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य रूप से आवास योजना के नोडल पधाधिकारी राहुल कुमार, टाउन प्लानर दीपक माझी, फाइनेंस विशेषज्ञ सरिता कुमारी,जुडको के डीजीएम संतोष चौबे, प्रोजेक्ट रूमैनेजर धनंजय कुमार, सभी संवेदक इत्यादि उपस्थित थे।

## नक्सली के घर में पटमदा पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पटमदा थाना कांड संख्या 78/2007 में फरार नक्सली पश्चिम बंगाल के बेलपहाड़ी थाना क्षेत्र के मेचुआ गांव निवासी अभियुक्त पुष्पा उर्फ शकुंतला उर्फ वर्षा उर्फ परी के विरुद्ध माननीय न्यायालय से प्राप्त उद्घोषणा के आदेश के आलोक में मंगलवार को पटमदा थाना के एसआई अरविंद कुमार द्वारा परी के घर में स्थानीय ग्रामीणों के समक्ष इश्तेहार चिपकाया गया। इस दौरान डुगडुगी बजवाकर स्थानीय ग्रामीणों के समक्ष न्यायालय के आदेश को पढ़कर सुनाया गया। पटमदा थाना प्रभारी रणजीत सिंह ने बताया कि पुष्पा को आलोक ओझा, न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सिविल कोर्ट जमशेदपुर की अदालत में 13 जुलाई 2023 के पहले पेश होने का आदेश दिया है। इस दौरान बेलपहाड़ी थाना के स अ नि मनोज चक्रवर्ती एवं सशत्र बल मौजूद थे।



## अनियंत्रित बाइक गिरने से दो युवक घायल, एक गंभीर

**ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के नारो टीकर सड़क पर अनियंत्रित होकर बाइक सवार दो युवक सड़क पर गिरने से घायल हो गया। घायलों का पहचान बंगाल के पुरूलिया जिला के बलरामपुर निवासी राहुल गोप एवं ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर निवासी नगद गोप के रूप में कि गई है। वहीं समाज सेवी अजय कुमार साव ने घायलों को तत्काल जमशेदपुर के टीएमएच अस्पताल एंबुलेंस से पहुंचाया, जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोनों बाइक पर सवार होकर नारो से टीकर आ रहा था । जहां टीकर के पास बाइक अनियंत्रित होने से दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि राहुल गोप की स्थिति गंभीर है।



## युवक का शव बिजली के पोल से लटका मिला

**गम्हरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता):** आदित्यपुर थाना अंतर्गत गम्हरिया के सतवाहिनी धीराजगंज में विक्की रजक (22) नामक एक युवक का शव बिजली के पोल से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जा रहा है कि मृतक का दो दिन पहले उसकी फुआ के लड़कों के साथ झगड़ा हुआ था। उसके बाद उन लोगों ने मृतक को मारने की धमकी दी थी। सोमवार को गले में धोती से टंगा घर के समीप ही स्थित पोल में लटका उसका शव मिला। इधर, मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि जिन लोगों ने धमकी दी थी, उन्हीं लोगों ने विक्की को मारकर लटका दिया है। मृतक दैनिक मजदूरी करता था और कुछ साल पूर्व ही उसने प्रेम विवाह किया था। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## जैक बोर्ड 12वी में उत्क्रमित उच्च विद्यालय चाकड़ी का बेहतर रिजल्ट

**जादूगोड़ा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पोटका प्रखंड के उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय चाकड़ी प्लस टू में वाणिज्य एवं कला में 21 छात्र-छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में 79 छात्र-छात्राओं ने द्वितीय श्रेणी एवं 4 छात्र-छात्राएं तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं जबकि 2 छात्र परीक्षा में शामिल नहीं हुए थे। विद्यालय से 107 विद्यार्थियों ने फॉर्म भरा था। परीक्षा में स्कूल टॉपर बनी छोटा हाड़ियान निवासी काजरी महापात्र प्राप्तांक-79.9 प्रतिशत , सेकंड टॉपर दामूडीह निवासी चंचला सरदार प्राप्तांक 77.8 प्रतिशत, थर्ड टॉपर महिंद्र सरदार 77.2 प्रतिशत।

## धुसरा में हुई दो बाइकों की सीधी टक्कर, दोनों बाइक सवार हुए घायल

**पटमदा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टाटा - पटमदा मुख्य सड़क पर स्थित धुसरा गांव के समीप मंगलवार की दोपहर दो बाइकों में सीधी टक्कर हो जाने से दोनों बाइक सवार घायल हो गए। घायलों में तामोलिया निवासी 39 वर्षीय मनोज कुमार महतो व पटमदा बस्ती निवासी 28 वर्षीय अशोक मांडी शामिल हैं। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनोज पटमदा से जमशेदपुर की ओर जा रहे थे और अशोक जमशेदपुर से पटमदा की ओर लौटने के क्रम में यह हादसा हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पटमदा थाना के पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को माचा सीएचसी पहुंचाए।

# सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए 1638 छात्र-छात्राएं

### सीबीएसई माध्यम से निःशुल्क पढ़ाई को लेकर परीक्षा केंद्र पहुंचे छात्रों-अभिभावकों ने मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** निजी विद्यालयों में महंगी फीस देकर अपने बच्चों को नहीं पढ़ा पाने वाले अभिभावकों के लिए मंगलवार का दिन काफी खास रहा। जिले के तीन सीएम उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन के लिए जमशेदपुर शहर के 4 सेंटर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई जिसमें बड़ी उत्साह से बच्चे एवं अभिभावक सुबह 9 बजे से ही सेंटर पहुंचने लगे थे। शारदामणि उच्च विद्यालय साकची के परीक्षा केंद्र में 188 बच्चे, साकची उच्च विद्यालय में 310, सिस्टर निवेदिता उच्च विद्यालय के सेंटर में 495 तथा सेंट्रल करीमिया उच्च विद्यालय साकची स्थित परीक्षा केंद्र में 645 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए। परीक्षा के सफल संचालन को लेकर जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग ने पूरी तैयारी की थी। उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य पदाधिकारियों ने विभिन्न परीक्षा केंद्रों का जायजा भी लिया। प्रवेश परीक्षा कदाचारमुक्त माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा संपन्न होने के बाद केंद्र से बाहर निकलने वाले ज्यादातर छात्र - छात्राओं के चेहरे खिले हुए दिखे। छात्र -छात्राओं ने परीक्षा का पेपर आसान होने की बात कही। परीक्षा देने पहुंचे छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों ने एक सुर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं राज्य सरकार के इस पहल के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब सरकारी विद्यालयों में भी पढ़ना भी गौरव की बात होगी, निजी विद्यालय वाले बच्चों से कहीं से भी कम नहीं होंगे उत्कृष्ट विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे। और यह सुविधा निःशुल्क मिलने जा रही इससे बेहतर और क्या हो सकता है। अभिभावकों ने काफी उत्साह के साथ इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि अब खराब आर्थिक स्थिति के कारण अच्छे अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा लेने से गरीब बच्चे वंचित नहीं रहेंगे। जिले के तीनों सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस विद्यालयों में नामांकन को लेकर कुल 2029 छात्र - छात्राओं ने आवेदन किया था, जिसमें से कुल 1638 छात्र छात्राओं ने आज प्रवेश परीक्षा दिया। मेरिट लिस्ट में आने वाले छात्र छात्राओं को जिले के तीन विद्यालय जमशेदपुर बालिका उच्च विद्यालय साकची, केजीबीवी जमशेदपुर एवं बीपीएम +2 अपग्रेडेड उच्च विद्यालय बर्मामाइंस में नामांकन लिया जाएगा।

## विधायक के नेतृत्व में डिमना डैम के विस्थापितों के साथ टाटा स्टील की बैठक संपन्न, विस्थापितों में जगी उम्मीद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पटमदा :** मंगलवार को डिमना डैम के विस्थापितों की समस्याओं को लेकर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी के नेतृत्व में टाटा स्टील कंपनी के लीगल विभाग में बैठक संपन्न हुई। इसमें डिमना डैम के विस्थापित, आंदोलनकारी व टाटा स्टील के प्रतिनिधि शामिल हुए। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के पश्चात अगली बैठक की तिथि 15 जून को निर्धारित की गई। बैठक में अनाधिकृत डूब क्षेत्र के रैयतों को उचित मुआवजा हेतु फिर से प्रक्रिया शुरू किए जाने, सभी रैयतों के साथ दुबारा जमीन सीमांकन करने, दुबारा सक्षम पदाधिकारियों के साथ एक बार फिर से त्रिपक्षीय वार्ता (प्रशासन-विस्थापित-टाटा कंपनी) शुरू करने आदि मुद्दों पर चर्चा हुई। विस्थापितों की ओर से लायलम के ग्राम प्रधान देवेन सिंह ने कहा कि सबसे पहले अनाधिकृत जमीन का मुआवजा दिया जाए, डैम में पानी बढ़ने से जिन रैयतों की पांच एकड़ से ज्यादा जमीन पर लगी फसल बर्बाद होती है उसका मुआवजा दिया जाए। उसके बाद ही आगे की वार्ता की जाएगी। टाटा कंपनी के प्रतिनिधि ने कहा कि पहले रैयतों के अनाधिकृत जमीन का सीमांकन कर उक्त जमीन कितने सालों से डूब क्षेत्र में आ रही है, यह देखने के बाद ही उसकी क्षतिपूर्ति तय की जाएगी। बंद पड़े त्रिपक्षीय वार्ता को एकबार फिर से शुरू कर विस्थापितों की समस्याओं के समाधान की दिशा में बढ़ा जाएगा। विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि विस्थापितों की समस्याओं को लेकर वे काफी गंभीर हैं। इस समस्या को उन्होंने विधानसभा में भी उठाया था। विधायक ने कहा कि विस्थापितों को न्याय दिलाना ही उनका उद्देश्य है। बैठक में टाटा कंपनी के लैंड डिपार्टमेंट के अमित सिंह, विस्थापित कमिटी के कपूर बागी, मदन मोहन सोरेन, दीपक रंजीत, डिमना डैम विस्थापित देवन सिंह, सोहन सिंह, भानु सिंह, सुधीर टुडू व प्रदीप कुमार सोरेन आदि लोग उपस्थित थे।

## इग्नू की परीक्षा 1 जून से 7 जुलाई तक करीम सिटी कॉलेज में

**जमशेदपुर :** इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में जून की होने वाली परीक्षा 1 जून से प्रारंभ हो रही है जो 7 जुलाई तक चलेगी। यह परीक्षा दो पालियों में संचालित होंगी। पहली पाली 10 बजे से 1 बजे तक तथा दूसरी पाली 2 बजे से 5 बजे तक चलेगी। उक्त जानकारी करीम सिटी कॉलेज इग्नू अध्ययन केंद्र के समन्वयक डॉ यहिया इब्राहीम ने दी। उन्होंने बताया कि इग्नू की परीक्षा हर वर्ष अपने निश्चित समय पर साल में दो बार जून और दिसंबर में होती है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि परीक्षा के लिए हॉल टिकट वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। विद्यार्थी उसे डाउनलोड कर ले और परीक्षा केंद्र पर हॉल टिकट तथा अपना परिचय पत्र दोनों साथ लेकर परीक्षा प्रारंभ होने से आधे घंटे पहले पहुंचे।

## सरायकेला-खरसावां जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालय में नामांकन को लेकर प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिले के तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन को लेकर मंगलवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। जिसमें 1960 में से 1818 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए और 142 अनुपस्थित रहे। जिले में नृपराज राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय, केवीपीएसडी एसएस बालिका उच्च विद्यालय एवं कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय को उत्कृष्ट विद्यालय के तर्ज उत्क्रमित किया गया है। जहां अंग्रेजी माध्यम से गुणवत्ता शिक्षा प्रदान की जाएगी।



नामांकन के लिए मंगलवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया जिसमें कुल 1818 बच्चे शामिल हुए। जिला शिक्षा पदाधिकारी जितेंद्र कुमार सिन्हा से मिली जानकारी अनुसार तीनों विद्यालय में परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जहां कक्षा 6 से कक्षा ग्यारहवीं में नामांकन के लिए बच्चों ने परीक्षा दी। नृपराज राजकीय जमा दो उच्च विद्यालय में 1150 में 1060 ने परीक्षा दी। केवीपीएसडी बालिका उच्च विद्यालय में 541 में 506 तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में 269 में से 252 छात्राओं ने परीक्षा दी।

## बैंक ऑफ इंडिया कोलाबीरा शाखा में चोरों ने तोड़ा ग्रिल, पुलिस व बैंक अधिकारी कर रहे है जांच

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गम्हरिया :** बीते सोमवार की रात चोरों द्वारा कांड्रा-सरायकेला मुख्य मार्ग पर गम्हरिया प्रखंड के कोलाबीरा ओपी के सामने स्थित बैंक ऑफ इंडिया के ग्रिल का ताला तोड़ दिया गया। मंगलवार की सुबह स्थानीय लोगों द्वारा इसकी जानकारी बैंक अधिकारियों के साथ-साथ सरायकेला पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे बैंक अधिकारी और सरायकेला पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बैंक पहुंची उक्त बैंक की अधिकारी सुष्मिता साहू ने बताया कि उन्हें प्रातः करीब साढ़े



चार बजे बैंक में किसी अनहोनी की सूचना मिली। उसके बाद उन्होंने इस बावत बैंक के प्रबंधक को भी जानकारी दिया है। घटनास्थल को देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि चोरों द्वारा बैंक के नीचे लगाए गए ग्रिल का ताला नहीं तोड़ा गया और पाइप के सहारे दूसरी मंजिल पर स्थित बैंक की शाखा में पहुंच कर वहां लगे ग्रिल को तोड़ दिया। हालांकि, चोर बैंक में चोरी करने में असफल रहे। बताया जा रहा है कि चोरों ने आसपास के घरों के दरवाजों को बाहर से बंद कर दिया था।

## उपायुक्त ने किया ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी -सह- उपायुक्त अरवा राजकमल ने मंगलवार को समुदायिक भवन सरायकेला स्थित ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साथ में उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रियंका सिंह एवं जिला जन संपर्क पदाधिकारी सुनील सिंह सहित संबंधित अन्य पदाधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के क्रम ईवीएम वेयरहाउस की विधि-व्यवस्था व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। सीसीटीवी कैमरे, भवन की स्थिति, वहां तैनात सुरक्षा बल, अग्निशमन सिलेंडर, इत्यादि का जाँच करते हुए सुरक्षा के मद्देनजर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

## उन्नत ऊर्जा प्रबंधन के लिए टाटा स्टील माइनिंग ने फ्रांसीसी कंपनी मेट्रोन के साथ की साझेदारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** टाटा स्टील माइनिंग लिमिटेड (टीएसएमएल) ने फ्रेंच क्लीनटेक कंपनी मेट्रोन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो क्लाउड-आधारित ऊर्जा प्रबंधन समाधानों की अग्रणी प्रदाता है। इस साझेदारी का उद्देश्य ओडिशा के कटक जिले के अथागढ़ में स्थित कंपनी के फेरो अलॉयज प्लांट के लिए एक उन्नत ऊर्जा प्रबंधन और अनुकूलन मंच को डिजाइन और कार्यान्वित करना है। समझौता के अनुसार, मेट्रोन द्वारा विकसित सॉफ्टवेयर समाधान टाटा स्टील माइनिंग को निगरानी, विश्लेषण

### ऊर्जा दक्षता और कम कार्बन फुटप्रिंट प्राप्त करना है लक्ष्य



और वास्तविक समय में ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करने और संयंत्र उपयोगिताओं में कार्बन फुटप्रिंट को कम करने में सक्षम करेगा। यह कंपनी को क्षेत्रों को डीकार्बोनाइज करने, ऊर्जा की खपत को अनुकूलित करने, लागत कम करने और समग्र परिचालन दक्षता में सुधार करने के लिए ऊर्जा के डिजिटली करण में मदद करेगा। टाटा स्टील माइनिंग के प्रबंध निदेशक पंकज सतीजा ने कहा, मेट्रोन के साथ हमारी साझेदारी ऊर्जा दक्षता और कम कार्बन फुटप्रिंट के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। हम अथागढ़ में अपने फेरो एलॉयज प्लांट में उनके उन्नत ऊर्जा प्रबंधन और अनुकूलन मंच का उपयोग करने के लिए उत्साहित हैं। हम उम्मीद करते हैं कि यह मंच हमें ऊर्जा की खपत को कम करने, परिचालन दक्षता और उत्पादकता में सुधार करने में मदद करेगा। उल्लेखनीय है कि, टाटा स्टील माइनिंग ने पहले अपनी फेरो क्रोम इकाइयों और खानों में एक डिजिटल डैशबोर्ड के माध्यम से पानी की खपत के डिजिटलीकरण के लिए फ्लक्सजेन सस्टेनेबल टेक्नोलॉजीज के साथ समझौता किया था।

### जिला कांग्रेस कमेटी ने किया नव मनोनीत पदाधिकारी का स्वागत कार्यक्रम, पहनाया गांधी टोपी

## महिला कांग्रेस व सेवादल जितना मजबूत होगा कांग्रेस पार्टी उतनी होगी सशक्त : आनंद बिहारी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में नव मनोनीत पदाधिकारी का स्वागत कार्यक्रम कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टूपुर में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिला कांग्रेस कमिटी के द्वारा जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने पार्टी का अंगवस्त्र प्रदान कर पूर्वी सिंहभूम जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष नलिनी कुमारी एवं पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यवाहक मुख्य संगठक अरविंद साहू को गाँधी टोपी पहनाकर स्वागत किया। जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे ने नव मनोनीत जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवं जिला कांग्रेस सेवादल



कार्यवाहक मुख्य संगठक को बधाई एवं शुभकामना देते हुए कहा कि महिला कांग्रेस एवं सेवादल को सर्वप्रथम 18 प्रखण्ड क्षेत्र में सशक्त बनाना आवश्यक है। कांग्रेस विचार धारा के लोगों को ज्यादा से ज्यादा महिला कांग्रेस एवं सेवादल संगठन में स्थान दें। ये दोनों संगठन जितना मजबूत होगा कांग्रेस पार्टी उतना सशक्त होगी। जिला कांग्रेस के तरफ से हर संभव मदद दी जाएगी। सेवादल जिला स्तर पर ट्रेनिंग कैम्प आयोजित करें। लोगों को संगठन के नीति सिद्धांत से अवगत कराए। स्वागत कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया। नव मनोनीत महिला जिला अध्यक्ष नलिनी कुमारी ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नेटा डिसूज़ा, प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह के प्रति आभार प्रकट किया और उपस्थित कांग्रेसजनों के समक्ष संगठन को मजबूत बनाने का प्रतिबद्धता व्यक्त किया। जिला कांग्रेस सेवादल के कार्यवाहक मुख्य संगठक अरविंद साहू ने राष्ट्रीय मुख्य संगठक लालजी देसाई, प्रदेश मुख्य संगठक नेली नाथन के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कहा कि सबों के सहयोग से सेवादल को प्रशिक्षण के माध्यम से सशक्त बनाने के कार्य प्रखण्ड स्तर पर करूंगा। स्वागत कार्यक्रम को संबोधित करने वाले नेतागण में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश तिवारी, रियाजुद्दीन खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, खगेनचन्द्र महतो, सामंता कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष नगर धर्मेन्द्र सोनकर, सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।

## समर कैंप टेनिकोइट प्रतियोगिता में प्रत्यूष व सरस्वती बने विजेता



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** झारखंड टेनिकोइट के तत्वाधान में आयोजित 15 दिवसीय टेनिकोइट समर कैंप का समापन हुआ। इस मौके पर टेनिकोइट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे बालक वर्ग में प्रत्यूष कुमार रजक विजेता, कुमार हर्ष उपविजेता, सहदेव साउ तीसरे स्थान पर रहे। वहीं बालिका वर्ग में कुमारी सरस्वती विजेता अंजली कुमारी उपविजेता रही, फरासत सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए। कोच साहब उद्दीन ने कहा कि हुनर को उचित अवसर मिले तो वह सफलता में तब्दील हो जाता है। समर कैंप में बच्चे अपने छिपी प्रतिभा को प्रदर्शन कर उसे और अधिक निखार सकते हैं। हमें आशा है कि आप आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड टीम के लिए और भी अच्छा प्रदर्शन करेंगे और पदक जीतने में कामयाब होंगे। अतिथि के रूप में अली रजा खान, सिकंदर अंसारी उपस्थित थे।

## संपादकीय

# केजरीवाल का अध्यादेशी मिशन

**दिल्ली** सरकार के खिलाफ भारत सरकार के अध्यादेश का अस्तित्व कांग्रेस पर टिका है। अध्यादेश ने एक ओर सर्वोच्च अदालत की संविधान पीठ के फैसले को निष्प्रभावी कर दिया है, तो दूसरी तरफ दिल्ली की केजरीवाल सरकार की प्रशासनिक शक्तियां छीन ली हैं। द्वन्द्व दो चुनी हुई सरकारों के बीच है। दरअसल संविधान पर विमर्श करते हुए यह लक्ष्मण-रेखा खींच दी गई थी कि कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका अपनी हदें पार नहीं करेंगी। इसी में संविधान और लोकतंत्र की प्रतिष्ठा और गरिमा निहित है, लेकिन संसद ने अपनी अपरिमित शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए सर्वोच्च अदालत के फैसलों को पलटा भी है। वैसे संविधान का अनुच्छेद 123 भारत सरकार और राष्ट्रपति को अध्यादेश जारी करने की शक्ति देता है, लेकिन 'असाधारण स्थितियों' की शर्त के साथ ही...। संसद का सत्र न चल रहा हो और राष्ट्रपति का विवेक महसूस करता है कि अमुक परिस्थितियों में संवैधानिक, विधायी कदम उठाना अनिवार्य है, तो अनुच्छेद 123 के तहत अध्यादेश जारी किया जा सकता है। दरअसल इस अनुच्छेद के पीछे 'अति आवश्यकता' की भावना रही है। पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने हाल ही में सर्वसम्मत फैसला सुनाया था कि दिल्ली में लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार के नियंत्रण में ही प्रशासनिक तंत्र रहे। अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले भी दिल्ली सरकार के नियंत्रण में हों, क्योंकि चुनी हुई सरकार ही जनता के प्रति जवाबदेह होती है। संविधान पीठ ने उपराज्यपाल के लिए कहा था कि वह दिल्ली कैबिनेट की सलाह पर ही काम करने को बाध्य हैं। फैसले में 'संघीय ढांचे' का बार-बार उल्लेख किया गया था। महत्त्वपूर्ण सवाल यह है कि आखिर वह 'असाधारण परिस्थिति' क्या थी, जिसके तहत अध्यादेश जारी करना पड़ा? अध्यादेश में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यापक देशहित में है कि लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित केंद्र सरकार के जरिए देश भर के लोगों की भूमिका राष्ट्रीय राजधानी के प्रशासन में भी हो। लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा पूरी करने के मद्देनजर अध्यादेश लाया गया है। अध्यादेश के बाद तमाम कार्यकारी, प्रशासनिक अधिकार, उपराज्यपाल के जरिए, केंद्र सरकार के पास आ गए हैं। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने इसी मुद्दे पर देशव्यापी मिशन शुरू किया है। उनका अनुरोध है कि यदि अध्यादेश पर सभी विपक्षी दल लामबंद होते हैं और राज्यसभा में अध्यादेश पर पेश किए जाने वाले विधेयक को परास्त करने में हम सफल होते हैं, तो यह 2024 का सेमीफाइनल होगा। केजरीवाल ने नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, उद्धव ठाकरे से मुलाकातें की हैं। मुंबई में वह 25 मई को शरद पवार से मिलेंगे। इस संदर्भ में सबसे महत्त्वपूर्ण पक्ष कांग्रेस है। यदि केजरीवाल के प्रति उसका समर्थन नहीं मिला, तो यह मिशन ध्वस्त हो जाएगा। राज्यसभा में भाजपा-एनडीए का अपना बहुमत तो नहीं है, लेकिन सर्वाधिक 110 सांसद जरूर हैं। बहुमत के लिए सिर्फ 10 और सांसदों की दरकार है, क्योंकि फिलहाल राज्यसभा में कुल 238 सांसद ही हैं। अध्यादेश पर आधारित बिल संसद के मॉनसून सत्र में पेश किया जाना है। दरअसल इस 'राजनीतिक मिशन' का उद्देश्य यह है कि कांग्रेस आम आदमी पार्टी (आप) के लिए समर्थन घोषित कर दे। यह इतना आसान नहीं है, क्योंकि दोनों दलों के संबंध बेहद कटु रहे हैं। दिल्ली की कांग्रेस ईकाई ने आलाकमान को पत्र लिखा है कि 'आप' को समर्थन न दिया जाए, क्योंकि खुद केजरीवाल ने दिवंगत प्रधानमंत्री राजीव गांधी के संदर्भ में कहा था कि उनका 'भारत-रत्न' सम्मान वापस ले लिया जाए। ऐसी स्थिति में कांग्रेस अभी आम आदमी पार्टी से दूर लगती है।

> पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने हाल ही में सर्वसम्मत फैसला सुनाया था कि दिल्ली में लोगों द्वारा चुनी हुई सरकार के नियंत्रण में ही प्रशासनिक तंत्र रहे। अधिकारियों की नियुक्ति और तबादले भी दिल्ली सरकार के नियंत्रण में हों, क्योंकि चुनी हुई सरकार ही जनता के प्रति जवाबदेह होती है। संविधान पीठ ने उपराज्यपाल के लिए कहा था कि वह दिल्ली कैबिनेट की सलाह पर ही काम करने को बाध्य हैं। फैसले में 'संघीय ढांचे' का बार-बार उल्लेख किया गया था। महत्त्वपूर्ण सवाल यह है कि आखिर वह 'असाधारण परिस्थिति' क्या थी, जिसके तहत अध्यादेश जारी करना पड़ा? अध्यादेश में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यापक देशहित में है कि लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचित केंद्र सरकार के जरिए देश भर के लोगों की भूमिका राष्ट्रीय राजधानी के प्रशासन में भी हो। लोगों की लोकतांत्रिक इच्छा पूरी करने के मद्देनजर अध्यादेश लाया गया है। अध्यादेश के बाद तमाम कार्यकारी, प्रशासनिक अधिकार, उपराज्यपाल के जरिए, केंद्र सरकार के पास आ गए हैं।

## कुछ अलग

# सियासी पिछड़ेपन से रूबरू

**प्रतीक** ढूंढती सियासत के लिए कुछ चेहरे, कुछ मोहरे चाहिए। कुछ जाति, कुछ धर्म चाहिए। कुछ आरक्षण, कुछ आवरण चाहिए और यही है समाज को बिसात बनाकर चुनाव को परिस्थितियों की हरारत से बचाने का प्रयत्न। हिमाचल के बाद कर्नाटक की जीत ने कांग्रेस के नैन-नक्श बदल दिए हैं और इसी से शुरू होता है एक ऐसा सफर जो आगे चलकर हर तिलक को तौल कर चलेगा। चारों तरफ फिर सामाजिक न्याय की बस्तियों में नेताओं के पांवों के निशान घूमेंगे और चुना जाएगा कोई न कोई समीकरण। हिमाचल में सरकार के आने के बाद कांग्रेस ने शिमला नगर निगम क्या जीता चुनाव के चबूतरे ऊंचे हो गए। ये चबूतरे आगामी लोकसभा चुनाव के लिए छांव का काम करेंगे या इस पड़ाव के आगे फिर आंधियों का खतरा है। तब तक सुक्खू सरकार का प्रदर्शन, गारंटियों का मोहत्सव और क्षेत्रीय संतुलन का मंचन सामने आ चुका होगा। ऐसे में किसी भी सरकार के लिए पांच साल के सफर में हर कदम पर चुनाव की फांस है, तो पार्टी के लिए सत्ता की स्तुति में अपना मचान सजाना पड़ता है। बहरहाल इस समय मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का प्रशासनिक इतिहास राजधानी शिमला से निकलकर कांगड़ा में अपना दिल आजमाना चाह रहा है। सरकार अपने ही अंकगणित से बाहर निकलकर कांगड़ा को अपने तरीके से परिभाषित करती आई है। पहले मंत्रिमंडल के गठन और उसके बाद पर्यटन राजधानी के रूप में 'सैलानी संस्कृति' के पंखों पर सवार होकर सरकार ने अपने लिए विश्वास का मैदान चुना है। राजनीतिक तौर पर जब सरकार निचले क्षेत्रों में आती है तो संपर्क के क्षितिज व सत्ता के पैमाने भी लबालब होने के लिए अरदास करते हैं। ये तमाम परंपराएं छह बार के मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह को डालनी पड़ीं, तो इन्हीं राहों पर प्रेम कुमार धूमल को उतरना पड़ा। जयराम ठाकुर कुछ कतराए, तो उनकी सरकार की प्राथमिकताएं भी निचले क्षेत्रों में अपनी रंगत नहीं दिखा पाईं। हिमाचल का सबसे बड़ा राजनीतिक पिछड़ापन कांगड़ा के वजूद में ही घर नहीं कर गया, बल्कि संसदीय क्षेत्र में चंबा का होना वहां भी उदासीनता को भर रहा है। हमारे पास चंडीगढ़ में रह रहे एक वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी दिनेश डोगरा का पत्र आया है, जो कांगड़ा के पिछडने पर सरकार से अरदास कर रहे हैं। दिनेश डोगरा कुल्लू से चंडीगढ़ की यात्रा में आ रहे गुणवत्ता पूर्ण बदलाव की तारीफ करते हुए पूछते हैं कि इसी तरह कब चंडीगढ़ से धर्मशाला का सफर तीन घंटे का होगा। यह उन त्रासदियों का जिक्र है जो भौगोलिक अपेक्षाओं का सत्यनाश कर देता है। इसी प्रदेश में निजी विश्वविद्यालय खुलते-खुलते केवल सोलन जिला में संपत्तियां बनकर बिखर गए। आज तक की तमाम औद्योगिक क्रांतियां सोलन, सिरमौर और ऊना तक ही सिमट गईं और कांगड़ा का मैदानी इलाका चिट्टे की शरण में गुम होता गया। रेलवे विस्तार के सपने कांगड़ा से छिटक कर कहीं दूर चले गए। आखिर कांगड़ा पिछड़ा इसलिए क्योंकि नेता पिछड़ते गए या पीछे हटा दिए गए, कमोबेश हर सरकार में। दो बार शांता कुमार जरूर मुख्यमंत्री बने, अंततः वह भी पालमपुर नगर निगम के दायरे या प्रेस विज्ञप्तियों के किनारे तक ही सिमट गए। मुख्यमंत्री आगमन से पूर्व एक जयंती समारोह में स्वागत कक्ष अगर इंतजार करते रह गए, तो कलह के बादलों के नीचे गर्मी का सबूत ढूंढ रहा कांगड़ा पसीना-पसीना है। यही पसीना सरकार में मंत्रियों के पद ढूंढ रहा है, लेकिन न कांगड़ा का कद और न ही पद बाहर आ रहा है। बहरहाल पहली बार शीतकालीन प्रवास से कहीं अधिक गर्मी व ऊर्जा लेकर आया मुख्यमंत्री का यह लंबा दौरा अपने साथ कई संभावनाओं के अक्स लिए नब्ज टटोल रहा है। अगर सरकार को अपनी जीत का एहसास कांगड़ा को कराना है तो भी ग्यारह विधानसभा क्षेत्रों की उत्साहित जनता को मुख्यमंत्री के दीदार चाहिए और ये बार-बार चाहिए। कांगड़ा प्रवास या दौरा कहीं न कहीं ज्ञात या प्रत्याशित राजनीति से आगे निकलकर मुख्यमंत्री की ओर देख रहा है, ताकि पता चले कि कांगड़ा में सरकार का होना अब किस करवट बैठेगा।

## हम हिंदुस्तानी लोग जिसे अवचेतन मन या सबकांशस माइंड कहते हैं, वह असल में हमारा अर्धचेतन मस्तिष्क है

# मन की मंजिलें

पी. के. खुराना



**मन** क्या है? मन कुछ नहीं है और मन सब कुछ है। है न गड़बड़ घोटाला। दरअसल सचमुच गड़बड़ घोटाला ही है। जिसे हम मन कहते हैं वो दरअसल हमारा अर्धचेतन मस्तिष्क है, हमारा सबकांशस मांइड है। मोटी-मोटी बात करें तो हमारे दिमाग के तीन हिस्से हैं, चेतन मस्तिष्क, अर्धचेतन मस्तिष्क, यानी सबकांशस माइंड और अचेतन मस्तिष्क यानी अनकांशस मांइड, पर हिंदुस्तान में ज्यादातर लोग अर्धचेतन मस्तिष्क और अचेतन मस्तिष्क का फर्क नहीं जानते, और अर्धचेतन मस्तिष्क को भी अवचेतन मन के रूप में पहचानते हैं। यानी, हम हिंदुस्तानी लोग जिसे अवचेतन मन या सबकांशस माइंड कहते हैं, वह असल में हमारा अर्धचेतन मस्तिष्क है। हमारा दिमाग एक तीन मंजिले मकान के समान है जिसकी एक मंजिल तो जमीन पर है, दिखाई देती है और इसमें हवा और रोशनी का प्रवेश संभव है। सूर्य भगवान की किरणों से यह प्रकाशित होता है, वरुण देवता इस पर बारिश करते हैं और पवन देवता अपनी शीतल बयार से इसे तरोताजा बनाते हैं। यह हमारे दिमाग की वो मंजिल है जो जमीन की सतह पर है, और सबको दिखाई पड़ती है। इसे हम चेतन मस्तिष्क या कांशस माइंड कहते हैं। बाकी दो मंजिलें जमीन के नीचे हैं। जो जमीन के नीचे की पहली मंजिल, पहली बेसमेंट, पहला तहखाना है उसे विज्ञान अर्धचेतन मस्तिष्क या सबकांशस माइंड के नाम से पुकारता है, और जो इसके भी नीचे की मंजिल है, वह अचेतन मस्तिष्क या अनकांशस मांइड है। यह तीन मंजिला मकान हमारा दिमाग है, हमारा मस्तिष्क है, और ज्यादातर लोग अपना पूरा जीवन सिर्फ सबसे ऊपरी मंजिल, यानी कांशस माइंड तक ही सीमित रखते हैं, वे इससे आगे नहीं जाते। ऊपर की मंजिल, जमीन पर की मंजिल, बहुत छोटी है। नीचे की मंजिलें बहुत बड़ी हैं और जो सबसे नीचे की मंजिल है, वो सबसे बड़ी है, वही आधार है सबका। हमारे मनीषियों ने सत्य ही कहा है कि हमें अगर सत्य की खोज करनी है तो हमें नीचे की इन दो मंजिलों में जाना होगा। सत्य की यात्रा ऊर्ध्वगामी नहीं है, ऊपर की ओर की यात्रा नहीं है, आकाश में उडऩे की यात्रा नहीं है, बल्कि गहरे नीचे उतरने की यात्रा है, अपने ही मन में गहरे उतरने की यात्रा है। अगर कभी हम किसी जंगल में जाएं तो हमारे चारों ओर वृक्ष ही वृक्ष होंगे। वृक्षों का एक हिस्सा तो वे पत्ते हैं जिन पर भगवान भास्कर की किरणें पहुंच सकती हैं, इन पत्तों के नीचे उन वृक्षों की शाखाएं और तना है, जहां किरणें कहीं-कहीं इन पर भी पड़ती हैं।क्षों का तीसरा हिस्सा उनकी जड़ें हैं जो जमीन के भीतर छुपी हुई हैं। इन पर सूरज की रोशनी कभी नहीं पड़ती, लेकिन वृक्ष के प्राण अपनी जड़ों में हैं। जो वृक्ष को पूरा जानना चाहता हो उसे वृक्ष की जड़ों को जानना ही पड़ेगा। जो वृक्ष के पत्तों तक ही रह जाएगा वह वृक्ष को नहीं समझ पाएगा। इसी तरह हमारा चेतन मस्तिष्क, अर्धचेतन मस्तिष्क और अचेतन मस्तिष्क है। खुद को समझने के लिए हमें अर्धचेतन मस्तिष्क और अचेतन मस्तिष्क तक जाना होता है। नीचे की दोनों मंजिलों में जाए बिना, यानी अर्धचेतन और अचेतन में जाए बिना हमारी सत्य की खोज, खुद की खोज अधूरी रहेगी। चेतन मस्तिष्क में चेतना सर्वाधिक है। खुद चेतन मस्तिष्क भी दो भागों में बंटा हुआ है, जिनमें से पहला है तर्कशील मस्तिष्क, यानी लॉजिकल माइंड और दूसरा है रचनात्मक मस्तिष्क, यानी क्रिएटिव माइंड। तना का सर्वाधिक अंश यहां होने के बावजूद यह हमारे कुल मस्तिष्क का सबसे छोटा भाग है। इसके दोनों हिस्से मिलकर भी पूरे मस्तिष्क के 10 प्रतिशत के बराबर ही होते हैं। अगर हम सत्य की खोज करना चाहें, खुद को जानना-समझना चाहें, परमात्मा की खोज में आगे बढऩा चाहें तो हमें चेतन मस्तिष्क तक ही सीमित रहने के बजाय भीतर की यात्रा करनी होगी। जीवन की जड़ें अचेतन मस्तिष्क में हैं, ब्रह्मांड से और परमात्मा से संबंध वहीं से जुड़ सकता है, अन्यथा कोई और साधन नहीं है। हमारी पूजा, हमारी अर्चना, हमारे कर्मकांड सब जमीनी स्तर की बातें हैं। सत्य की जो खोज है, खुद की जो खोज है, या प्रभु की जो खोज है उसका संबंध अचेतन मस्तिष्क से है। चेतन मस्तिष्क का निर्माण हमारा समाज करता है, हमारा परिवार, हमारे शिक्षा संस्थान और हमारा समाज मिलकर हमें जो संस्कार देते हैं, वो हमारे चेतन मस्तिष्क में बस जाते हैं। अर्धचेतन मस्तिष्क और अचेतन मस्तिष्क इससे बिल्कुल अलग हैं। माज के विचार अलग हैं, अचेतन मस्तिष्क की जड़ें अलग हैं। अगर इन दोनों में सामंजस्य न हो तो आदमी खुद के भीतर ही विभाजित हो जाता है। यही कारण है कि अक्सर चेतन मस्तिष्क और अचेतन मस्तिष्क में रस्साकशी होती रहती है जो हमारे दुखों का कारण बन जाती है और हम खुशियों से महरूम हो जाते हैं। हमारे मस्तिष्क के इन तीन हिस्सों के बीच सामंजस्य होने का नाम ही योग है, यही साधना है। अगर तीनों मस्तिष्क के बीच में खाइयां बन गई हैं और ये एक-दूसरे के विरोधी हो गए हों तो दिन भर में हम जो देखते हैं या सोचते हैं, वह अलग है और रात में जब हम सो जाते हैं तो हमारे सपने दिन के विचारों से अलग होते हैं। दिन में हम काम करते हों, व्यापार करते हों तो भी हो सकता है कि रात में हम जो सपना देखें उसमें हम कुछ चोरी कर रहे हों। ऐसे में हम हैरान होते हैं कि मैंने तो कभी चोरी की नहीं, मैंने तो कभी चोरी करने की सोची ही नहीं, फिर यह सपना क्यों आया? उत्तर यही है कि तब हमारा अर्धचेतन मन ड्राइविंग सीट पर है, तब कमान उसके हाथ में है और अगर गहरे कोई वेदना छुपी है, कोई कमी है जो हमें खटक रही है तो वह सपने में उभर आएगी और हमें हैरान-परेशान करेगी। इस द्वंद्व से बचने का एक ही रास्ता है कि हम भीतर की यात्रा करें, अपनी असली अवेयरनेस, अपनी असली रोशनी से परिचित हों। अचेतन मस्तिष्क हमारे कंप्यूटर की हार्ड डिस्क की तरह है जहां सभी जन्मों की याद छुपी है। एक स्पिरिचुअल हीलर के रूप में जब मैं अपने पास आए लोगों की काउंसिलिंग करता हूं तो मैं उनके लिए उनके अर्धचेतन मस्तिष्क और अचेतन मस्तिष्क के द्वार खोल देता हूं। वहां उनकी हर समस्या का समाधान मौजूद है। वे अपनी समस्या का समाधान खुद ही खोज लेते हैं और स्वस्थ हो जाते हैं। डीप रिलैक्सेशन और ब्रेन-वेव ऐक्टीवेशन विधियों के सामंजस्य से ऐसा संभव है। यह एक पुरातन विद्या है, इसका प्रसार बहुत नहीं है, पर हो रहा है और जब इस विद्या का परिचय ज्यादा लोगों से हो जाएगा तो स्वास्थ्य की समस्याएं तो हल हो ही जाएंगी, बहुत से लड़ाई-झगड़े भी खत्म हो जाएंगे।

> अचेतन मस्तिष्क हमारे कंप्यूटर की हार्ड डिस्क की तरह है जहां सभी जन्मों की याद छुपी है। एक स्पिरिचुअल हीलर के रूप में जब मैं अपने पास आए लोगों की काउंसिलिंग करता हूं तो मैं उनके लिए उनके अर्धचेतन मस्तिष्क और अचेतन मस्तिष्क के द्वार खोल देता हूं। वहां उनकी हर समस्या का समाधान मौजूद है। वे अपनी समस्या का समाधान खुद ही खोज लेते हैं और स्वस्थ हो जाते हैं। डीप रिलैक्सेशन और ब्रेन-वेव ऐक्टीवेशन विधियों के सामंजस्य से ऐसा संभव है।

# साइबर सुरक्षा और उपभोक्ता

**पूरी** दुनिया के साथ-साथ भारत भी ऑनलाइन बैंकिंग प्रणाली व ई-कॉमर्स की ओर बढ़ रहा है। इन सबके साथ साइबर हमले भी बढ़ रहे हैं। साइबर हमलों के खतरे को जानने के लिए कुछ आंकड़े बहुत प्रासंगिक हैं। हाल के समाचारपत्रों की रिपोर्ट और अन्य अध्ययन तथा सर्वेक्षण बताते हैं कि भारत में 2022 की पहली छमाही में फिरौती व ठगी की घटनाओं और बहुमत के हमलों में 51 फीसदी की वृद्धि हुई है। एम्स, नई दिल्ली ने पाया कि उसकी इन्टरनेट में सेंध लगा कर सेवाओं से समझौता किया गया और अनुचित नेटवर्क विभाजन के कारण एम्स के पांच सर्वर प्रभावित हुए। 2023 में प्राइस वाटर हाउस कूपर्स प्राइवेट लिमिटेड की महत्वपूर्ण रिपोर्ट में यह पाया गया कि भारत में आधे से अधिक धोखाधड़ी की घटनाएं 'प्लेटफॉर्म' धोखाधड़ी थीं, जो आर्थिक अपराध का एक नया रूप है, जिसमें सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स, उद्यम और फिनटेक प्लेटफॉर्म से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियां शामिल हैं। 11 मई को भारत की रिपोर्ट 'इंडिया डिजिटल वेलनेस रिपोर्ट' के अनुसार ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन करने वाले उपभोक्ताओं में से 68 फीसदी (10 में से 7) अपने निजी बैंक विवरणों को उन वेबसाइटों पर सहेजना चाहते हैं, जिन पर वे भरोसा करते हैं, जबकि अधिकांश 83 फीसदी उपभोक्ता वित्तीय धोखाधड़ी के तरीके से परिचित हैं। डा. राजेश पंत भारत के राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा समन्वयक हैं। उनके अनुसार भारत में प्रतिदिन 3500 ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी के मामले देखे जाते हैं। एफबीआई के अनुसार अपनी इंटरनेट क्राइम रिपोर्ट 2021 में, भारत में अमेरिका, यूके और कनाडा के बाद चौथी सबसे बड़ी संख्या में साइबर अपराध की घटनाएं दर्ज की गई थी। हम सभी आजकल जालसाजों, धोखेबाजों यानी साइबर अपराधियों से बहुत अधिक खतरे में हैं। यह साइबर अपराधी लुटेरों का एक ऐसा गिरोह होता है जिसमें आईटी एक्सपर्ट, मिमिक्री करने में माहिर और चालाक पुरुष व महिला कोई भी हो सकता है, कई बार बच्चों को भी अपराध में यह शातिर इस्तेमाल कर लेते हैं। यह शातिर हैं व अक्सर उपभोक्ता की मजबूरी, नासमझी व भोलेपन का दुरुपयोग करते हुए ये लोग ई-कॉमर्स की जटिलताओं का गलत लाभ लेते हुए वारदात करते हैं। ई-कॉमर्स के अंतर्गत मुख्य रूप से बीमा, बैंकिंग, अस्पताल, परिवहन, पर्यटन, लॉजिंग और बोर्डिंग, खाद्य सेवाएं, आवास और निर्माण, बिजली, शिक्षा, एलपीजी/गैस सिलेंडर, मनोरंजन, दूरसंचार और इंटरनेट आदि सेवाएं आती हैं। इन्हीं सेवाओं में सबसे अधिक साइबर अपराधी आजकल भोले-भाले लोगों पर हमले करते हुए उनकी गाढ़ी कमाई पर सेंध लगा रहे हैं। भोले-भाले आम नागरिक, उद्योग, यहां तक कि बैंकर, प्रशासनिक अधिकारी, गृह निर्माता और राजनेता हर समय कहते हैं कि साइबर अपराध का खतरा आज के समय में है। हिमाचल प्रदेश में तो अभी हिमाचल पुलिस के रिटायर्ड डीजीपी भी इन जालसाजों के जाल में फंस गए थे। मुख्य साइबर अपराधी सिम अदला-बदली, सिम फिशिंग (ई-मेल के माध्यम से), विशिंग (वॉइस कॉल के माध्यम से), स्मिशिंग, मनी म्यूल और ट्रोजन आदि तरीके अपनाते हैं। इन जालसाजों की इस भाषा को आम जनता को समझना बहुत जरूरी है। सिम अदला-बदली में जालसाज फिशिंग, विशिंग, स्मिशिंग या किसी अन्य माध्यम से ग्राहक की निजी जानकारी जैसे आधार कार्ड, फोन नंबर आदि इक_ा करते हैं। वे फिर मोबाइल ऑपरेटर से संपर्क करते हैं और बिना आपको बताए आपकी सिम ब्लॉक करवाते हैं और आपको मालूम ही नहीं चलता है। इसके बाद वे ग्राहक के रूप में फर्जी आईडी प्रूफ लेकर मोबाइल ऑपरेटर के रिटेल आउटलेट पर जाते हैं। मोबाइल ऑपरेटर असली सिम कार्ड को निष्क्रिय कर देता है और धोखेबाज को एक नया सिम प्राप्त हो जाता है। जालसाज तब चोरी की गई बैंकिंग जानकारी का उपयोग करके लेन-देन की सुविधा के लिए आवश्यक वन टाइम पासवर्ड (ओटीपी) उत्पन्न करता है। यह ओटीपी जालसाज द्वारा रखे गए नए सिम पर प्राप्त होता है। इस स्थिति से बचने के लिए हमें जो सावधानियां बरतनी चाहिएं, वे हैं : यदि आपके मोबाइल नम्बर ने सामान्य अवधि से अधिक समय से काम करना बंद कर दिया है, तो अपने मोबाइल ऑपरेटर से पूछताछ करें कि कहीं आप घोटाले के शिकार तो नहीं हो गए हैं। अपने बैंक खाते में गतिविधियों के बारे में सूचित रहने के लिए एसएमएस और ईमेल अलर्ट के लिए पंजीकरण करें। किसी भी अनियमितता के लिए नियमित रूप से अपने बैंक स्टेटमेंट और लेन-देन के इतिहास की जांच करें। दूसरा साइबर अपराध फिशिंग (ई-मेल के माध्यम से) में जालसाज बैंक अधिकारियों के रूप में अपने को पेश करते हैं और ग्राहकों को नकली ईमेल भेजते हैं, उनसे ईमेल में एक लिंक पर क्लिक करके अपनी खाता जानकारी को तत्काल सत्यापित करने या अपडेट करने के लिए कहते हैं। लिंक पर क्लिक करने से ग्राहक एक नकली वेबसाइट पर चला जाता है जो बैंक की आधिकारिक वेबसाइट की तरह दिखती है, जिसमें उसकी व्यक्तिगत जानकारी भरने के लिए एक वेब फॉर्म होता है। इस प्रकार प्राप्त जानकारी का उपयोग ग्राहक के खाते में धोखाधड़ी वाले लेन-देन करने के लिए किया जाता है। साइबर सुरक्षा बनाम उपभोक्ता सुरक्षा के कुछ महत्वपूर्ण सुझाव हैं कि किसी भी ऑर्डर जैसे टिकट बुकिंग या रद्दीकरण आदि के लिए केवल पंजीकृत/अधिकृत वेब पोर्टल या मोबाइल ऐप का उपयोग करें। केवल प्ले स्टोर के मोबाइल ऐप से खरीददारी करने की सलाह दी जाती है। जालसाजों द्वारा भेजे गए किसी भी अनधिकृत या संदिग्ध लिंक को न खोलें। किसी भी ऐसे लिंक पर व्यक्तिगत विवरण और बैंक खाता विवरण पोस्ट न करें जो आपको अधिकृत या विश्वसनीय नहीं दिखता है। ऐनी डेस्क, क्विक सपोर्ट, टीम व्यूअर (अक्सर उपभोक्ता उत्पादों, वस्तुओं और सेवाओं के लिए रिमोट कनेक्टिविटी सॉफ्टवेयर उपयोग किए जाते हैं), ऐसे ऐप डाउनलोड या उपयोग कभी न करें। किसी भी ऐसे व्यक्ति के साथ पिन और ओटीपी साझा न करें जिस पर आप भरोसा नहीं करते हैं या ऐसी परिस्थितियों में भरोसा नहीं किया जा सकता है। हमेशा अवांछित कॉलर्स, ई-मेल्स, एसएमएस को संदेह की दृष्टि से देखें।

> एम्स, नई दिल्ली ने पाया कि उसकी इन्टरनेट में सेंध लगा कर सेवाओं से समझौता किया गया और अनुचित नेटकर्व विभाजन के कारण एम्स के पांच सर्वर प्रभावित हुए। 2023 में प्राइस वाटर हाउस कूपर्स प्राइवेट लिमिटेड की महत्वपूर्ण रिपोर्ट में यह पाया गया कि भारत में आधे से अकिध धोखाधड़ी की घटनाएं 'प्लेटफॉर्म' धोखाधड़ी थीं, जो आर्थिक अपराध का एक नया रूप है, जिसमें सोशल मीडिया, ई-कॉमर्स, उद्यम और फिनटेक प्लेटफॉर्म से जुड़ी धोखाधड़ी गतिविधियां शामिल हैं। 11 मई को भारत की रिपोर्ट 'इंडिया डिजिटल वेलनेस रिपोर्ट' के अनुसार ऑनलाइन वित्तीय लेनदेन क रने वाले उपभोक्ताओं में से 68 फीसदी( 10 में से 7) अपने निजी बैंक विवरणों को उन वेबसाइटों पर सहेजना चाहते हैं, जिन पर वे भरोसा करते हैं, जबकि अकिधांश 83 फीसदी उपभोक्ता वित्तीय धोखाधड़ी के तरीके से परिचित हैं।

# उर्दू और केंद्रीय स्तर के रोजगार और नियुक्तियाँ



मोहम्मद ज़कीउल्लाह मिस्बाही

भारत के संविधान की अनुसूची VIII में 22 भाषाओं का उल्लेख है। उर्दू उनमें से एक है। इस प्रकार उर्दू एक संवैधानिक और राष्ट्रीय भाषा है। 2011 के भाषाई सर्वेक्षण के अनुसार जिसमें 576 भारतीय मातृभाषाओं का सर्वेक्षण किया गया, उर्दू सातवें स्थान पर है। जबकि 2001 के भाषाई सर्वेक्षण के अनुसार उर्दू का छठा स्थान था। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि भाषाई सर्वेक्षण भारत सरकार के गृह मंत्रालय के तहत रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त के कार्यालय द्वारा आयोजित किया जाता है।उर्दू पूरे भारत सहित समूचे विश्व में बोली जाने वाली भाषा है। उर्दू को भारत के कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों जैसे जम्मू और कश्मीर, दिल्ली, बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में पहली या दूसरी आधिकारिक भाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है।उर्दू विकिपीडिया के अनुसार 70/मिलियन (सात करोड़) लोग अपनी पहली भाषा के रूप में उर्दू बोलते हैं। जबकि दूसरी भाषा के तौर पर 160/मिलियन (16/करोड़) लोग उर्दू बोलते हैं। इस प्रकार कुल 230/मिलियन (23/करोड़) लोग उर्दू बोलते हैं। भारत सरकार के अधीन विशेष रूप से उर्दू के प्रचार और विकास के लिए एक तरफ जहाँ राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद है। जबकि दूसरी ओर सामान्य रूप से उर्दू और भारतीय भाषाओं के प्रचार और विकास के लिए केंद्रीय भारतीय भाषा संस्थान है। भारतीय भाषाओं में उर्दू की इसी महत्वता और स्थिति को देखते हुए गृह मंत्रालय ने उर्दू का दायरा शिक्षण और सार्वजनिक बोली की भाषा आदि से आगे रोजगार और नियुक्ति तक बढ़ा दिया है और केंद्रीय स्तर की नौकरियों और नियुक्तियों में उर्दू को परीक्षा के माध्यम के रूप में मान्यता दे दी है। इसलिए गृह मंत्रालय के तहत केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) की कई शाखाएं हैं। वे हैं (1) असम राइफल्स (एआर) (2) सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) (3) केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) (4) केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) (5) भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) (6) राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) (7) सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी)।प्रथम उल्लेख के अलावा उपरोक्त सभी प्रकार के पुलिस बलों में केंद्रीय स्तर की सभी नौकरियों और नियुक्तियों में 1 जनवरी 2024 से हिंदी और अंग्रेजी के अलावा उर्दू सहित 13 भारतीय और संवैधानिक भाषा परीक्षा का माध्यम होंगी। जो अब तक केवल हिंदी और अंग्रेजी में ही हुआ करता था। इसके अलावा एसएससी (कर्मचारी चयन आयोग) के तहत सीएचएसएल (संयुक्त उच्चतर माध्यमिक स्तर) और एमटीएस (मल्टी-टास्किंग स्टाफ) की नियुक्ति परीक्षाओं में उर्दू सहित 13 भाषाओं को परीक्षा का माध्यम का दर्जा दे दिया गया है। इसमें भी अब तक केवल अंग्रेजी और हिंदी में ही परीक्षाएं होती थीं। आईबीपीएस (इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सेलेक्शन) और आरआरबी (रेलवे भर्ती बोर्ड) भी प्रतियोगी परीक्षाओं के माध्यम के रूप में इन भाषाओं का उपयोग कर रहे हैं। पात्रता सह प्रवेश परीक्षा और संयुक्त प्रवेश परीक्षा जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में उर्दू सहित उपरोक्त भाषाओं को भी स्रोत/माध्यम के रूप में शामिल किया गया है। लिहाजा केंद्रीय स्तर की सभी प्रकार की परीक्षाओं में उर्दू अपनी जड़ें मजबूत कर रही है। अब केवल यह आवश्यक है कि अधिक से अधिक लोग उर्दू की ओर आकर्षित हों। रोजगार के अवसरों और संभावनाओं के लिहाज से उर्दू के महत्व को बताया जाना चाहिए और इसका अच्छी तरह से प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए ताकि स्कूली स्तर से ही उर्दू के प्रति छात्र और छात्राओं का झुकाव और रुझान तेजी से बढ़े।और आगे चल कर उर्दू में अपना भविष्य (करियर) संवारें।

**(लेखक एसएस प्लस टू हाई स्कूल, गोला, रामगढ़ में शिक्षक हैं)**

## नागरिक बोध

# जो बचा, अब उसे तो संभालो

**ये** कैसे नरभक्षी दिन हमारे सिर पर महीनों झूलते रहे। तूफान ऐसा बहा कि उसने साबुत इमारतें तो क्या, खंडहर तक नष्ट कर दिए और अब मसीहा फरमाते हैं, 'लो परमात्मा का शुक्र अदा करो, कि वह मौत की अंधेरी गुजर गई। अब अगर कुछ बच गया है तो उसकी सार-सम्भाल कर लो।' जी हां, जो बच गया, अब उसकी ओर देखते हैं। महीनों पूरी बंदी घोषित हुए बिना शहर-शहर की दुकानें ग्राहकों की वीरानगी झेलती रहीं। औद्योगिक विकास को दोबारा ज़िन्दा कर देने के नारे तो लगते रहे, लेकिन मांग से निपूती आधी ताकत पर काम करते कल कारखानों को हम अब शुभ सूचना दे रहे हैं कि 'लो महामारी की इस उठान की जवानी बीत गई। लगातार बूढ़े होते उसके मारक आंकड़े अब कांखते कराहते विदा ले रहे हैं।' अब दिलासा भरे आंकड़ों का युग आ गया, जो आपकी पीठ थपथपाने लगे। लो, लगता है बुरे दिन बीत गए। देखते ही देखते देश के अन्दर से बाहर से ला टीकों का ढेर लगा दिया। इनकी आपूर्ति करोड़ों में बढ़ा रहे हैं। प्राण जाये पर प्रण न जाये वाली सरकार यह कहती है कि इस साल के अंत तक इतनी भारी तादाद में टीके हर शहर के मैदान में आ जायें कि रास्ता रोक-रोक कर टीके आपका पीछा करेंगे कि भाई जान अब टीका लगाए बिना न जा पाओगे। राहत के दिन शुरू हो गए। वे दिन गये जब सरकार ने चार सौ का टीका निजी अस्पतालों को 1060 रुपये में बेचा था और अपने आप पर मुनाफाखोरी का इल्ज़ाम झेल लिया था, लेकिन हमने भी साहिब ज्यों ही विरोधियों को इस मसले की प्रत्यंचा खींचते देखा, यह खरीद-बेच का ढंग ही बंद कर दिया। अस्पतालों को बेचे टीके वापस ले लिए। देखा हमारी सरकार कितनी संवेदनशील है, ज्यों ही खबर मिली त्यों ही यह बिक्री बंद कर दी। वैसे सरकारी मुनाफाखोरी का आरोप हमें तो लगता है चुनाव सियासत के अन्तर्गत लगा है, तभी तो देखो शिकायतकर्ताओं ने तत्काल हमारा इस्तीफा भी मांग लिया। क्या यह कुर्सी की छीनझपट का गंदला खेल है? चुनावी वर्ष में तो चलता ही चलता है। लेकिन हमारी तत्परता देखिए, तुरंत इसकी खरीद-बेच बंद कर दी। अब सोच रहे हैं कौन सी माकूल नीति अपनायें कि टीका नीति के मनसबदार भूखे न मरें, चाहे वे कोरोना निरोधी टीके लगाने वाले हों या महामारी से मरीज़ की जान बचाने वाले प्रभावी टीके बेचने वाले हों। कितना शोर था कि रोगियों के लिए आक्सीजन सिलेंडर और वैंटीलेटरों की जम कर ब्लैक हो रही है, हमने इसके विरोध में चेतावनियों के बोर्ड और कालाबाजारों पर छापा मार कर उडऩ दस्ते तैयार कर दिये, लेकिन रब्ब बड़ा कारसाज़ है। लो देखो अब महामारी की दूसरी लहर की गिरावट अपने आप होने लगी। कमर चाहे उसकी महामारी के कारण टूटी, लेकिन दुआ अपने प्रशासन को दीजिए कि उसके महामारी से जूझ लेने के इरादों से घबरा संक्रमण अपने आप कम होने लगा। मरने वालों की संख्या कम हो गई तो हमने घोषणा की लीजिये मौत के हरकारों को सबक मिला।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में ग्राम स्तर पर शत-प्रतिशत स्वच्छता कवरेज को लेकर जिला स्तरीय बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में ग्राम स्तर पर शत-प्रतिशत स्वच्छता कवरेज के संबंध में जिला स्तरीय बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) के अंतर्गत किये जाने वाले कार्य और दिनांक 05.06.2023 से 12.06.2023 तक चलने वाले चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो राज्य स्तरीय अभियान के सम्बंध में आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल द्वारा बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) कार्यक्रम के अंतर्गत जितने भी लाभुक इस योजना से वंचित रह गए हैं उन लाभुकों को प्राथमिकता के आधार पर शौचालय निर्माण का लाभ पहुंचाया जाना है। आगे उन्होंने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन-ग्रामीण, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग एवं पंचायती राज विभाग के सयुंक्त प्रयास से दिनांक 05.06.2023 से 12.06.2023 तक माहवारी स्वच्छता कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य स्तरीय अभियान ÷चुप्पी तोड़ो स्वस्थ रहो÷ का आयोजन किया जाना है। इस अभियान के अंतर्गत मुख्यतः माहवारी स्वच्छता सम्बंधित चुनौतियों के बारे में जागरूकता अभियान चलाया जाना है।उपायुक्त श्री अबु इमरान ने निर्देश दिया कि जिला में जितने भी घर/परिवार उक्त योजना के अंतर्गत शौचालय निर्माण के लाभ से वंचित रह गए हैं उन्हें शत प्रतिशत यह लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने कहा कि कचड़ा मुक्त वातावरण और स्वच्छता के अनुरूप आचरण को हर एक व्यक्ति द्वारा व्यवहार में लाने से ही पूरे समुदाय को कचड़ा मुक्त और स्वच्छ बनाया जा सकता है। साथ ही 05.06.2023 से 12.06.2023 तक चलने वाले जन जागरूकता अभियान को जन भागीदार अभियान बनाने की बात उन्होंने कही। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, जिला समन्वयक पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल एवं अन्य संबंधित मौजूद थे।

# सड़क दुर्घटना में एक की मौत, एक घायल रेफर

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** थाना क्षेत्र के हुरनाली जंगल में मंगलवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक की मौत और एक घायल हो गया। जिन्हें ग्रामीणों के सहयोग से एंबुलेंस 108 से सिमरिया रेफरल अस्पताल लाया गया। जहां रोहित कुमार पिता बासदेव राम को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि गंभीर रूप से घायल किशोर कुमार को प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल हजारीबाग भेज दिया गया। ज्ञात हो कि कटकमसांडी थाना क्षेत्र के बरगड्डा गांव निवासी रोहित कुमार,पत्नी लक्ष्मी कुमारी और किशोर कुमार एक ही बाईक पर सवार होकर टंडवा थाना क्षेत्र के गोविंदपुर अपने ससुराल रश्म गुजारने जा रहे थे। उक्त युगल जोड़ी की शादी दो चार दिनों पूर्व हुई थी। इस बीच कटकमसांडी से सिमरिया की ओर आने के क्रम में हुरनाली जंगल के समीप बाईक अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई जिससे



रोहित कुमार की मौत मौके पर ही हो गई जबकि पत्नी लक्ष्मी कुमारी पूर्ण रूप से सुरक्षित व स्वस्थ है। तब यह कहावत चरितार्थ होता है कि जाको राखे सन्यायाँ मार सके ना कोई वहीं किशोर कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक को सिमरिया थाना लाया गया जिसे अंत्य परिक्षण के बाद परिजनों को सुपुर्द किया जाएगा।

## मुखिया की पहल पर बनाया गया चापानल, ग्रामीणों ने सराहा



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के टोटी तीनमुहान मे कई वर्षों से खराब पड़े चापानल को मुखिया के पहल पर बनाया गया। टोटी गाँव के ग्रामीणों के मुताबिक तीन मुहान मे लगे चापानल को पिछले कई वर्ष पूर्व हाइव वाहन की टक्कर से चापानल के ऊपरी हिस्सा सहित पूरा पम्प क्षतिग्रस्त हो गया था। जिससे आसपास के ग्रामीणों को पेयजल के लिए काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। टोटी पंचायत मुखिया शांति देवी के पहल पर काफी मसक्कत के बाद चापानल दुरुस्त कराया गया। चापानल दुरुस्त कराये जाने के बाद मुखिया को महिला पुरुष ने खूब सराहा।

## अंचल कोर्ट का हुआ आयोजन अनेकों मामला चल रहा है लंबित



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड सह अनचल परिसर के अंतर्गत अंचल ऑफिस में मंगलवार को अंचल कोर्ट का आयोजन अंचलाधिकारी जय शंकर पाठक के द्वारा किया गया। जहां सभी पुराने मामले लंबीत चल रहा है। बता दें कि सभी पुराने मामले हैं। जिसमें झम्मन भुइयां बनाम अशोक यादव नयाखाप गांव,छोटन गंझू बनाम शुकर ठाकुर महुआटांड बारीयातु गांव का मामला चल रहा है। नागेश्वर रजक एवं भेखलाल महतो मारंगी गांव निवासी, तथा राम रोहन बैठा वनाम जितेंद्र नाथ दांगी मारंगी का मामला जयराम यादव बनाम टेको माहतो इंदिरा गांव के है सभी मामला अंचल कोर्ट में लमबीत बताया गया है।

# लावालौंग में खानापूर्ति बनकर रह गई है बीस सूत्री की बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लावालौंग :** प्रखण्ड में बीस सूत्री समिति की बैठक महज एक दिखावा तथा खानापूर्ति बन कर रह गई है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के द्वारा बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति को सुदृढ़ करने के लिये लाख प्रयास किया जा रहा हैं, परंतु अधिकारियों पर इसका कोई भी असर दिखाई नहीं दे रहा है। बीस सूत्री के बैठक में प्रत्येक विभाग के पदाधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का कार्य प्रखण्ड अध्यक्ष छठु सिंह भोक्ता के द्वारा सुनिश्चित किया जाना है।परंतु यहां खाना पुर्ति के आलम का हद यह है कि प्रखंड अध्यक्ष को ही पता नहीं होता कि बैठक में किसे बुलाया गया है और किसे नहीं। ऐसे में बैठक में जो निर्णय लिया जाता है उस पर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं होती है। और ना ही पिछले बैठक में लिए गए एकाध निर्णय का समीक्षा किया जाता है।इस बावत मंगलवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीस सूत्री की एक बैठक आयोजित की गई परंतु यह बैठक भी एजेंडा विहीन दिखाई दिया। इसमें दौरान बाईस विभागों के अधिकारियों व कर्मियों को उपस्थित होना था।परंतु यहां चंद विभाग के कर्मियों की उपस्थिति ही दिखाई दी।इस बावत बातचीत के क्रम में बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष छठु सिंह भोक्ता नें कहा की बैठक में किसे बुलाया जाना है यह फैसला विभाग के द्वारा किया जाता है। यहां किन लोगों को बुलाया गया था इसकी जानकारी मुझे नहीं है। हालांकि मीडियाकर्मियों तक विभागीय पत्र बीस सूत्री अध्यक्ष के द्वारा ही भेजा गया था।

## शेल्टर होम और खाद्य बैंक का हुआ उद्घाटन

# यह शेल्टर होम पलामू प्रमंडल वासियों के लिए बेहतर साबित होगी : बंधू तिर्की



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** मंगलवार को लातेहार जिला के चंदवा प्रखंड के भुसाड़ गांव में गरीब और वेघर लोगों के लिए शेल्टर होम स्ट्रीट प्रोविडेंस ट्रस्ट गोवा के साथ मिल कर डाल्टनगंज कैथोलिक धर्मप्रांत ने इसकी शुरवात की।प्रोग्राम की शुरुवांत आर्च बिशप फिलीक्स टोप्पो, पूर्व शिक्षा मंत्री बंधू तिर्की, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह द्वारा संयुक्त रूप से शेल्टर होम और खाद्य बैंक की फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम का संचालन शिलवंती कुमारी कर रही थी।डाल्टनगंज के बिशप थियोडोर ने कार्यक्रम के शुरुवांत में सभी का स्वागत किया एवं सेल्टर होम के उद्देश्य को बताया। बिशप थियोडोर ने कहा की यह घर उन सभी लोगों के लिए है जिनका कोई नहीं है। जो बेघर सड़कों या यहां वहां भटकते रहते हैं। इस घर में उन सभी को रखा एवं मुप्त में सेवा की जाएगी। साथ ही साथ खाद्य बैंक का भी उदघाटन किया। बिशप थियोडोर ने कहा की खाद्य बैंक का मतलब है,यह जो फ्रीज है इसमें जो अच्छा भोजन है,जो बर्बाद हो जाता है। को ला कर डाला जाएगा जिसका प्रयोग शेल्टर होम के लोग करेंगे। बिशप थियोडोर ने यह भी कहा कि आज हम सभी को गरीब और बेघर लोगों के प्रति संवेदनशील होने की जरूरत है। आज यदि सभी चाहें तो कोई भूखा नहीं सोवेगा क्योंकि कितना अच्छा भोजन रोज बर्बाद होता है। आए हम इन्हें न फेकें। क्योंकि यह भी किसी का पेट भर सकता है। मनिका विधान सभा के एमएलए रामचंद्र सिंह ने इस महान कार्य के लिए धन्यवाद एवं प्रोत्साहन दी। इस कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री अतिथि बंधु तिर्की ने कहा यह जो घर का उदघाटन कर रहे हैं। यह लातेहार जिला के लिए ऐतिहासिक दिन है। क्योंकि आज जब हम समाज में देखते हैं, सभी सिमटते जा रहे हैं।

## मयूरहंड में दबंगई, फसल चुराए जाने पर अधेड़ की लाठी डंडे से हुई पिटाई से मौत के बाद हत्या का मामला दर्ज



**मयूरहंड (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मयूरहंड थाना क्षेत्र में फिर से एकबार दबंगई देखने को मिला है।थाना क्षेत्र के बेला निवासी अजीत सिंह पिता सुरेश सिंह के द्वारा थाना क्षेत्र के मंझौली गांव निवासी गौरी राणा के बीच पशुओं द्वारा फसल चराए जाने को लेकर पहले कहासुनी हुई और फिर बात बढ़ते बढ़ते लात घुंसे और लाठी-डंडे में बदल गया। अजीत सिंह और उनके पिता सुरेश सिंह के द्वारा मंझौली निवासी गौरी राणा की जमकर पिटाई की गई। जख्मी हालत में परिजन इसे घर ले गए और इलाज कराने लगे तत्पश्चात इलाज के क्रम में गौरी राणा की मौत हो गई।घटना बीते दिन सोमवार की है। घटना की खबर मिलने के बाद मयूरहंड पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया।वहीं मृतक गौरी राणा के परिजनों ने थाना पहुंचकर अजीत सिंह पिता सुरेश सिंह के खिलाफ हत्या का केस दर्ज करने को लेकर आवेदन दिया।मयूरहंड पुलिस द्वारा मृतक गौरी राणा के पुत्र के द्वारा दिए गए आवेदन के आधार पर कांड संख्या 35/23 भादवि की धारा 302 के तहत हत्या का केस दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई में जुट गयी। थाना प्रभारी रामवृक्ष राम दल बल के साथ त्वरित कार्रवाई करते हुए अजीत सिंह को इसके घर से धर दबोचा और न्यायिक हिरासत में चतरा उपकारा भेज दिया।

## ओवरहेड तार की चपेट में आने से मजदूर संजय की मौत, पसरा मातम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** धनबाद-गोमो रेल खण्ड के निचितपुर हाल्ट के रेलवे फाटक पर ओवरहेड तार के चपेट में आकर छह मजदूर जिंदा जलने वालो में एक मजदूर संजय भुईया जो बरवाडीह थाना क्षेत्र के मोरवाई का रहने वाला है। संजय भुईया की मौत की सूचना मिलते ही घर समेत पूरे गांव में कोहराम मच गया। मृतक संजय भुईया की पत्नी और बच्चे की चीत्कार सुनकर सभी के आंखों थम नही सके। संजय अपने घर का अकेला पुत्र था। उसके चार बेटी और एक बेटा है। मृतक संजय की पत्नी पूर्णिमा देवी की हालत बुरा है वह कहती है अब बाल बच्चे परिवरिश कौन करेगा। पांच बच्चे के भरण पोषण कैसे होगा। घर की माली स्थिति थी इस कारण पति काम करने धनबाद काम करने गए थे। वहीं मोरवाई पंचायत के मुखिया आशीष कुमार ने कहा कि मृतक संजय भुईया के परिवार व बच्चे को परिवरिश के लिए एक सदस्य के नोकरी और मुआबजे की मांग की है। उन्हों ने कहा कि संजय का शव को बुधवार को मोरवाई कला में ही दाह संस्कार किया जाएगा।

# दो लाख के इनामी नक्सली ने किया सरेंडर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। झारखंड सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर दो लाख के ईनामी प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन जेजेएमपी के एरिया कमांडर रघुनाथ सिंह खेरवार उर्फ रघु पिता लखन सिंह (लेधपा, बेन्दी, लातेहार) ने लातेहार पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, सीआरपीएफ 214 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अभिनव आनंद, समादेष्टा संदीप कुमार शर्मा के समक्ष मंगलवार को आत्मसमर्पण किया है। आत्मसमर्पण के बाद एसपी अंजनी अंजन ने गुलदस्ता व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। साथ ही दो लाख का चेक सौंपा गया। एवं रघुनाथ के पत्नी अनीता देवी को 214 बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल कि ओर से 50 हजार रुपए तत्कालिक सहायता राशि दी गई।अंजनी अंजन ने बताया कि सरकार के आत्मसमर्पण नीति से प्रभावित होकर रघुनाथ सिंह खेरवार ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि जो भी नक्सली मुख्यधारा से भटक कर जंगल में जीवन यापन कर रहे हैं। वह मुख्यधारा में लौट जाए पुलिस उसका स्वागत करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि नक्सली/उग्रवादियों के खिलाफ लातेहार पुलिस,झारखंड जगुआर, कोबरा, सीआरपीएफ के टीम अभियान चलाकर कई क्षेत्रों में बड़ी उपलब्धि हासिल की है। कई शीर्ष नक्सलियों को पकड़ा गया है। कई नक्सली मारे गए हैं। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे लगातार अभियान से नक्सली काफी कमजोर हो गए हैं। उन्होंने आगे कहा कि रघुनाथ सिंह खेरवार सुप्रीमो पप्पू लोहरा, गणेश लोहारा व लवलेश गंझू के साथ सक्रिय रूप से कार्य करता था। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्रा, पुलिस अवर निरीक्षक गौरव कुमार सिंह आदि मौजूद थे। रघुनाथ के उपर 10 अपराधिक मामले में भी दर्ज हैं।रघुनाथ 2003 में भाकपा माओवादी में हुआ था शामिल, 4 साल जेल में रहा, 50 डिसमिल जमीन हड़प लिया गया तो 2019 में जेजेएमपी में हो गया शामिल। आत्मसमर्पण के बाद रघुनाथ सिंह खेरवार ने प्रभात मंत्र से बातचीत में बताया कि पूर्व में जेजेएमपी उग्रवादी उपेन्द्र सिंह खरवार,मोहन परहिया, संजय प्रजापति, सत्येंद्र उरांव ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया है। जेल से निकलने के बाद सभी लोग परिवार व बच्चों के साथ अच्छी तरह से जीवन यापन कर रहा है। इससे प्रेरित होकर आत्मसमर्पण करने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि सबसे पहले 2003 में भाकपा माओवादी में शामिल हुआ था। वहां करीब 6 साल तक संगठन में कार्य किया। इसके बाद 2009 में चतरा सिमरिया में पकड़े जाने के बाद चार साल तक जेल में रहा। 2013 में जेल से बाहर निकलने के बाद अपने घर में खेती बारी कर जीवन यापन करने लगे। इसी दौरान मेरे 50 डिसमिल जमीन को गांव के लोगों ने हड़प लिया। काफी दौड़-धूप करने पर न्याय नहीं मिला तो 2019 में जेजेएमपी उग्रवादी संगठन में शामिल हो गया। वहां जाने के बाद मेरा 50 डिसमिल जमीन वापस मिल गया। उन्होंने आगे बताया कि संगठन के कई नक्सली आत्मसमर्पण करना चाहते हैं। कई नक्सली जंगल से बाहर निकल समाज के साथ जीना चाहते हैं।

## सबानो गांव में डोभा निर्माण में दिन दहाड़े जेसीबी का किया जा रहा है प्रयोग



**सिमरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखण्ड के सबानो गाँव में इन दिनों दिनदहाड़े जेसीवी के माध्यम से मनरेगा के तहत डोभा निर्माण जारी है। दुशरी ओर ग्रामीणों के विरोध करने पर सवेंदक मंटू उरांव द्वारा ग्रामीणों को देख लेने की दी जाती है धमकी। इधर गरीब ग्रामीणों को रोजगार मिलने के जगह अब उनके रोजगार पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। ऐसे में गरीब ग्रामीण रोजगार को लेकर दुशरे शहर पलायन करने पर मजबूर हैं । मामले को लेकर रोजगार सेवक से लेकर पंचायत सेवक तक को पूछे जाने पर केवल जांच करने की बात कह कर खाना पूर्ति करने में लगे। और तो और एक हीं जगह पर छह डोभा का निर्माण किया गया है। जो बिलकुल अनुपयोगी है। वहीं यह सरकारी डोभा निर्माण में महज रूपये का बंदरबाट किया जा रहा है। पानी का संचय से कोई लेना देना नहीं है। वैसे में सरकारी योजना का लूट का छूट बना हुआ है।

# उपायुक्त ने जनता दरबार में आए हुए आमजनों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जनता दरबार के माध्यम से समस्याओं को लेकर मिलने आए आमजनों की समस्याएं सुनी। जनता दरबार में उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता, जिला कल्याण पदाधिकारी अरूण कुमार एक्का, भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो समेत अन्य पदाधिकारी समाहरणालय के सभा कक्ष में मौजूद थे तथा सभी बीडीओ एवं सीओ ऑनलाइन/ऑफलाइन माध्यम से मौजूद थे। उपायुक्त ने आमजनों की समस्याओं से जुड़े अवेदनों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित पदाधिकारी को त्वरित गति से मामलों का नियमानुसार निष्पादन करने का निर्देश दिया। समस्याओं में मुख्य रूप से मानदेय, जमीन विवाद, आवास, सड़क, ड्राइविंग लाईसेंस, पेयजल संबंधित समेत अन्य मामले शामिल है। जनता दरबार के दौरान उपायुक्त श्री अबु इमरान ने जिले के सभी संबंधित पदाधिकारियों व सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों के साथ अभी तक जनता दरबार के माध्यम से प्राप्त मामले के निष्पादन एवं लम्बित अवेदनों का क्रमवार समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में उन्होंने लंबित अवेदनों की जानकारी लेते हुए साफ शब्दों में सभी संबंधित को कहा कि जनता दरबार में प्राप्त मामले का निष्पादन नियमानुसार शत प्रतिशत करना सुनिश्चित करें तथा सभी प्राप्त मामलों को अपने अपने स्तर से तत्वरित रूप निष्पादित करें। ज्ञात हो कि सप्ताह के प्रत्येक मंगलवार ओर शनिवार को पूर्वाह्न 11:30 बजे से 01:00 बजे अपराह्न तक समाहरणालय में उपायुक्त द्वारा जनता दरबार के माध्यम से आम जनों की समस्याएं सुन उनका निराकरण किया जाता है।

## आजादी के बाद भी जमींदारी प्रथा शुरू

# एदला गांव में पूर्व के जमींदार के वंशज अब गरीबों को कागजात देख बांट रहे हैं जमीन

➲ पुरे गांव में निजी अमिन से मापी कर जमींदारी के तहत जमा रहे हैं अपना हक

➲ अनुमण्डल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी ने मापी पर लगाया लगाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमरिया :** प्रखण्ड के एदला गांव में इन दिनों जमींदारी प्रथा जारी है। इसी आलोक में पूर्व एदला गाँव निवासी जमींदार के वंशज रणजीत सिंह,कारू सिंह,शिव सिंह,इंदर सिंह,सुरेंद्र सिंह,बीरेंद्र सिंह ने पूर्व के रिटर्न के अनुशार पुरे गाँव का भूखण्ड मापी करा रहे हैं। साथ हीं इसी एसटी द्वारा गैरमजुरवा भूमि पर काबिज को कागजात देख बेदखल करते हुए उक्त भूखण्ड को अपने कब्जे में किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि 1947 इसबी में देश आजाद हुआ और जमींदारी प्रथा 1952 इसबी में कांग्रेस सरकार के राज में तब्दील हो गया। उसके बाद सभी कार्य जमींदारी प्रथा से हट कर लोकतांत्रिक प्रणाली के तहत लगान व चुंगी अंचल कार्यालय में जमा किया जाने लगा। साथ हीं अंचल द्वारा बन्दोवस्ति या वासकित पर्चा देने का अधिकार बन गया। किन्तु अब पुराने रूल के हिसाब से अब जमींदार के वंशज अपना जमींदारी। रूतबा कायम कर रहें हैं। इधर जमींदार के वंशज का कहना है कि हमारे पूर्वज का जमीन एदला के पुरे गाँव में 1000 एक हजार एकड़ भूमि है जिसे हम लोग मापी करअधिग्रहण किए लोगों से कागजात देख अपना जमीन वापस ले रहे हैं। चाहे हुक्मनामा हो या भूदान यज्ञ कमिटी द्वारा जमीन हो। ऐसे में गरीब ग्रामीणों के बीच पुरे गाँव में नया जमींदारी प्रथा पर चर्चा और कौतूहल है।

## कला व वाणिज्य संकाय में प्रखंड क्षेत्र का रहा बेहतर परिणाम

**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित कला और वाणिज्य संकाय की परीक्षा में नरन्दलाल प्लस 2 उच्च विद्यालय अरु का कला संकाय मे असनी खाखा 423 अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। तथा गोविन्द यादव 396अंक के साथ दूसरे स्थान तथा आनन्द ठाकुर 377 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रहा। और वाणिज्य में कुल 33 छात्र छात्राओं में से 26 पास 4 अनुपस्थित और 3 फेल वही वाणिज्य संकाय में मुकेश साहु 354 अंक लाकर प्रथम, संदीप उराँव 353 अंक के साथ द्वितीय और जसवन्त उराँव 339 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रहा। जबकी विद्यालय से अन्य बेहतर प्रदर्शन कर नाम रौशन करने वाले छात्र छात्राओं को विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं और माता पिता द्वारा शुभकामना दिया गया।

## ग्राम सभा सशक्तिकरण को लेकर ग्राम प्रधानों को दिया गया प्रशिक्षण

**जलडेगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जलडेगा पंचायत भवन में मंगलवार को लीड्स संस्था के तत्वाधान में ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्राम सभा को सशक्त बनाने और हक अधिकार प्राप्ति की जानकारी देना था। संस्था के परियोजना समन्वयक आलोक कुमार ने ग्राम सभा को सशक्त करने, ग्राम सभा के आठ स्थाई समिति को मजबूत करना, ग्राम सभा के माध्यम से योजनाओं का चयन और उनका प्राथमिकीकरण करने की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से बताया। मौके पर उपस्थित फीया फाउंडेशन के ललिता और जलडेगा एफपीओ के सोनू ने भी ग्राम सभा के महत्व को बताया और उनकी मजबूती पर जोर देकर ग्राम सभा को सशक्त बनाने के लिए जानकारी दिया। उन्होंने ग्राम सभा में धन कोष, अन्न कोष और वस्तु कोष के विषय में भी जानकारी दी और ग्राम सभा में फंड निर्माण करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जोसेफ लुगुन, कलिंद्र प्रधान, सूरज कुमार, जगेश्वर बिंझिया, अमर तोपनो सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जीएम इंटर कॉलेज कला व वाणिज्य के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** जैक द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2023 जीएम इंटर कॉलेज कला एवं वाणिज्य के विद्यार्थियों ने गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी शानदार प्रदर्शन कर महाविद्यालय का नाम रोशन किए हैं। इस वर्ष कला में कुल 753 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 265 विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से पास किए हैं, 300 विद्यार्थी द्वितीय श्रेणी से तथा 150 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी से पास किए हैं । महाविद्यालय के टॉप टेन विद्यार्थियों में अमर कुमार 442 अंक प्राप्त कर महाविद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, अनुप्रिया 428 अंक लाकर द्वितीय स्थान प्राप्त की है, तथा शिवकुमार गुप्ता 422 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वाणिज्य संकाय में 25 विद्यार्थी शामिल हुए थे जिसमें शत प्रतिशत रिजल्ट प्राप्त किए हैं। विद्यार्थियों की इस सफलता पर महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार तथा सचिव विनय कुमार ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किए हैं । विद्यार्थियों को बधाई देने वाले में महाविद्यालय के कई शिक्षक शिक्षकेतर कर्मचारी भी सम्मिलित हुए जिसमें रंजन कुमार, दयानंद कुमार, विनय कुमार, रत्नेश कुमार, पंकज कुमार मेहता, दीपक कुमार, अजीत प्रसाद, उमेश ठाकुर, उर्मिला कुमारी, नीलिमा कुजुर, प्रीति कुमारी, पुष्पांजलि कुमारी, अजीत हादसा, रियाज अहमद, दीपेंद्र कुमार, संगम कुमारी, इत्यादि सम्मिलित थे।

### भाजपा नेता बटेश्वर ने कुलपति को सौंपा पत्र

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा नेता बटेश्वर प्रसाद मेहता ने मंगलवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ मुकुल नारायण देव से मुलाकात कर एक पत्र सौंपा जिसके माध्यम से इचाक प्रखंड में महिला महाविद्यालय खोलने की मांग की है। श्री मेहता ने पत्र में लिखा है कि इचाक प्रखंड में महिला कॉलेज का अभाव है और छात्राओं को काफी कठिनाइयों का सामना करने के बाद दूसरे जगहों पर पढ़ाई करने के लिए जाना पड़ता है। कई बार तो ऐसी स्थिति हो जाती है कि इंटर पास करने के बाद छात्राओं को पढ़ाई छोड़ देनी पड़ती है। भाजपा नेता ने पत्र में यह भी लिखा है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आलोक में चौक में महिला कॉलेज की स्थापना किया जाना अति आवश्यक है क्योंकि इस प्रखंड में 130 गांव हैं और प्रखंड मुख्यालय से सबसे दूर किए गांव 25 किलोमीटर पर बसे हुए हैं। कुलपति डॉक्टर देव ने आश्वासन दिया है कि इस पर शीघ्र ही विचार किया जाएगा और छात्राओं के हित में निश्चित तौर पर महाविद्यालय खोला जाएगा।

### पंचतत्व में विलीन हुए 1962, 65 व 71 युद्ध के योद्धा

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्व सैनिक चंद्रदेव पाण्डेय जो लुटा नावाडीह, हजारीबाग के रहने वाले थे,आज रात्रि 2ः00 बजे रांची के हॉस्पिटल में वे आखिरी सांस लिए। बताते चलें पूर्व सैनिक चंद्र देव पांडे तीन तीन युद्ध के साथ-साथ गोवा ऑपरेशन में भी भाग लिए थे। इनके दो पुत्र है सबसे बड़े प्रदीप कुमार पांडे सिगनल रेजीमेंट से 32 साल सेवा देकर हॉनरी लेफ्टिनेंट से सेवानिवृत्त हैं और छोटे पुत्र आर्म्ड रेजीमेंट से अनूप कुमार पाण्डेय 28 साल सेवा देकर सूबेदार से सेवानिवृत्त है। मौत का खबर सुनकर उनके अंतिम यात्रा में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा (पूर्व सैनिक) समाजसेवी शारदा रंजन दुबे के अलावा कई गणमान्य शामिल होकर नम आंखों से विदाई दिए।

### डाड़ी कलां पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बड़कागांव(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के डाड़ी कलां थाना कांड संख्या 11/17 के प्राथमिक अभियुक्त डाड़ी कलां निवासी अरशद मियां उर्फ छोटन पिता सुल्तान मियां को थाना प्रभारी मणिलाल सिंह के नेतृत्व में गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में हज़ारीबाग केंद्रीय कारा भेजा गया। अरशद मियां कांड संख्या 11/17 धारा 366, 376 भा द वि के प्राथमिक अभियुक्त थे। डाड़ी कलां थाना प्रभारी मणिलाल सिंह ने बताया की वरंटियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।

# राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया रामगढ़ जिले का दौरा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** माननीय राज्यपाल, झारखंड सी.पी राधाकृष्णन ने मंगलवार को रामगढ़ जिले का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने चितरपुर प्रखंड अंतर्गत भुचुंगडीह पंचायत के ग्रामीणों के साथ पंचायत भवन, भुचुंगडीह में सीधा संवाद किया। केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभ को लेकर ग्रामीणों से जानकारी लेने के क्रम में माननीय राज्यपाल ने महिलाओं के बीच सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता की सराहना करते हुए कहा कि अगर महिलाएं आत्मनिर्भर हो तो वे न केवल अपने बच्चों की शिक्षा, बल्कि अपने पूरे परिवार का अच्छा भविष्य सुनिश्चित कर सकती है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, विभिन्न पेंशन योजनाओं, आयुष्मान कार्ड सहित अन्य योजनाओं के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करते हुए वैसे ग्रामीण जिन्हें किसी कारणवश योजना का लाभ नहीं मिल पाया है उन्हें लाभ दिलाने का निर्देश जिला प्रशासन, रामगढ़ के अधिकारियों को दिया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने समूह से जुड़ने के उपरांत उन्हें हुए लाभ के बारे में माननीय राजपाल को जानकारी दी जिस पर माननीय राज्यपाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अन्य महिलाओं से वैसी महिलाओं जिन्होंने सरकार की योजनाओं से लाभ लिया है उनसे प्रेरणा लेकर स्वयं भी जागरूक होने एवं अपने क्षेत्र के और लोगों को भी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने की अपील की।कार्यक्रम के दौरान माननीय राज्यपाल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर आवास योजना अंतर्गत मंगोती देवी, फूलोंझानो आशीर्वाद योजना अंतर्गत सविता देवी को रू 10000 का चेक, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत महिमा कुमारी को स्वीकृति पत्र, सोना सोबरन धोती साड़ी योजना के तहत धनेश्वरी देवी, बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत तरन्नुम आरा (मनरेगा के तहत ?179000) स्वीकृति पत्र प्रदान किया। इसके पूर्व भुचुंगडीह पहुंचने पर उपायुक्त, रामगढ़ माधवी मिश्रा एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक रामगढ़ मनोज रतन चौथे के द्वारा पौधा देकर माननीय राज्यपाल का रामगढ़ जिले में स्वागत किया गया जिसके उपरांत जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा माननीय राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रशासन रामगढ़ के वरीय अधिकारियों, अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## जिप सदस्य की पहल से बनवारी में 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर मिला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरकट्ठा :** जिला परिषद सदस्य प्रेरणा प्रिया के पहल पर बरकट्ठा प्रखण्ड अंतर्गत शिलाडीह पंचायत के ग्राम बनवारी में 25 केवीए के जगह 63 KVA का ट्रांसफार्मर मिला। बनवारी के ग्रामीण पिछले कई महीनों से बिजली की समस्या से परेशान थे।जिसकी सूचना ऋद्धष्ठ नेता असमत अली, समाजसेवी नईम अंसारी, शिक्षक मुजीब अंसारी,हैदर अंसारी,रियासत अंसारी, मुस्तकीम अंसारी के माध्यम से जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया को मिली।जिप सदस्य प्रेरणा प्रिया ने 24 घंटे के अंदर समस्या को समाधान करते हुए 25 केवी का ट्रांसफार्मर के जगह 63 KVA का ट्रांसफॉर्मर उपलब्ध कराया। इस अवसर पर समाजसेवी सी.के पाण्डेय,नईम अंसारी व अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे। ट्रांसफार्मर मिलने पर बनवारी के ग्रामीणों ने जिप सदस्य को धन्यवाद दिया।

## स्वच्छ भारत मिशन के तहत उपायुक्त की अध्यक्षता में हुआ बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। इस दौरान सर्वप्रथम कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल रामगढ़ आनंद कुमार के द्वारा उपायुक्त एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को जानकारी दी गई कि सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक में रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी ग्रामीण क्षेत्रों में योग्य



एवं जरूरतमंद लोगों को शौचालय उपलब्ध कराने का निर्देश प्राप्त है। इसके लिए सभी प्रखंडों में ग्रामसभा एवं जलसहियाओ के द्वारा लाभुकों का चयन किया जाना है। लाभुकों को शौचालय उपलब्ध कराने का कार्य जून माह के अंत तक पूर्ण कर लिया जाना है। साथ ही उन्होंने इस संबंध में प्राप्त अन्य निर्देशों के संबंध में विस्तार से सभी को जानकारी दी।बैठक के दौरान उपायुक्त ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को जल्द से जल्द अपने प्रखंड में जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक सुनिश्चित करते हुए उक्त निर्देश का शत प्रतिशत अनुपालन कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने योग्य व जरूरतमंद लोगों को शौचालय उपलब्ध कराने के तहत जो भी कार्य प्रखंड में किए जा रहे हैं उससे संबंधित प्रतिवेदन ससमय जिला स्तर पर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान वन प्रमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला स्तरीय पदाधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## बीओआई शाखा प्रबंधक ने सभी बीसी केंद्रों के संचालकों के साथ कैम्प आयोजित की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ बैंक ऑफ इंडिया शाखा प्रबंधक के निर्देशानुसार विष्णुगढ़ ब्लॉक चेडरा पंचायत भवन में बैंक ऑफ इंडिया बी.सी सुजीत कुमार श्रीवास्तव के द्वारा कैम्प का आयोजन किया गया। जिसमें बैंक ऑफ इंडिया के लगभग सभी बी.सी केंद्रों के संचालक मौजूद रहे । आयोजित कैम्प में आये लाभार्थियों एवं बैंक ऑफ इंडिया के ग्राहकों के बीच सुजीत कुमार श्रीवास्तव ने बैंक की योजनाओं




एवं बीमा संबंधित विस्तृत जानकारी दी ।बैंक द्वारा दी जाने वाली प्रधानमंत्री सुरक्षा योजना,प्रधानमंत्री जनधन योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के लाभ की विशेष जानकारी दी गई ।इस मौके पर हज़ारीबाग बैंक ऑफ इंडिया जेड.ओ,विष्णुगढ़ बीओई शाखा प्रबंधक समेत दर्जनों की संख्या में लोगो की उपस्थिति रही ।

## पीवीयूएन पतरातु द्वारा व्यावसायिक सिलाई प्रशिक्षण की शुरुआत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पतरातू :** पीवीयुएन के सामुदायिक विकास कार्य के तहत स्वर्णरेखा महिला समिति के सहयोग से आस-पास के ग्रामो की 50 महिलाओ को आत्मनिर्भर वनाने के उद्देश्य से त्रिमासिक सिलाई प्रशिक्षण का शुभारम्भ पीवीयुएन परियोजना प्रमुख रविन्द्र कुमार द्वारा किया गया। महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण का कार्य श्रमिक शिप्पी समिति द्वारा किया जायेगा। प्रशिक्षण का मुख्य



उद्देश्य महिलाओं व्यावसामिक सिलाई का प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोडना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्धघाटन दीप प्रजलन कर किया गया। उद्धघाटन समारोह में मुख्य रूप से नीरज कुमार रॉय प्रमुख मा0सं0 पीवीयुएन,स्वर्ण रेखा महिला समिति की सदस्य,श्रमिक शिल्प समिति तथा प्रशिणर्थी उपस्थित थे।

## विष्णुगढ़ बड़की बंधिया गहरीकरण की बाट जोह रहा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़, बेड़ाहरियारा पंचायत के रमुआँ में अवस्थित बड़की बंधिया आज जलकुंभी एवं नाले के गंदे पानी के जाने की वजह से दूषित हो गया है,आने-जाने के क्रम में तालाब की ओर से सड़ाँध जैसी बदबू आती है। कभी यह बड़की बंधिया अपनी खूबसूरती एवं ऐतिहासिक दृष्टिकोण से काफी महत्वपूर्ण स्थान रखती थी,परन्तु अभी के समय मे कोई इसकी ओर देखना नही चाहता। पानी हाथ मे लेने से घण्टो तक हाथ से बदबू नही जाती।मिट्टी के कटाव से काफी मात्रा में मिट्टी तालाब में जाने से अपनी गहराई खो चुकी है,जिससे पानी जमा रखने की क्षमता भी कम हो गई है ।ग्रामीणों की माँग पर स्थानीय माण्डू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने बड़की बंधिया के गहरीकरण की अनुशंसा किये हुए लगभग एक वर्ष होने के करीब है । माण्डू विधायक ने पुनः इसकी पुनरावृत्ति करते हुए,बीते सत्र में भी बड़की बंधिया के गहरीकरण के लिए प्रश्न किया,सत्र के दौरान इसे स्वीकार करते हुए इसे प्रस्तावित बताया गया,परन्तु अभी तक बड़की बंधिया के गहरीकरण कार्य आगे नही बढ़ पाया है। इस पर जानकारी देते हुए लघु सिंचाई परियोजना, रामगढ़ डिवीजन कनीय अभियंता सुमन चंद्रा ने बताया कि पिछले इस्टीमिट में त्रुटि थी,जिसे सुधार कर वरीय अधिकारियों को अग्रसारित किया जा चुका है । बड़की बंधिया अपनी सुंदरता के अलावे विष्णुगढ़ के इतिहास को भी अपनी बाहों में समेटे है,बड़की बंधिया के बगल में विष्णुगढ़ राजा लक्ष्मण कुवँर का किला हुआ करता था,जहाँ अभी उस स्थान पर आई.टी.आई कॉलेज बन रहा जो लगभग आधा हो चुका है। बड़की बंधिया से दो नहर निकलती है,पूर्व के वर्षो में नहर में पानी रहने से कई सौ एकड़ में फसल उगती थी,परन्तु अभी सैकड़ो एकड़ परती रहती है। तालाब के गहरीकरण हो जाने से सैकड़ो एकड़ हरी-भरी फसल से लहलहा उठेंगी। विष्णुगढ़ में एकमात्र तालाब होने की वजह से अभी भी मजबूरी वश इस बड़की बंधिया में मांगलिक कार्य किये जाते है। दुर्गा पूजा में नवपत्रिका इसी तालाब से मंडप में जाता है। सभी पूजा में प्रतिमाओं का विसर्जन भी इसी बड़की बंधिया में किया जाता है । ग्रामीणों की जनआकांक्षाए है,कि जल्द से जल्द सिंचाई एवं धार्मिक कार्यो के अनुष्ठान के लिए बड़की बंधिया का गहरीकरण एवं सुंदरीकरण किया जाय ।

## उम्मीदवारों के बीच किया गया नियुक्ति पत्र का वितरण



**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैन्सी सहाय, ने समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई में विभिन्न पदों पर चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएसएस शताब्दी मजुमदार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इन्दु प्रभा खलखो उपस्थित थे। उपायुक्त ने चयनित कर्मियों को शुभकामना देते हुए कहा कि, आप अपने कर्त्तव्य के प्रति सजग एवं सवेदनशील रहें तथा अपने-अपने दायित्व का निर्वाहन ससमय करें। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बताया कि महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग अधीन जिला बाल संरक्षण इकाई अन्तर्गत संविदा के आधार पर संरक्षण पदाधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख), परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्ता, आंकड़ा विश्लेषक, लेखापाल, साहयक-सह-डाटा इंट्री आपरेटर एवं आउटरीच कार्यकर्ता के कुल-8 पदों पर जिला स्तरीय विज्ञापन का प्रकाशन किया गया था। इन सभी पदों पर शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चयन की प्रक्रिया पुरी की गई। उन्होंने सभी चयनित उम्मीदवारों को 15 दिनों के अन्दर संबंधित कार्यालय में योगदान करने का निदेश दिया है। इस अवसर पर विधि-सह-परिवीक्षा पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, लिपिक अभिषेक कुमार सिंह, सहायक-सह-डाटा इंट्री आपरेटर सतीश कुमार रजक, कम्प्यूटर आपरेटर विजय कुमार दास, मुक्ति डालिम कुजूर उपस्थित थी।

## शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल जरूरी : सिमरन राजीव जयसवाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दुलमी प्रखंड अंतर्गत सिकनी गांव के झारखंड मैदान में खेलो झारखंड कार्यक्रम के तहत जागृति विकास समिती के द्वारा सात दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया. जिसमे बतौर मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा की समाजसेवी सिमरन राजीव जयसवाल ने उद्घाटन किया. इस कार्यक्रम में सिकनी बिरहोंहें के सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे अंडर 15 के कुल 115 बच्चों ने भाग लिया. वही सिमरन राजीव जयसवाल ने कहा की इस प्रतियोगिता के आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्र छात्राओं का सर्वागीन विकास उनमें अनुशासन,नेतृत्व, टीम भावना,प्रतिस्पर्धा की भावना व निर्णय लेने की क्षमता को विकसित



करना है. इस आयोजन के लिए मैं समिती आभार प्रकट करती हूं की ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजन किए जा रहे है. चूंकि खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास भी होता है. एक ओर जहां बच्चे अभी मोबाइल में गेम खेलने के चक्कर में पूरा समय व्यतीत कर देते है, जिससे उनमें खेल भावना जागृत नही हो पाती है. ऐसे आयोजन बच्चों के आगामी भविष्य के लिए मिल का पत्थर साबित होगा. वही इस सात दिवसीय आयोजन में बच्चों को इवेंट बॉलीबॉल, कबड्डी,एथलेटिक्स, रग्बी, जैवलिन का प्रशिक्षण दिया जाएगा. वही इस मौके पर सीएम महतो, प्रशिक्षणकर्ता भास्कर कुमार, नीतीश कुमार, प्रेम कुमार महतो,गिरधारी महतो, राजेश मुंडा,बलदेव ठाकुर रसियन महतो, विवेक कुमार,चंदेश महतो, चितरंजन महतो सहित सैंकड़ों बच्चे उपस्थित थे।

## अर्जुन प्रसाद केशरी अंडर 14 टूर्नामेंट का विजेता बना बरही बीएसए

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** प्रखंड मैदान में चल रहें सात दिवसीय सीरीज अर्जुन प्रसाद केशरी अंडर 14 टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मंगलवार को खेला गया। जिसमें टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी बरही बीएसए की टीम ने 14 ओवर में 10 विकेट खोकर 79 रन का लक्ष्य दिया। वहीं लक्ष्य का पीछा करने उतरी स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया की टीम ने 15.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 69 रन ही बना सकी। इस तीन दिवसीय मैच में 3-1 से बरही बीएसए सीरीज पर कब्जा जमा लिया। वहीं इस मैच में मैन ऑफ द मैच प्रिंस कुमार को चुना गया। इस श्रृंखला में बेस्ट बल्लेबाज सूरज कुमार, बेस्ट बोलर प्रिंस कुमार यादव व बेस्ट




फील्डर सत्यम कुमार को चुना गया। मैच में निर्णायक की भूमिका रिंकी राणा, वर्षा कुमारी एवं अनीशा कुमारी स्कोरर की भूमिका निभाया। इस खेल में शामिल बतौर मुख्य अतिथि चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश ज्ञानी, प्रायोजक व्यवसायिक मनोज कुमार ने विजेता व उप विजेता टीम को ट्रॉफी देकर पुरुष्कृत किया। मौके पर बीएसए संरक्षक अब्दुल मनान वारसी, बलराम केशरी, संतोष कुमार, भोला कुमार, संतोष शर्मा, सूरज कुमार, ऋषि वर्मा, नीरज यादव, सुशांत वर्मा सहित कई अन्य लोग मौजूद थे। हालांकि यह सात दिवसीय सीरीज था, लेकिन बीएसजी तिलैया चार मैच खेलकर अस्वीकार करने पर फिर से पुनः तीन दिवसीय सीरीज मैच स्पोटिंग यूनियन तिलैया के बीच खेला गया।

## जनता दरबार में दो दर्जन से अधिक मामले आए

**हजारीबाग(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने मंगलवार को जनता दरबार का आयोजन किया गया। साप्ताहिक आयोजित होने वाले जनता दरबार में जिले वासियों की समस्याओं के निवारण के लिए उपायुक्त के समक्ष लगभग दो दर्जन से अधिक मामलो के आवेदन आए। जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के समस्याओं से निष्पादन की आस लिए आए नागरिकों के फरियाद को सुन उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को जांचोपरांत न्याय संगत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त वेश्म में आयोजित जनता दरबार में फरियादियों द्वारा आम गैर मजुरूआ रास्ता में जबरन मकान बनाने के संबंध में, एलपीसी निर्गत करने के संबंध में, पारिवारिक विवाद निपटारा के संबंध में, अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान के संबंध में,जीविकोपार्जन के लिए रोजगार उपलब्ध कराने के संबंध में,पीएम आवास योजना में अनिमियतता के संबंध में,खतियानी जमीं हड़पने के संबंध में,भू रैयतों का मुआवजा भुगतान करने के संबंध में एवं इस दौरान रोजगार, मनरेगा,भूमि, म्यूटेशन, पेंशन, भूमिअधिग्रहण,आवास, राशन आदि समस्याओं से संबंधित आवेदन आए तथा उन आवेदनों को मार्क कर संबंधित अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के आदेश दिए।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## शिंगल्स को लेकर जागरूकता और बचाव के लिए जीएसके ने अमिताभ बच्चन से मिलाया हाथ

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** जीएसके ने शिंगल्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिष्ठित अभिनेता अमिताभ बच्चन के साथ गठजोड़ का एलान किया है। शिंगल्स एक दर्दभरी बीमारी है, जिससे 50 साल से अधिक उम्र का हर तीसरा वयस्क पीड़ित है। कैंपेन फिल्म में शिंगल्स के कारण होने वाले बेतहाशा दर्द और जीवन पर इसके कारण पड़ने वाले दुष्प्रभाव को दर्शाया गया है। इस कैंपेन फिल्म में यह महत्वपूर्ण संदेश दिया गया है कि टीकाकरण के माध्यम से बुजुर्गों को इस दर्दभरी बीमारी से बचाना संभव हो सकता है।इस साझेदारी को लेकर अमिताभ बच्चन ने कहा, शिंगल्स बहुत दर्दभरी बीमारी है और इसके कारण वरिष्ठ नागरिकों का जीवन ठहर जाता है। शिंगल्स से बचाव के लिए वरिष्ठ नागरिकों को समय रहते अपने डॉक्टर से बात करनी चाहिए, जो उन्हें बचाव का संभावित तरीका बता सकते हैं।शिंगल्स उसी वायरस के कारण होता है, जिससे चिकनपॉक्स होता है। चिकनपॉक्स ठीक होने के बाद भी यह वायरस शरीर में निष्क्रिय रूप से पड़ा रहता है। जैसे-जैसे उम्र बढ़ने के साथ शरीर की इम्युनिटी कमजोर होने लगती है, यह वायरस फिर सक्रिय होता है और शिंगल्स का कारण बनता है। 50 साल से ज्यादा उम्र के 90 प्रतिशत से ज्यादा भारतीयों के शरीर में यह वायरस है और उनमें शिंगल्स होने का खतरा है।जीएसके की मेडिकल डायरेक्टर डॉ. रश्मि हेगड़े ने कहा, अमिताभ बच्चन पहले भी कई बीमारियों के प्रति जागरूकता लाने और टीकाकरण कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के अभियानों का चेहरा रह चुके हैं और उनके समर्थन से लोगों को उन बीमारियों से बचाव के जरूरी कदम उठाने के लिए प्रोत्साहित करने में मदद मिली है।




## टुंडी के प्रतापुर शतचंडी यज्ञ में पहुचे माना पाठक यज्ञ कमिटी को किया सहयोग

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** टुंडी के प्रतापपुर गांव में आयोजित सात दिवसीय श्री श्री 108 श्री शतचंडी महायज्ञ में पहुचे जनहित मोर्चा के माना पाठक कलश यात्रा में शामिल हुए और बाबा नंदानाथ महादेव के चरणों में माथा टेका और टुंडी की जनताओं के हित की कामना किया ।एवं यज्ञ कमिटी को सहयोग के रूप में कुछ नगद राशि प्रदान किया एवं समापन के दिन अपने निजी मद से भंडारे में मदद करने की बात कहीं।बताया जाता हैं कि जनहित मोर्चा के संस्थापक सह अध्यक्ष माना पाठक क़े द्वारा इन दिनों लगातार धार्मिक स्थलों का दौरा किया जा रहा हैं एवं हर अनुठानों में मदद कर किया जा रहा हैं ।मौके पर माना पाठक के अलावा उनके निजी सचिव मुरारी सिंह ,सुभाष तिवारी,मनोज पाण्डेय,अरूण रवानी,मंटू ठाकुर ,मनोज महतो सहित सैकड़ों जनहित मोर्चा समर्थक मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

## मांडू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सोनडिहा में जदयू पार्टी पंचायत कमेटी गठन को लेकर एक बैठक किया गया

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मांडू विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सोनडिहा में जदयू पार्टी पंचायत कमेटी गठन को लेकर एक बैठक किया गया जिसकी अध्यक्षता मांडू प्रखंड अध्यक्ष श्री राधेश्याम महतो जी ने किया।जिसमें जदयू के सभी क्रियाशील सदस्यों एवं पार्टी के पदाधिकारियों के द्वारा सर्व समिति से 1. सोनडीहा पंचायत अध्यक्ष श्री लिलेश चौधरी एवं पंचायत सचिव रहमान अंसारी 2. मीडिया प्रभारी प्रीतम कुमार 3.महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सबीना परबीन, सचिव अनिता देवी,उपाध्यक्ष कंचन देवी, सह सचिव मुनियां देवी , कोषाध्यक्ष रेखा देवी को चयन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद मांडू विधानसभा प्रभारी दुष्यंत कुमार पटेल ने नवगठित सभी पंचायत पदाधिकारियों को माला पहनाकर स्वागत किए और बोले आगामी 2024 चुनाव को देखते हुए पूरे मांडू विधानसभा के सभी पंचायतों में जल्द से जल्द पंचायत कमेटी गठन को लेकर प्रयासरत जारी है और इस बार मांडू सीट फतेह हासिल करना है।जिसमें उपस्थित रामगढ़ जदयू ज़िला अध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, प्रदेश महासचिव जगदीश महतो, जिला सचिव इम्तियाज अंसारी, उमेश साव, जिला कोषाध्यक्ष रमाकांत पटेल, मांडू महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष रबिया खातुन, मांडू प्रखंड सचिव बालेश्वर तुरी, बच्चन महतो, देवनाथ महतो, विनोद महतो, महेश महतो , बच्चन कुमार महतो, बालेश्वर महतो, एकबाल मिर्जा, दिनेश्वर तुरी, राजू तुरी , अब्दुल रब , जमरूदीन अंसारी,आदि सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## झारखण्ड निर्माण मजदूर यूनियन की बैठक

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दोहाकातु पंचायत के कोठा दापैन मुंडा टोला में झारखण्ड निर्माण मजदूर यूनियन की बैठक में 9 सदस्यीय ब्रांच कमिटी का गठन किया गया। जिसमें मनोज मुंडा को अध्यक्ष तथा रामफल महतो सचिव, कामेश्वर महतो, संजय मुंडा, गांधिक मुंडा, रिक्ती देवी,पुनम देवी, गणेश मुंडा, एवं सुखी मुंडा कमिटी सदस्य के रूप में चुने गए। इस अवसर पर झारखण्ड निर्माण मजदूर यूनियन के जिला प्रभारी सरयू बेदिया ने कहा कि आज मजदूरों को काम नहीं मिल रहा है। वे कार्य स्थल पर जाते तो हैं पर वापस लौट आते हैं।महंगाई के साथ बेतहाशा बढ़ती बेरोजगारी में मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी नसिब नहीं है। केंद्र व राज्य सरकारें लगातार मजदूर विरोधी कानूनों को लागू करने के कारण जैसे तैसे उनकी जिंदगी चल रही है। इसलिए मजदूरों को अपनी यूनियन की सदस्यता ग्रहण कर अपनी आवाज को बुलंद करने की जरूरत है। आगामी 22 जून को निर्माण मजदूर यूनियन की राज्य स्तरीय सम्मेलन की तैयारी पर चर्चा की गई। इस अवसर पर अमल घोषाल, बृज नारायण मुंडा, रामफल महतो, कामेश्वर महतो, संजय मुंडा, मनोज मुंडा, गांधिक मुंडा, गणेश मुंडा,रिक्ती देवी,पुनम देवी, सुखी मुंडा सहित दर्जनों मजदूरों की भागीदारी हुई।

## मारवाड़ी महिला समिति ने प्रतिभा सम्मान समारोह का किया आयोजन

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मारवाड़ी महिला समिति रामगढ़ शाखा द्वारा स्थानीय जैन भवन के सभागार में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम में समिति के द्वारा आईसीएससी एवं सीबीएससी 2023 के 10 th एवं 12th के 90ब से अधिक अंक लाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल एवं सम्मान पत्र देकर बच्चों का हौसला अफजाई की गई तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए समिति के सदस्यों द्वारा शुभकामना दी गई उक्त कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया उक्त जानकारी देते हुए समिति की अध्यक्षा निशा जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित करना है इस अवसर पर अध्यक्षा निशा जैन के अलावा सचिव सिंपल बरेलिया ,अरुणा जैन, प्रिया अग्रवाल, स्वाति अग्रवाल, उर्मिला शाह, राखी शर्मा ,सरिता जैन आदि शामिल थी ।

## GOVERNMENT OF JHARKHAND
## DEPARTMENT OF AGRICULTURE, ANIMAL HUSBANDRY & COOPERATIVE
## SUB MISSION ON AGRICULTURAL EXTENSION (SMAE) UNDER KRISHONNATI YOJNA

**शुद्धि पत्र**

State Coordinator/Accountant-cum-Clerk के रिक्त पदों पर चयन के संबंध में प्रकाशित इस कार्यालय के विज्ञापन संख्या–**पी0आर0 297852(Agriculture)23-24*D** में अंकित पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता (Qualification) में निम्नांकित शर्त सम्मिलित किया जाता है –

State Coordinator पद हेतु भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से ही Agriculture, Agriculture Extension, Agronomy, Horticulture, Fisheries, Soil Science, Agriculture Economics and allied sector में डॉक्टरेट/स्नातकोत्तर की उपाधि तथा Accountant-cum-Clerk पद हेतु सरकार द्वारा अधिसूचित सक्षम प्राधिकार द्वारा मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से स्नातक की उपाधि ही मान्य होगी।

Sd/-Director
SAMETI, Jharkhand

Sd/-Director
Agriculture-cum-State Nodal Officer (SMAE), Jharkhand

PR298711 (Agriculture)23-24*D

# श्रमिक प्लस टू सिरका कॉमर्स 12वीं के परिणाम में लड़कियों ने परचम लहराया, रिजल्ट रहा शत प्रतिशत

### 23 छात्र प्रथम और चार द्वितीय स्थान से हुए पास, शिक्षको ने दिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल सिरका वाणिज्य 12वीं छात्रों का परिणाम मंगलवार दोपहर घोषित हुआ। इसमें विद्यालय के कॉमर्स इंटर परीक्षा में कुल 27 छात्र शामिल हुए थे। जिसमें प्रथम 23 और द्वितीय 4 छात्र रहे। कॉमर्स 12वीं का परिणाम शत प्रतिशत रहा। इनमें कॉमर्स प्रथम टॉपर पीहू कुमारी 348 अंक, द्वितीय टॉपर निधि कुमारी 374 अंक, तृतीय टॉपर पलक कुमारी 367 अंक लाकर रही। वहीं बेहतरीन सफलता पर प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे, शिक्षक विकास प्रजापति, पिंटू कुमार दास, पूनम कुमारी, मनीषा कुमारी वाणिज्य शिक्षक मोहम्मद कैसर, हेमंती कुमारी, ब्यूटी कुमारी, सत्य प्रकाश, आबिद हुसैन, शशि सुमन, आदित्य कुमार, श्रीनिवास शर्मा ने छात्रों को आशीर्वाद, शुभकामनाएं व बधाई दिया हैं। साथ ही कहां कि पढ़ाई, लिखाई के क्षेत्र में सदैव आगे बढ़ते रहें। इधर कॉमर्स 12वीं के शानदार परिणाम ने विद्यालय का नाम पूरे कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र में रोशन किया है। इसे लेकर आम लोगों, अभिभावकों ने शिक्षकों के सटीक मार्गदर्शन और छात्रगणो की कड़ी मेहनत को बताया हैं।

## अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल-20 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का संपन्न

**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** छावनी फुटबॉल मैदान में रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा आयोजित स्वर्गीय अवधेश कुमार गुप्ता मेमोरियल ञ्20 लीग क्रिकेट टूर्नामेंट 2023 का मंगलवार मे मेघा फाइनल मैच खेला गया रॉयल स्ट्राइकर्स बनाम फायर बॉल के बीच खेला गया रॉयल स्ट्राइकर टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित19.5 ओवर में 142/10 ऑल आउट हो गया वही फायर बॉल्स 20 ओवर मै मात्र 94/10 रन ही बना पाया इस प्रकार रॉयल स्ट्राइकर 48 रन से मैच को जीतकर 2023 का चैंपियन बना चैंपियन टीम को ?2,22,222 के साथ ट्रॉफी मुख्य अतिथि के हाथों दिया गया वही फायर बॉल्स उपविजेता को 1,11,111 रुपया के साथ ट्रॉफी तीसरे विजेता थे ग्रीन गैलेक्सी उन्हें 77,777 के साथ ट्रॉफी प्रदान की गई मैच के मैन ऑफ द मैच रहे कैफ आलम टूर्नामेंट टूर्नामेंट के बेस्ट बैट्समैन श्रेष्ठ सागर, बेस्ट बॉलर राजू पांडे, और मैन ऑफ द सीरीज अमन कुमार को ट्रॉफी के साथ नगद पुरस्कार दिया गया।

## अरगड्डा श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल कला इंटर परीक्षा में 29 प्रथम, 91 द्वितीय और 11 तृतीय स्थान से हुए सफल

### आर्ट्स में स्कूल टॉपर आर्यन, आशीष, निक्की हुए, छात्रों व शिक्षकों में हर्ष



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** कोयलांचल अरगड्डा क्षेत्र के श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल विद्यालय के कला छात्रों का इंटरमीडिएट परीक्षाफल मंगलवार अपराहन घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय के 145 छात्र-छात्राओं में प्रथम 29, द्वितीय 91 और तृतीय 11 विद्यार्थी हुए। जबकि सात असफल और सात अनुपस्थित बताए गए। विद्यालय का डंका कला के प्रथम टॉपर आर्यन कुमार 367 अंक, द्वितीय टॉपर आशीष नायक 354 अंक, तृतीय टॉपर निक्की कुमारी 351 अंक प्राप्त कर बजाया हैं। इधर विद्यालय के प्राचार्य आनंद प्रकाश पांडे, शिक्षक विकास प्रजापति, पिंटू कुमार दास, पूनम कुमारी, मनीषा कुमारी, वाणिज्य शिक्षक मोहम्मद कैसर, हेमंती कुमारी, ब्यूटी कुमारी, सत्य प्रकाश, आबिद हुसैन, शशि सुमन, आदित्य कुमार, श्रीनिवास शर्मा ने विद्यालय का परचम लहराने वाले छात्रों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। शिक्षकगणों ने सफलता को छात्रों की मेहनत और लगन को बताया हैं। साथ ही भविष्य में आगे निरंतर बढ़ने के लिए प्रेरित किया हैं।

# भाकपा-माले जिला कमिटी की बैठक संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** भाकपा-माले रामगढ़ जिला कमिटी की बैठक पोचरा वनजारी धर्मशाला में संपन्न हुई। बैठक का संचालन जिला सचिव-भुनेश्वर बेदिया ने किया। बैठक में जिला कमिटी सदस्य हीरा गोप, देवकीनंदन बेदिया, सरयू बेदिया, अमल कुमार, नीता बेदिया, जयनंदन गोप, देवानंद गोप, बिगेन्द्र ठाकुर, नरेश बडाईक, करमा मांझी, लाली बेदिया अन्य साथीगण उपस्थित थे। बैठक की शुरुआत पार्टी के बैजनाथ दास शर्मा और शेखर राय के प्रति एक मिनट का श्रद्धांजलि अर्पित से की गई। बैठक में दिल्ली जंतर-मंतर पर महिला पहलवानों के द्वारा चल रहे धरना-प्रदर्शन के माध्यम से बलात्कारी बृजभूषण सिंह की गिरफ्तारी की मांग कर रहे महिला पहलवानों के ऊपर दमनात्मक कार्रवाई की निंदा करती है।पार्टी निर्माण के पहलू पर पार्टी की सदस्यता बढ़ाने से लेकर सभी सदस्यों को ढांचों से बांधने के लिए ब्रांच,लोकल कमिटीयों का गठन यथाशीघ्र जून तक पूरा कर लें। पार्टी ढांचों में महिलाओं को जोड़ना जरुरी है। सभी ब्रांचों में कम से कम एक लोकयुद्ध का होना अनिवार्य है। पार्टी का विस्तार और मजबूत कैसे बनाया जाय पर गंभीरता पूर्वक विचार विमर्श किया गया। ग्रामीण गरीबों दलित-आदिवासी, मजदूरों के बीच रहकर काम करना और उनकी समस्याओं पर संगठित कर आंदोलन करने पर जोर दिया गया। साथ ही सदस्यों की पार्टी शिक्षा के लिए जिला में एक क्लास आयोजित करने का निर्णय लिया गया है।पार्टी जनसंगठनों में ऐपवा, आयसा, आरवाईए, निर्माण मजदूरों से संबंधित यूनियन की राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी के लिए जन-संगठनों की सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है।और जनमुद्दों पर आंदोलन को तेज करने पर बल दिया गया है।

## कार्यालय जिला परिषद,हजारीबाग

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या :– 15/2023–24**

1. विज्ञापनदाता का पदनाम एवं नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
2. परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि :– दिनांक **09.06.23** को **10:00** पूर्वाह्न से **2:00** बजे अपराहन तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक **10.06.23** को **3:00** बजे अपराहन तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक **10.06.23** को **4:00** बजे अपराहन से
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला अभियंता, जिला परिषद, हजारीबाग।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– नियंत्रण कक्ष, हजारीबाग।
7. निविदा खोलने का स्थान :– जिला परिषद कार्यालय, हजारीबाग।
8. मद का नाम :– **जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट**

| क्र0 | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | योजना पूर्ण करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| पुनः निविदा | | | | | | |
| 2 | सदर | शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल, हजारीबाग में शीत श्रृंखला ईकाई एवं प्रशिक्षण भवन का उन्नयन कार्य। | 3175200.00 | 5000.00 | 64000.00 | छः माह |

नोट :– 1. अद्यतन UCAN प्रमाण पत्र निविदा के साथ समर्पित करना अनिवार्य है अन्यथा कार्य आवंटित नहीं किया जायेगा।
2. निविदा की शर्तें कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, हजारीबाग

PR 298703 District(23-24).D

## Government of Jharkhand
## Jharkhand Real Estate Regulatory Authority
R.M.C. Building, Kutchery Road, Ranchi- 834001

**Short Time Re-Tender Notice**

Letter No- JHARERA- 07/2020(Annual Report)- 754 — Ranchi, Date- 30.05.2023

Selection of Agency/Organization for Printing of JHARERA Annual Report Book (200 Copies) on 130 GSM Art Board Paper & Cover Printer on 250 GSM Art Board Paper with Binding & Compiling.

**Notice Inviting Proposal and Necessary Instruction:**

| | |
|---|---|
| Name of work | Printing of Annual Report Book of Jharkhand Real Estate Regulatory Authority |
| Tender Processing fee | Rs. 2000/- (Two Thousand) By DD in favour of Jharkhand RERA payable at Ranchi<br>* Amount is Refundable to Technically qualified Bidders. |
| Contract Period | 20 Days<br>- Dummy Booklet must be submitted in 7 days after work order.<br>- After approval of Dummy Booklet Final Annual Report (200 copies) must be submitted in 7 days.<br>- Failing which 10% of quoted amount may be deducted as fine. |
| Issue of Tender | 31.05.2023 on Hindi/English Newspaper (Jharkhand Edition) and Notice Board of JHARERA Office, Ranchi |
| Submission of tender | 07.06.2023 (Up to 12:00 p.m.) Add – Jharkhand Real Estate Regulatory Authority, 7th Floor, RMC Building, Kutchery Chowk, Ranchi-834001 |
| Opening of tender | 1. Technical Bid- Technical Bid will be opened on 07.06.2023 at 01:00 p.m.<br>2. Financial Bid- Financial Bid will be opened on 09.06.2023 at 01:30 p.m. (Financial Bid will be opened of those bidders who will successfully qualify in Technical Bid Part) |
| Contact Person | Sri Chandan Kumar, Chief Administrative Officer, JHARERA Mob. No - 9431732785 |

For detail information, please visit JHARERA Official Website- www.jharera.jharkhand.gov.in

Sd/-
(Chief Administrative Officer),
JHARERA, Ranchi

PR 298686 Jharkhand Real Estate Regulatory Authority (23-24)_D

## ई–प्रोक्योरमेंट सेल
## पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड, राँची

**ई–प्रोक्योरमेंट अतिअल्पकालीन निविदा (तृतीय आमंत्रण) PR No- 289507**
ई–टेन्डर रेफरेन्स नं०–SVS (JJM Giridih-2) 07/2023-24 — दिनांकः–26-05-2023

| SL. NO. | Name of Works | Block | Group No. | Estimated Cost (In Rs) | Earnest money (In Rs) | BOQ Cost (In Rs) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | "जल जीवन मि[illegible]न के अंतर्गतः– Construction of Rural Pipe Water Scheme through DT/ HYDT (Solar Based) 01/02 H.P D.C Motor Pump Complete Set for different Tolas of concern villages which is not in MVS and has no electricity or less electricity to supply water 2000 LPH maximum at least 1/30 year for 24x7 supply with 100% coverage by Tap water Facility under JJM for the year 2022-23 | Dumri | SVS-59 | 8,44,381 | 17,000 | 1,250 |
| 2 | | Dumri | SVS-60 | 11,87,871 | 24,000 | 2,500 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 03 (तीन) महीने | | | | |
| 4 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | From 29-05-2023, 4:00P.M | | | | |
| 5 | बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय | 05-06-2023 up to 4:00P.M | | | | |
| 6 | निविदा की हार्ड कॉपी जमा करने की तिथि/समय | 06-06-2023 up to 4:00P.M कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 7 | निविदा प्राप्त बिड खोलने की तिथि/समय | 07-06-2023 up to 01:00 P.M | | | | |
| 8 | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह। | | | | |
| 9 | निविदा खोलने वाले कार्यालय का नाम एवं पता। | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह/अधीक्षण अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, धनबाद। | | | | |
| 10 | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 7292898986 | | | | |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 0651-2480345 | | | | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना *http:// Jharkhandtenders.gov.in* पर देखा जा सकता है।
- निविदा में प्राक्कलित राशि घट–बढ सकती हैं। तत्पश्चात अग्रधन की राशि मान्य होगी।

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल संख्या–02, गिरिडीह

PR298627 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (स्थापना–शाखा)

**आवश्यक सूचना**

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के द्वारा विज्ञापन संख्या 01/2017 (नियमित रिक्ति) एवं 02/2017 (बैकलॉग रिक्ति) के आलोक में इंटरमीडिएट स्तर संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा, 2017 (नियमित एवं बैकलॉग) के राज्य स्तर मेधा सूची के आधार पर निम्नवर्गीय लिपिक (जिला समाहरणालय) के पद पर नियुक्ति हेतु अनुशंसा की गयी है।

सरकार के सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक1730(3)/रा0 दिनांक 19.05.2023 के आलोक में समाहरणालय लोहरदगा के लिए अनुशंसित सभी निम्नवर्गीय लिपिकों को सूचित किया जाता है कि आपके सभी प्रमाण पत्रों की जांच दिनांक 02.06.2023(शुक्रवार) को झारनेट सभागार, लोहरदगा में पूर्वाह्न 10.30 बजे से अपराह्न 2.00 बजे तक की जाएगी।

अतः आप सभी आवेदन के समय संलग्न किये गये शैक्षणिक एवं अन्य प्रमाण पत्रों की मूलप्रति, सभी प्रमाण पत्रों की छायाप्रति का एक स्व अभिप्रमाणित सेट एवं 2 पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ के साथ निर्धारित तिथि को ससमय उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 298670Lohardaga(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर।

अल्पकालीन ई0–प्रोक्योरमेंट सूचना
द्वि–लिफाफा पद्धति

अल्पकालीन ई–निविदा प्रसंग सं0–डब्लू0 आर0 डी0/एम0 डी0 मण्डल/04/2023–24 — दिनांक–27/05/23

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Restoration work of New gates (emergency gate service gate) embedded parts, hoisting arrangement ,platform and shade of head works, C/R gate of right canal, C/R gate of Left canal, Fall gate of Left Canal, Trash rack, fall well cover of **CHATANIYAGHAT RESERVOIR SCHEME.** |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रुपये में) | 59,10,386.00 (उनसठ लाख दस हजार तीन सौ छयासी) मात्र। |
| 3 | कार्य समाप्ति की अवधि | 10(दस) माह। |
| 4 | अग्रधन की राशि (रुपये में) | रू0 1,18,300.00 (एक लाख अठारह हजार तीन सौ) मात्र। |
| 5 | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशित होने की तिथी एवं समय | 06.06.2023 (05:00 बजे अपराहन् )। |
| 6 | आनलाईन बिड प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | दिनांक 12.06.2023 (5:00 बजे अपराहन तक)। |
| 7 | परिमाण विपत्र की राशि एवं अग्रधन की राशि को प्रमण्डलीय कार्यालय में जमा करने की तिथि एवं समय | 13.06.2023 तक (05:00 बजे अपराहन् तक)। |
| 8 | ई–निविदा (Technical Bid) खुलने की तिथि एवं समय | दिनांक 14.06.2023 (03:00 बजे अपराहन)। |
| 9 | निविदा आमंत्रित करने वाले का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, यॉंत्रिक प्रमण्डल मण्डल(लातेहार) शिविर मेदिनीनगर। |
| 10 | प्रोक्योरमेंट अधिकारी का सम्पर्क नम्बर | 8986668073 |
| 11 | ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन नं0 | 0651–249232 |

नोट :– 1. केवल ई– निविदा ही स्वीकार किया जायेगा।
2. विशेष जानकरी के लिए http://jharkhandtenders.gov.inमें देखा जा सकता है।
3. निविदा बिना कारण बताऐं कभी भी संशोधित या रद्द की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
यॉंत्रिक प्रमण्डल, मण्डल(लातेहार)
शिविर मेदिनीनगर।

PR 298691 Water Resource(23-24)D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा

सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-04/2023–24**
(द्वितीय सूचना) — दिनांक–**30.05.2023**

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र **(BOQ)** प्राप्ति की तिथि :– 02-06.2023 को 12-30 बजे अपराहन से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 08.06.2023 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 08-06.2023 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र **(BOQ)** प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. **कार्य का विवरण :–**

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Construction of 200x150 mm dia & 150 mtr. Depth HYDT with Extra deep india Mark-II Hand pumps, 32 mm dia medium class G.I. pipe platform with drain **at I.T.I. Jhagrakhad, Bansani Panchayat, Bhawnathpur Block** under DW&S. Division, Garhwa for the year 2022-23 | 2,54,788/- | 6,000/- | 750/- | 01 Month |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा

PR298687 (Drinking Water and Sanitation)23-24*D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 03/2023–24**

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेश प्रमण्डल, राँची।
2. परिमाण विपत्र की बिकी की तिथि :– दिनांक 01.06.2023 से 07.06.2023 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 08.06.2023 के अपराह्न 03:00 बजे तक, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक 08.06.2023, 03:30 बजे अपराह्न में, जिला नियंत्रण कक्ष, राँची।
5. परिमाण विपत्र की ब्रिकी का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची। (2) उप विकास आयुक्त का कार्यालय, राँची। (3) अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष अंचल, राँची।
6. निविदा का मद :– जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)
7. कार्य की विस्तृत विवरणी निम्नवत् है :–

| क0 | प्रखंड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू में) | परिमाण विपत्र का मुल्य(रू में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बुढमू | सारले | कोयजाम | उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोयजाम में चहारदीवारी का निर्माण कार्य। | 1,84,400.00 | 3700.00 | 500.00 | 3 Month |
| 2 | | राय | पुरनी राय | राजकीयकृत मध्य विद्यालय में पुरनीराय के मैदान में चहारदीवारी एवं मैदान का समतली कार्य। | 22,59,900.00 | 45,200.00 | 5000.00 | 3 Month |
| 3 | खलारी | राय | राय | राजकीयकृत मध्य विद्यालय का मरम्मति कार्य। | 12,73,300.00 | 25,500.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 4 | | राय | ठरहा | उत्क्रमित मध्य विद्यालय में जर्जर तीन कमरों का मरम्मति कार्य। | 5,24,300.00 | 10,500.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 5 | | चुरी | चुरी उत्तरी | कि0डी0एस0 सरना क्लब प्राथमिक विद्यालय में दो अतिरिक्त वर्ग कक्ष तथा किचेन एवं चहारदीवारी कार्य निर्माण। | 14,10,000.00 | 28,200.00 | 2500.00 | 3 Month |
| 6 | | चुरी उत्तरी | चुरी | कि0डी0एस0 विद्या सागर विद्यालय में डीप बोरिंग एवं शौचालय का निर्माण कार्य। | 5,68,600.00 | 11,400.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 7 | | विश्रामपुर | करकट्टा | राजकीय मध्य विद्यालय करकट्टा में डीप बोरिंग का अधिष्ठापन कार्य। | 5,57,700.00 | 11,200.00 | 1250.00 | 3 Month |
| 8 | | मायापुर | केदल | प्राथमिक विद्यालय केदल का जीर्णोद्धार कार्य। | 4,99,800.00 | 10,000.00 | 750.00 | 3 Month |

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट **Jharkhandtenders.gov.in** एवं कार्यालय की सूचना पटट् पर देखा जा सकता हे।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, राँची।

PR 298681 Rural Development(23-24)D

## बॉलीवुड के स्टार सिंगर पवन सिंह 10 जून को धनबाद में अपने सुरों से बिखेरेंगे जलवा

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड के युवाओं एवं उभरते




कलाकारों के लिए ब्लू स्टोन लेकर आ रहा है पवन सिंह 2023 प्रोग्राम। जो झारखंड के धनबाद के मेगा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आगामी 10 जून को भव्य स्टेज प्रोग्राम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे भोजपुरी और बॉलीवुड के मशहूर स्टार सिंगर पवन सिंह अपने सुरों का समां बांधेंगे। यह अपने आप में धनबाद के लिए पहला कार्यक्रम होगा जो भोजपुरी और बॉलीवुड बेस्ट होगा। मैनेजमेंट द्वारा कार्यक्रम आयोजन का उदेश्य पर प्रकाश डालें तो झारखंड में अच्छे कलाकार व म्यूजिकल ग्रुप हैं। जो प्रोग्राम को देख अपने आप को इन्प्रुव करेंगे। इस प्रोग्राम से जो भी रेवेन्यू कलेक्शन होगा उस का कुछ प्रतिशत अंश सोशल कॉस में जायेगा जैसे की वृद्ध आश्रम में, गरीब बच्चों के शिक्षा में और उभरते हुए कलाकारों को सुविधा देने में। 10 जून का आयोजित कार्यक्रम संध्या 6.00 बजे से आरंभ होकर रात्रि 10.00 बजे तक संचालित होगा। वहीं प्रोग्राम के लिये टिकट की बूकिंग इस नंबर 9122560888 / 7870942126 पर संपर्क स्थापित कर किया जा सकता है। आयोजक के रूप में संजीव सिंह, आकाश सिन्हा, अनूप सिंह, मृणाल सिंह, अमरेश सिंह, डॉ. आरिफ नासीर बट, पंकज मिड्ढा, पंकज कुमार, प्रवीण राजगढ़िया, यश सिंह, राहुल मजूमदार, ऋषि सिंह, प्रियांशु तुरियार, शानू, राहुल, आयुष और एसआईएस सिक्योरिटी के. एस. धामी और तरुण सिन्हा आदि सक्रिय रहे।

## माना पाठक ने बजरंगबली मंदिर निर्माण कार्य में किया आर्थिक मदद

**टुंडी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टुंडी प्रखंड के लोधरिया के बहादुरपुर



गांव में बन रहे बजरंगबली मंदिर निर्माण कार्य में अपने निजी मद से करीब ग्यारह हजार रुपए का आर्थिक मदद किया एवं आगे भी मदद करने की बात कही वहीं दूसरी और पश्चिमी टुंडी के बंगारो में जगतगुरू शंकराचार्य कमिटी को अपने निजी मद से माईक एवं लाउडस्पीकर एवं बैटरी दिया और बैठक में शामिल हुए और सदस्यों द्वारा प्रार्थना सभा में भाग लिया एवं उनके कार्यशैली से अभिभूत हुए एवं संस्कार युक्त रहन सहन देखकर भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कमिटी को आगे भी सहयोग करने की बात दोहराई। राजगंज जाने के क्रम में किशोर,लाल,तीर्थनाथ पाण्डेय,अवध किशोर चौधरी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया एवं आशीर्वाद लिया।

## तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में सत्र 2023-24 में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** धनबाद जिला में स्थित तीन उत्कृष्ट



विद्यालयों में सत्र 2023-24 में दाखिले के लिए झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से पूर्व निर्धारित समय के अनुसार मंगलवार को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा जिला में स्थित तीन केंद्रों पर हुई, जिसमें कुल 1004 में से 775 परीक्षार्थी शामिल हुए, जबकि 229 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सभी तीन केंद्रों पर परीक्षा निर्धारित समय से संचालित हुई। इन केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त रही। परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पर इलेक्ट्रॉनिक उपकरण मोबाइल, कैलकुलेटर, घड़ी आदि लेकर जाने की मनाही थी।

### पूर्व सांसद ने बंद ओवरब्रिज के बदले घुमावदार व मुख्य मार्ग के बजाए बैकल्पिक मार्ग से बनाने पर दिया जोर

## बिना ओवरब्रिज के निविदा हुवे दुकान व मकान को हटाना गलत : डॉ. रबिन्द्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरिया :** सरिया रेलवे फाटक 20 बी/3टी पर ओवरब्रिज बनाने को लेकर जहाँ फाटक के दोनों ओर दुकान मकान हटाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है और कुछ लोग स्वतः मकान दुकान हटा रहें हैं तो कुछ लोग उचित मुआवजा ना मिलने पर आक्रोश व्यक्त कर रहें हैं । इसे लेकर मंगलवार को पूर्व सांसद सह हुडको के चेयरमैन डा.रबिन्द्र कुमार राय ने अपने सरिया स्थित आवास में प्रेसवार्ता किया । प्रेसवार्ता में इन्होंने कहा कि मैं ओवरब्रिज का विरोधी नहीं हूँ लेकिन ओवरब्रिज मुख्य मार्ग के बजाए स्टेशन के उत्तर दिशा में बनाया जा सकता है साथ ही बंद और सीधा ओवरब्रिज बनाए जाने के बजाय घुमावदार ओवरब्रिज बनाया जाना चाहिए जिससे लोगों को कम नुकसान हो और बाजार भी सुरक्षित रहे , इसमें जनप्रतिनिधियों को पहल करना चाहिए । इन्होंने आगे कहा कि जिला प्रशासन द्वारा भय का माहौल बनाकर लोगों से दुकान व मकान हटवाया जा रहा है जो सरासर गलत है ,क्योंकि ना तो अबतक ओवरब्रिज का टेंडर हुआ है ना ही ओवरब्रिज की प्राकल्लित राशि तय हुई है और ना ही राज्य सरकार व रेल विभाग द्वारा दी जानेवाली राशि तय है तो फिर ओवरब्रिज कैसे बनेगा । नियमतः पहले ओवरब्रिज के लिए टेंडर हो तभी तोडफोड कराया जाय यही मेरी माँग है । डा. राय ने कहा कि अभी टेंडर सहित अन्य प्रक्रिया में ही काफी समय लग सकता है तो फिर आनन फानन में मकान दुकान तोडवाने का क्या औचित्य है । इन्होंने जनहित में सदैव तत्पर रहने की बात कही । प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा नेता परमेश्वर मोदी भी उनके साथ रहे ।

### गर्मी की छुट्टी में कटौती को लेकर शिक्षिक व शिक्षिकाओं ने किया प्रदर्शन

## कुलपति पर लगाए तानाशाही का आरोप



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** शहर के एसएसएलएनटी महिला कॉलेज मे स्थायी शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा कॉलेज के कुलपति पर तानाशाही का आरोप लगाते हुए कॉलेज के मुख्य दरवाजे को एक घण्टे के लिए बंद कर प्रदर्शन किया गया। वहां मौजूद शिक्षक शिक्षिकाओं ने कॉलेज प्रबंधक पर आरोप लगाते हुए बताया कि गर्मियों में उन्हें मिली छुट्टियों में भी कटौती की जा रही है जो कि सरासर गलत है। साल भर में सिर्फ और सिर्फ एक यही छुट्टी होती है जिसमें हमें रिसर्च और अपने आगे के कार्य को कैसे बेहतर किया जाए उस पर विशेष ध्यान देने का मौका मिलता है। उसमे भी कुलपति और प्रबंधक द्वारा हमारा शोषण किया जा रहा है। कॉलेज में शिक्षकों की कमी है तो उसके जिम्मेदार हम नहीं। कॉलेज में वर्तमान हालात की बात करें तो कितने ऐसे भी विषय हैं जिस के शिक्षक तक मौजूद नहीं। आज भी एसएसएलएनटी महिला कॉलेज में मैथमेटिक्स टीचर मौजूद नहीं है। एक शिक्षक पर दुगनी, तिगुनी शिक्षकों की बोझ है। हमारे बेहतर कार्य के बाद भी हमारा इस तरह का शोषण कहीं से भी रूल एक्ट के तहत भी जायज नहीं है जिसका हम पुरजोर विरोध करेंगे और अगर हमारी इस छुट्टी कटौती को वापस नहीं लिया गया तो जरूरत पड़ने पर हाईकोर्ट का दरवाजा भी खटखटाने का काम करेंगे।

## फंदे से झूलता मिला महिला का शव, प्रशासन जुटी जांच में



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेंगाबाद :** थाना क्षेत्र के बदवारा पंचायत अंतर्गत रहमत नगर बेरामो में एक महिला का शव उसके घर में ही फंदे से झूलता हुवा मिला। महिला की पहचान यही के सयुम अंसारी के पत्नी के रूप में हुई है। महिला तीन बच्चे की माँ थी तथा इसके पति बाहर राजमिस्त्री का काम करते है जो की इस वक्त गांव में नहीं था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक महिला का उसके सास के साथ कुछ कहा सुनी हुई थी जिसके बाद उसने इतना बड़ा कदम उठाया है। फ़िलहाल जानकारी मिलने के बाद बेंगाबाद प्रशासन मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्मार्डम के लिए सदर अस्पताल भेज कर जाँच में जुट गई है। घटना के बाद घर के बाकि सदस्य फरार है। मृतिका का मायके बेंगाबाद थाना क्षेत्र के ही महतोडीह है। मायके वाले जानकारी मिलते ही घटना स्थल पर पहुंच गई जहा रो रो कर बुरा हाल है। उक्त घटना को लेकर अभी तक थाने में आवेदन नहीं दिया गया है प्रशासन का कहना है की आवेदन मिलने के बाद उसके आधार पर करवाई की जाएगी।

## मासस व माले का रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय महाधरना प्रदर्शन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** रोजगार, स्थानीय नीति, शिक्षा, स्वास्थय, बिजली, पानी के सवाल पर मासस-भाकपा माले की ओर से मंगलवार को धनबाद जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा चौक से प्रतिरोध मार्च निकाल कर धनबाद कोर्ट होते हुए बाबा साहब डॉक्टर भीम राव अम्बेडकर चौक होते हुए जिला मुख्यालय रणधीर वर्मा पहुंच कर धरना-प्रदर्शन किया गया। धरना में मुख्य मांगों में झारखंड राज्य में स्थानीय नियोजन नीति खतियान आधारित सरकार सुनिश्चित करे। राज्य सरकार की घोषणा के अनुसार जिला के गैर सरकारी संस्थानों में स्थानीय




को 75त्न रोजगार जिले के स्थानीय बेरोजगारों को ही दी जाए। चौतरफा निजीकरण कॉर्पोरेटमुखी लेबर कोड एवं कृषि का कोरपोरेटीकरण नीति केंद्र सरकार बंद करें। स्पष्ट विस्थापन एवं पुनर्वास नीति बनाई जाए। धनबाद जिला में बीसीसीएल द्वारा गैर अधिग्रहित रैयती जमीन में अवैध ढंग से जबरन कोयला उत्खनन धड़ल्ले से किया जा रहा है, इसे रोका जाए। सीएनटी एवं एसपीटी एक्ट को कड़ाई से लागू किया जाए आदि शामिल था।

## सामूहिक बलात्कार के बाद छात्रा की हत्या से क्षेत्र में तनाव, पीड़ित परिवार से मिले रविंद्र रॉय

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बिरनी :** मंगलवार को पूर्व सांसद सह भाजपा नेता रविंद्र राय प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बैदापहरी पहुंचे एवं मृतक छात्रा के परिजनों से मिलकर उन्हें ढाढस बंधाया। आपको बता दें कि बीते रविवार की रात को दसवीं पास एक छात्रा की सामूहिक दुष्कर्म के पश्चात हत्या के नियत से कुंवे में फेक दिया गया था। छात्रा अभी दसवीं की परीक्षा में अच्छे अंको से पास हुई थी। भरकट्टा के बगल गांव थोरिया के तीन लड़के जो आपस में मित्र हैं और एक विशेष समुदाय से ताल्लुक रखते है। रात्रि के समय लड़की को घर से प्रलोभन देकर भगा ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने के पश्चात जान से मारने की



नियत से गला दबाकर कुएं में फेंक दिया, दूसरे दिन सुबह जब लड़की को गांव वालों ने कुआं के अंदर देखा तो यह बात सामूहिक संज्ञान में आया । लड़की हॉस्पिटल पहुंचती उसके पहले उसका दम टुट गया । इस बीच बिरनी पुलिस ने एक अभियुक्त मोहम्मद कैफ अंसारी को गिरफ्तार कर चुकी है बाकी उसके साथी फरार है । घटना के बाद पुरे क्षेत्र में तनाव का माहौल है। वहीं पूर्व सांसद रविंद्र रॉय ने कहा कि इस घिनौनी घटना के पश्चात पीड़ित परिवार अपनी इज्जत और अपने गांव के प्रतिष्ठा के लिए तनावपूर्ण स्थिति में जी रहे हैं। समस्त ग्रामीणों के साथ साथ लड़की के पिता की मांग है कि अति शीघ्र कैफ के अन्य साथियों गिरफ्तारी हो और उन्हें फांसी की सजा मिले। रविंद्र रॉय ने भी कहा कि मेरा भी प्रशासन से कहना है कि उसके सहयोगी जो गायब हैं उनके परिवार के लोगों के माध्यम से पुलिस अपने तरीके से खोज कर अविलंब जेल भेजें, ताकि गांव में लोगों को कुछ सुकून महसूस हो । यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना है हालांकि एक मुख्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर पुलिस ने मामले को बिगड़ने से बचा लिया है।

त्वरित कार्रवाई के लिए प्रशासन को रविंद्र रॉय ने धन्यवाद कहा किंतु इसे बहुत ही गंभीरता से लेकर शेष अभियुक्तों को गिरफ्तार करने की प्रक्रिया शीघ्र पूरा करने कि मांग भी किया है।

### तम्बाकू नियंत्रण कोषांग ने चलाया छापामारी अभियान

## 6 दुकानों से वसूला 1100 रुपए जुर्माना



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिला तम्बाकू नियंत्रण कोषांग एवं केन्दुआडीह थाना के संयुक्त तत्वाधान में करकेन्द बाजार में जिला स्तरीय छापामार दस्तें ने कोटपा 2003 के विभिन्न प्रावधानों एवं दी प्रोहिबिशन ऑफ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट एक्ट 2019 के अनुपालन के लिए छापामारी अभियान चलाया। इसमें 6 दुकानों के द्वारा कोटपा 2003 कि धारा '6 ए' के उल्लंघन के फलस्वरुप उनसे 1100 रूपए जुर्माना वसूल गया। छापामारी अभियान में जिला नोडल पदाधिकारी डॉ मंजु दास, जिला सलाहकार राहुल कुमार, सोशल वर्कर शुभांकर मैत्रा, केन्दुआडीह थाना के पुलिस बल आदि शामिल थे।

## भैरोगंज-खरपोखरा नवदोहरीकृत रेलखंड का किया गया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हाजीपुर :** संरक्षा आयुक्त (रेलवे), पूर्वी सर्किल, कोलकाता श्री सुवोमोय मित्रा द्वारा आज दिनांक 30.05.2023 को सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत 08 किमी लंबे भैरोगंज-खरपोखरा के बीच नवदोहरीकृत रेलखंड का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के उपरांत भैरागंज से खरपोखरा तक सफलतापूर्वक स्पीड ट्रायल भी किया गया ।

विदित हो कि 110 किमी लंबे सगौली-वाल्मिकीनगर दोहरीकरण परियोजना के अंतर्गत अब तक सगौली से हरनगर तक 32 किलोमीटर रेलखंड का दोहरीकरण कार्य पूरा कर इसकी कमीषनिंग की जा चुकी है । आज इस परियोजना के अंतर्गत 08 किलोमीटर लंबे भैरोगंज-खरपोखरा तक का सीआरएस निरीक्षण संपन्न हुआ ।

## जनता दरबार का आयोजन : जनता की समस्याओं का प्राथमिकता से करें समाधान : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी संदीप सिंह द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उनके द्वारा जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की समस्याएँ सुनी एवं अश्वासन दिया गया कि उनके सभी शिकायतों का जल्द से जल्द जाँच कराते हुए उचित समाधान कराया जाएगा।

जनता दरबार में गोविंदपुर अंचल क्षेत्र से आए शिकायतकर्ता ने ग़ैराबाद जमीन पर अवैध कब्जा करने के संबंध में उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने आवेदन के माध्यम से बताया कि गोविंदपुर अंचल के हल्का 3, मौजा उदयपुर के अंतर्गत ग़ैराबाद भूमि है, जिस पर 2 तालाब एवं पंचायत सचिवालय अवस्थित है।



इसमें से दोनों तालाब का मनरेगा योजना अंतर्गत मिट्टी कटाई का कार्य किया गया था, जिसमें से एक तालाब का कुछ दबंग लोगों द्वारा डोजरिंग कर तालाब को मिट्टी से ढककर समतलीकरण कर दिया गया है एवं पंचायत सचिवालय के बगल में परती पड़े जमीन पर अवैध रूप से चारदीवारी निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। उपायुक्त ने इस मामले को अपर समाहर्ता एवं गोविंदपुर अंचलाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

इस दौरान तोपचांची थाना क्षेत्र से आई निशा देवी ने उपायुक्त को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने के लिए आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया की वह एक कच्ची मिट्टी के मकान में फिलहाल निवास करती है, इसमें रहने में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।अगर उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की स्वीकृति मिल जाती है तो वह बरसात में सुरक्षित तरीके के घर मे रह सकती हैं। उपायुक्त ने इस मामले को डीआरडीए को हस्तांतरित करते हुए निष्पादन के निर्देश दिए।

जनता दरबार में सिंदरी थाना क्षेत्र से आई आरती थापा ने राशन कार्ड पर दो बच्चों के नाम चढ़ाने और प्राकृतिक आपदा से घर टूट जाने पर आर्थिक मदद हेतु उपायुक्त को एक आवेदन सौंपा। उन्होंने बताया कि उनकी आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है उनके पति भी शारीरिक रूप से अस्वस्थ है। उनके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं वह किसी तरह घर में झाड़ू पोछा का काम करके गुजर बसर कर रही है। उन्होंने अपने दोनों बच्चों का नाम राशन कार्ड में जोड़ने की मांग की। साथ ही उन्होंने बताया की 24 मई 2023 को आए बारिश और तूफान में उनका घर टूट गया जिस कारण घर में बारिश का पानी अंदर चला जा रहा है,रहने में काफी समस्या उत्पन्न हो रही है, इसको लेकर उन्होंने उपायुक्त से आर्थिक मदद की मांग की। इनकी मांगों को उपायुक्त ने आपूर्ति पदाधिकारी एवं बलियापुर अंचलाधिकारी को हस्तांतरित करते हुए जांच कर मदद करने हेतु निर्देश दिए।

## पूर्वी टुंडी प्रखंड में बीस सूत्री की बैठक संपन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पूर्वी टुंडी :** पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय सभागार में 20 सूत्री की बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य रूप से टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो सम्मिलित हुए। मौके पर बीडीओ यस्मित सिंह, सीओ राकेश भूषण सिंह उपस्थित थे। विधायक महतो ने जरूरतमंद लोगों को साड़ी धोती तथा वृद्धा पैंशन की स्वीकृति पत्र बांटे। बैठक में बिजली विभाग के जेई शनि वाडा, तथा पीएचडी विभाग जेई सिंह के अलावा अन्य विभाग के अधिकारी उपस्थित होनाआवश्यक नही समझे।बीस सूत्री अध्यक्ष नरेश मुर्मू, उपाध्यक्ष प्रभु हेम्ब्रम, अजीत मिश्रा ,प्रमोद मंडल,के साथ झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अध्यक्ष गिरीलाल किस्कू, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष रामचंद्र मुर्मू आदि उपस्थित हुए।

## राजनीति में महिलाओं की भागीदारी पर विचार गोष्ठी का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**महुदा :** धनबाद जिले के बाघमारा प्रखंड अंतर्गत मुरलीडीह गांव में राजनीति में महिलाओं की सक्रियता बढ़ाने व भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु जागरूकता अभियान के तहत मुरलीडीह बस्ती में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। उक्त विचार गोष्ठी में महिलाओं की राजनीतिक परिस्थिति पर उपस्थित महिलाओं ने चिंतन-मनन किया। बैठक में खेल के माध्यम से किशोरियों एवं महिलाओं को राजनैतिक दांव-पेंच को समझाया गया। तत्पश्चात राजनीति में महिलाओं की भागीदारी कम क्यों और कारण



पर खुलकर चर्चा किया गया। समूह चर्चा के दौरान महिलाओं और किशोरियों ने पितृसत्तात्मक समाज, रुढ़िवादी सोच,अशिक्षा, पतिव्रता, लिंग भेद-भाव आदि बातों को राजनीति में महिलाओं की भागीदारी कम होने का कारण बताया। बैठक में उपस्थित समाजसेवी शंकर रवानी ने पंचायती राज व्यवस्था पर चर्चा कर महिलाओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि इस अभियान से राजनैतिक बदलाव सुनिश्चित होगा।

## जनता श्रमिक संघ की महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से रागिनी सिंह संयुक्त महामंत्री बनी



**धनबाद (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** मंगलवार को झरिया में जनता श्रमिक संघ की महत्वपूर्ण बैठक हुई जिसमें कोयलांचल के विभिन्न क्षेत्रों से सिंह मैंसन व संघ के सैकड़ों शुभचिंतक और समर्थक शामिल हुए। इस बैठक मे पूर्व विधायक संजीव सिंह की धर्मपत्नी व स्वर्गीय सूर्य देव सिंह की पुत्रवधु रागिनी सिंह को सर्वसम्मति से जनता श्रमिक संघ का संयुक्त महामंत्री बनाया गया तथा कोयला खाद्य स्टील आदि सरकारी व गैर सरकारी हर उद्योग में संघ का गठन, विस्तार व सशक्तिकरण के लिए अधिकृत किया गया।

# मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त सम्पन्न



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ज्ञात हो कि सीबीएसई से मान्यता प्राप्त इन विद्यालयों में अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा दिया जाएगा। जो माननीय मुख्यमंत्री झारखंड सरकार का एक अति महत्वपूर्ण पहल है। इसी निमित राजकीयकृत +2 कस्तूरबा उच्च विद्यालय, लोहरदगा/ राजकीयकृत +2 नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा तथा कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, लोहरदगा, कुजरा में प्रवेश परीक्षा आयोजित हुआ। उपरोक्त विद्यालयों में वर्गवार प्रवेश परीक्षा में सम्मिलित विद्याथियों की संख्या निम्नवत है। राजकीयकृत +2 नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में वर्ग 6 से 9 तक के लिए प्रवेश परीक्षा में वर्ग 6 के लिए 141 में से 123 उपस्थित/वर्ग 7 के लिए 157 में से 135/वर्ग 8 के लिए 177 में से 157 और वर्ग 9 के लिए 361 में से 336 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा दी गई। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय, लोहरदगा, कुजरा में वर्ग 6 के लिए 442 में से 388 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा दी गई। राजकीयकृत +2 नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय, लोहरदगा में वर्ग 6 के लिए 555 में से 511/वर्ग 7 के लिए 243 में से 222/वर्ग 8 के लिए 301 में से 267 और वर्ग 9 के लिए 410 में से 378 विद्यार्थियों द्वारा प्रवेश परीक्षा दी गई। प्रवेश परीक्षा के सफलता पूर्वक,शांतिपूर्ण तथा कदाचार रहित संचालन हेतु सुनंदा दास चंद्रमौलेश्वर, जिला शिक्षा पदाधिकारी-सह-जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के निर्देशन में विभिन्न दल का गठन किया गया था। साथ ही जिला प्रशासन के द्वारा उक्त तीनों परीक्षा केंद्रों हेतु दंडाधिकारी की भी नियुक्ति की गई थी। अपरूपा पॉल चौधरी, जिला शिक्षा अधीक्षक-सह-अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय, लोहरदगा, कुजरा का निरीक्षण किया गया। श्री अभिषेक झा, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, लोहरदगा द्वारा भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। साथ ही झारखंड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा के सभी पदाधिकारियों/ कर्मियों का भी प्रतिनियुक्ति प्रवेश परीक्षा के सफल संचालन हेतु की गई थी। जिनमें अम्बुजा पांडेय, सभी प्रखण्ड के बीईईओ, अशोक पांडेय, विश्वदीपक झा, सरिता एक्का, सपना सिंह, रवि भूषण प्रजापति, गुलाम अशरफ अंसारी, आकाश कुमार, अखिलेश कुमार, श्याम चौधरी, जीतेन्द्र मित्तल, धर्मेंद्र सोनी, नीलू गोयल, निधि गुप्ता, उपेन्द्रनाथ ठाकुर, संतोष कुमार, सुशील रजक,अरुण साहू, संजीव कुमार, इम्तियाज अहमद सहित नव नियुक्ति टीजीटी शिक्षकों को वीक्षण कार्य में लगाया गया था। साथ ही उक्त तीनों उत्कृष्ट विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक यथा रेशमा तिर्की, मेनका प्रजापति,अनिता कुमारी द्वारा भी प्रवेश परीक्षा संचालन में अहम भूमिका निभाई गई।

ऐडेगा पास्टोरेट में मनाया गया संडे स्कूल दिवस

# मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी हुए शामिल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** कोलेबिरा प्रखंड ऐडेगा जी ई ऐल चर्च में संडे स्कूल दिवस समारोह मनाया गया । जिसमें मुख्य अतिथि कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोनगाड़ी शामिल हुए तथा संडे स्कूल दिवस पर एडिगा पास्टोरेट के बच्चों तथा कलीसिया के लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं, उन्होंने कहा बच्चे कल के भविष्य हैं उन्हें स्कूली शिक्षा के साथ आध्यात्मिक शिक्षा पर भी ध्यान देने की जरूरत है आध्यात्मिक शिक्षा आचरण का निर्माण करती है अच्छे आचरण के साथ पढ़ाई लिखाई खेलकूद तथा सामाजिक सेवा आप करें आपको निश्चित रूप से सफलताएं मिलेंगी स्कूली शिक्षा के अलावा बाइबल के शिक्षा का भी अनुपालन करें बाइबल हमें प्रेम की भाषा सिखाती है एक दूसरे से प्रेम करना अपने माता-पिता का आदर करना गलत संगति से दूर रहना नशा पान से दूर रहना अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे व्यवहार करना साथ ही साथ बहुत सारे अच्छी बातों को सिखाई जाती हैं इन्हें आप अपने जीवन पर अमल करें निश्चित रूप से आप अच्छे व्यक्ति बनेंगे बाकी हमारे समाज कलीसिया राज्य और देश का विकास हो सके।

# सरकारी जमीन पर निर्मित मकान में प्रशासन का चला बुलडोजर



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** तोड़ार ग्राम में सरकारी जमीन अधिग्रहण करना पड़ा भारी निर्मित मकान पर प्रशासन का चला बुलडोजर रास्ता को लेकर हुआ था विवाद। सेन्हा अंचल क्षेत्र के मुर्की तोड़ार पंचायत अन्तर्गत तोड़ार ग्राम में अखड़ा के समीप सरकारी जमीन अधिग्रहण कर कच्चा मकान निर्माण किया गया था। जिससे मैना टोली के ग्रामीणों को आने जाने में समस्या उतपन्न हो रही थी। रास्ते को लेकर चल रहा लम्बे समय से विवाद पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद कुमार लाल के निर्देश पर अंचलाधिकारी सह दण्डाधिकारी विजय कुमार के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में निर्मित मकान पर बुलडोजर चला कर रास्ता निकाला गया। बताया जाता है कि मैना टोली जाने का रास्ता पूर्व से बना हुआ था। जिस पर राजकेश्वर उराँव के द्वारा निजी जमीन के अलावे सरकारी जमीन को अवैध रूप से कब्जा किया गया था। जिसकी सूचना ग्रामीणों द्वारा 4 नवम्बर 2022 को प्रशासन से शिकायत कर रास्ता का मांग किया गया था। जिसपर नियम संगत कारवाई करते हुए अंचल कर्मियों द्वारा सीमांकन कर अधिग्रहनकर्ता को विभागीय नोटिस जारी किया गया था। परंतु विभाग के आदेश को उलंघन करने तथा मनमानी रूप से जमीन पर कब्जा बनाए रखने पर प्रशासन ने मंगलवार को बुलडोजर चला निर्मित घर को तोड़ते हुए अधिग्रहित जमीन को मुक्त कराया गया। मौके पर अंचलाधिकारी विजय कुमार सीआई चन्द्रप्रकाश मेहता, राजस्व कर्मचारी सीताराम टाना भगत स0आ0नि0 पवन सोरेन शस्त्र बल के साथ मौजूद थे।

# सेन्हा थाना के थाना प्रभारी के रूप में पदभार ग्रहण किया अभिनव कुमार ने



**सेन्हा-लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सेन्हा थाना प्रभारी के स्थान्तरण के पश्चात प्रभारी पद का प्रभार ग्रहण के उपरांत अभिनव कुमार ने कहा क्षेत्र में क्राइम व अपराध पर अंकुश लगाना प्रथम कर्तव्य होगा। सेन्हा थाना में लंबे समय से पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को स्थान्तरण करते हुए विभिन्न थाना व पिकेट में किया गया पोस्टिंग। वहीं सेन्हा थाना प्रभारी धनंजय कुमार पासवान का स्थान्तरण करते हुए अगले आदेश तक लोहरदगा थाना में पदस्थापित किया गया। जबकि सेन्हा थाना के नया थाना प्रभारी के रूप में अभिनव कुमार को नियुक्त किया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार बता दें कि नव नियुक्त थाना प्रभारी अभिनव कुमार लोहरदगा जिला में पोस्टिंग के पश्चात किस्को,कुडू एवं भंडरा थाना में कार्यरत रह चुके है। वहीं सेन्हा थाना प्रभारी का प्रभार के पूर्व तकनीकी शाखा में कार्यरत थे। बताया जाता है कि लंबे समय से एक ही थाना में पदस्थापित पुलिस पदाधिकारी को पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार के निर्देशानुसार स्थान्तरण किया गया है। वहीं पत्रकारों से बात चीत के दौरान पु0अ0नि0 अभिनव कुमार ने कहा क्षेत्र में क्राइम एवं अपराध पर अंकुश लगाने का प्रथम कर्तव्य होगा बताते हुए उन्होंने कहा थाना आम जनता के लिए है। और क्षेत्र में अमन चैन बहाल करना हम सभी का मुख्य उद्देश्य होगा। वरीय पदाधिकारी से प्राप्त निर्देश के अनुरूप नियम संगत कार्य किया जाएगा। इसके अलावे थाना क्षेत्र के जनता से अपील करते हुए कहा कि सेन्हा थाना क्षेत्र के किसी भी इलाके में थाना से संबंधित समस्या को निसंकोच साझा करें। निदान करने के दिशा में पहल किया जाएगा। पदभार ग्रहण के दौरान थाना के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।

# कैरो गरीब किसान की बेटी सुनेहा थाईलैंड अंतराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में लेगी भाग

➲उपायुक्त से मिल सुनेहा ने बीजा व थाईलैंड आने जाने ठहरने हेतू व्यवस्था की लगाई है गुहार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो-लोहरदगा :** प्रखंड क्षेत्र कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत प्रखंड के गजनी पंचायत के गोपालगंज गाँव निवासी गरीब किसान मंगरा उराँव की बेटी सुनेहा कुमारी थाईलैंड में आयोजित 25, 26 जुन दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप मे लेगी भाग। सुनेहा पिछ्ले दिनो देहरादून मे 20, 21, व 22 मई को तीन दिवसीय नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में प्रथम स्थान पर विजयी रही, उनके विजय के उपरांत थाईलैंड में जुन महिने के 25 व 26 दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतू बुलावा आया है। इस संबंध मे आज 30 मई मंगलवार को कुमारी सुनेहा जिले के उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण से कार्यालय में मिलकर थाईलैंड आने जाने हेतु बीजा एवं थाईलैंड में 21 जुन से 27 जुन तक रहने,ठहरने हेतू व्यवस्था की सुनेहा ने उपायुक्त से लगाई है गुहार। उपायुक्त बाघमारे प्रसाद कृष्ण ने सुनेहा को हरसंभव मदद करने की भरोसा भी दिया है। उपायुक्त से मिलने के उपरांत प्रेस को सुनेहा ने बताया कि उक्त अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतू मेरे साथ भिन्न-भिन्न स्थानो से 07 अन्य प्रतिभागी जो नेशनल कराटे चैम्पियनशिप में विजयी हुए हैं उन्हे भी थाईलैंड के अंतरराष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में भाग लेने हेतू बुलावा आया है।

# रेंगारिह कोनपला के सुदूर गोमथा बेड़ा गांव पहुंचे झापा युवा जिलाध्यक्ष सन्देश एक्का

➲हाथी की समस्याओं से निपटने के लिए टॉर्च, मोबील, मसाल की-की जाएगी व्यवस्था



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ठेठईटांगर :** प्रखंड के कोनपाला पंचायत अंतर्गत सुदूर गोमथाबेड़ा गांव झापा जिलाध्यक्ष मतियस बागे, युवा जिला अध्यक्ष संदेश एक्का ग्रामीणों की समस्याओं को जानने के लिए पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने ढोल मांदर की ताल पर उनका स्वागत करते हुए अपने गांव तक लाए जहां पर माला पहनाकर उनका स्वागत हुआ जिसके बाद ग्रामीणों ने अपनी समस्या रखी। ग्रामीणों ने बताया कि आजादी से लेकर आज तक इस गांव में बिजली नहीं पहुंची है जिसके कारण ढिबरी युग में जी रहे हैं। गांव में सड़क नहीं है पीने की पानी नहीं है, लगातार जंगलों से घिरा होने की वजह से हाथियों का आतंक जारी रहता है लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि इस गांव की ओर नहीं देखता है। जबकि चुनाव में हमसभी ग्रामीण अपने हक अधिकार को लेकर मतदान करते हैं लेकिन उसके बाद अभी तक इस गांव में विकास की किरण नहीं पहुंची है। सभी समस्याओं को सुनने के बाद झापा युवा जिला अध्यक्ष सन्देश एक्का ने कहा बहुत दुख की बात है कि आजादी से लेकर अब तक क्षेत्र का विकास नहीं हुआ है सरकारी बदली लेकिन दशा और दिशा नहीं बदला ।लेकिन अब झारखंड पार्टी इस गांव में आई है तो आप इस गांव में सरकार द्वारा मिलने वाले सभी प्रकार की सुविधाओं का लाभ देने का प्रयास करेंगे। उनका कि जल्दी बिजली विभाग से मुलाकात करते हैं इस गांव को विद्युतीकरण कराई जाएगी ताकि लोगों को ढिबरी युग से निजात मिले। सड़क के लिए प्रयास किए जाएंगे ताकि गांव में पक्की सड़क हो जैसे कि कोई भी व्यक्ति बीमार हो या किसी प्रकार की समस्या हो तो यहां से लोगों को आवागमन में दिक्कत ना। वही हाथी की समस्या पर उन्होंने कहा कि यह समस्या लगातार बढ़ती जा रही है ।लेकिन कोई भी जनप्रतिनिधि इस पर गंभीर नहीं इसलिए अब ग्रामीणों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा ताकि हाथी की समस्या को निपटा जा सके।

# विद्यालय से हिंदू शब्द हटाए जाने पर सभी हिंदू संगठन एवं सामाजिक संगठनों की बैठक आज

**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नदिया हिन्दू उच्च विद्यालय से हिन्दू शब्द हटाने जाने को लेकर जय श्रीराम समिति समेत सभी हिंदू संगठन एवं सामाजिक संगठनों की बैठक कल दिनांक 31-05-2023 दिन बुधवार सुबह 9:00 बजे से गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर प्रांगण में रखी गई है आयोजित बैठक में विश्वहिंदू परिषद, महावीर मंडल, जय श्रीराम समिति, बजरंग दल, सरना सनातन, योगी सेना, छात्र संगठन के अलावे कई सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल होंगे। इसकी जानकारी जिला महामंत्री अजय साहू ने दी।

# समीक्षा बैठक कर बीडीओ ने दिया आवश्यक दिशा निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा :** प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में प्रखंड कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा की अध्यक्षता में मंगल दिवस के अवसर पर सरकार द्वारा संचालित विकास कार्यो का समीक्षा बैठक आयोजित कर मनरेगा योजना के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना से संचालित आम भगवानी और प्रधानमंत्री आवास योजना का समीक्षा किया गया। वही बीडीओ श्री चोपड़ा ने पंचायत सचिव और रोजगार सेवकों को निर्देश देते हुए कहा कि बिरसा हरित ग्राम योजना के मध्यम से प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में लगभग 200 एकड़ भूमि में बिरसा हरित ग्राम के तहत आम भगवानी का कार्य के लिये लाभुकों का चयन कर यथाशिघ्र कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रधानमंत्री आवास के लाभुकों को 15 जून तक आवास निर्माण पूर्ण करने के लिये प्रोत्साहित करने का भी निर्देश दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, जेई संजीत कुमार, मनु कुमारी पंचायत सचिव भैया भगत, आनन्द सिंह, महिपाल उराँव, रोजगार सेवक प्रवीण कुमार, अंजू तिर्की, देवेन्द्र कुमार दे०, रेखा कुमारी, कृष्णा राम सहित सभी प्रखंड कर्मी उपस्थित थे।

# एमएलए महिला कॉलेज की छात्रा दीक्षा साहू आर्टस में राज्य की सेकंड टॉपर

आईएएस अधिकारी बनना चाहती है लोहरदगा टॉपर दीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** मधुसूदन लाल अग्रवाल महिला इंटर महाविद्यालय लोहरदगा की आर्टस की छात्रा दीक्षा साहू ने 465 अंक लाकर झारखंड अधिविध परिषद द्वारा आयोजित परीक्षा में राज्य में दूसरा स्थान हासिल किया है। साथ ही लोहरदगा जिले में पहला स्थान हासिल करने का गौरव हासिल किया है ।मिशन चौक निवासी व्यवसायी ओम प्रकाश साहू और नीलम देवी की पुत्री दीक्षा की इस सफलता पर कॉलेज के शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारियों ने बधाई और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। दीक्षा ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी रोजाना पांच-छह घंटे की पढ़ाई और अपने शिक्षकों से मिली शिक्षा, माता-पिता और अपनी दोस्त पायल से मिली प्रेरणा और सहयोग को दिया है। दीक्षा भारतीय प्रशासनिक सेवा में सफल होकर देश की सेवा करना चाहती है। कॉलेज के प्रिंसिपल स्नेह कुमार ने कहा है कि दीक्षा ने पूरे राज्य में लोहरदगा जिले और महिला कॉलेज का नाम रोशन किया है। पढ़ाई के प्रति उसकी लगन और मेहनत का यह सुखद परिणाम है। कॉलेज का रिजल्ट बहुत बढ़िया रहा है और ढाई सौ से अधिक छात्राओं ने प्रथम श्रेणी से इंटर आर्ट्स की परीक्षा पास की है।

# सुमित उरांव बने कॉलेज टॉपर

➲शत प्रतिशत रहा एम एल अग्रवाल एस वी एम इंटर कॉलेज के कला का परीक्षा परिणाम



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** एम एल अग्रवाल एस वी एम इंटर कॉलेज के कला का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। 84त्न अंक लाकर सुमित उरांव कॉलेज टॉपर बनें । सुमित उरांव ने कुल 420 अंक प्राप्त किए जिसमें अंग्रेजी में 84, हिंदी में 85, इतिहास में 87, राजनीतिक विज्ञान 88 और अर्थशास्त्र में 76 अंक शामिल है। 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में दूसरा स्थान बहन निकिता कुमारी ने प्राप्त किया जिसमें अंग्रेजी में 77, हिंदी में 84, इतिहास में 87, राजनीतिक विज्ञान 80 और अर्थशास्त्र में 67 अंक शामिल है। 75.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर भानवी शौर्या ने कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। जिसमें अंग्रेजी में 75, हिंदी में 82, इतिहास में 82, राजनीतिक विज्ञान 77 और अर्थशास्त्र में 62 अंक शामिल है। इनके अतिरिक्त महाविद्यालय टॉप 10 में दीया टोप्पो ने 75.2 प्रतिशत, रितेश राम ने 74.6 प्रतिशत, शिव कुमार भगत ने 74.4 प्रतिशत, अनुपा बाड़ा ने 74.4त्न, अंकित महली ने 74.2त्न, असरीता उरांव ने 73.4 प्रतिशत, शिल्पा उरांव ने 72 प्रतिशत तथा बादल तिर्की ने 71 प्रतिशत अंक प्राप्त किया। प्रबंधकारिणी समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों और शिक्षक शिक्षिकाओं ने सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी।

# समाजसेवी जुगल पोद्दार की धर्मपत्नी के निधन पर मारवाड़ी समाज ने किया शोक प्रकट



**लोहरदगा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** अप्पर बाजार के प्रतिष्ठित व्यवसाय सह समाजसेवी जुगल पोद्दार के धर्मपत्नी अशोक पोद्दार, पवन पोद्दार की चाची राजकुमारी पोद्दार का आकस्मिक निधन पर लोहरदगा जिला मारवाड़ी सम्मेलन,लोहरदगा जिला सेवा भारती एवं मारवाड़ी महिला एकता शाखा के सदस्यों ने गहरा शोक प्रकट करते हुए उनकी आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की, और कहा कि इस दुख की बेला में ईश्वर उनके परिवार वालों को शक्ति प्रदान करें। राजकुमारी पोद्दार का निधन रायपुर में हुआ, सभी शोक कार्यक्रम रायपुर में ही संपन्न होंगे? शोक व्यक्त करने वालों में शिवप्रसाद राजगढ़िया, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, जयप्रकाश शर्मा, राम प्रकाश मोदी, राकेश शर्मा, सीताराम सर्राफ, किशोर बंका, पवन सर्राफ निखिल सर्राफ, अवधेश मित्तल निशांत सराफ, कन्हैया राजगढ़िया विमल बंका, अजय पोद्दार, मनीष राजगढ़िया, प्रमोद पोद्दार, संजय सर्राफ,डॉ कुमुद अग्रवाल, परमानंद कुमार, शशि भूषण सिंह, संजय चौधरी, नेहा अग्रवाल, नीतू मित्तल, रश्मि अग्रवाल, मंजू मोदी, संगीता मित्तल, मीना बंका, शिल्पी पोद्दार आदि शामिल है।

# दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हापानी में गंगा दशहरा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

➲सरयू राय का आंदोलन आज रंग लाया प्रदूषित नदी को प्रदूषण मुक्त कर दिखाया : प्रवीण सिंह



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** दामोदर बचाओ आंदोलन लोहरदगा, युगान्तर भारती, नेचर फाउंडेशन, दामोदर क्षेत्र विकाश ट्रस्ट द्वारा देवनद दामोदर महोत्सव कार्यक्रम दामोदर नदी के उद्गम स्थल चूल्हापानी सलगी में गंगा दशहरा कार्यक्रम ओमप्रकाश सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुई। कार्यक्रम में नदी पूजा हवन एवं महाआरती पंडित भूपल पाठक के द्वारा संपन्न कराया गया । इस अवसर पर स्थानीय लोगों द्वारा कीर्तन का भी आयोजित की गई। इस अवसर पर पूर्व विधान पार्षद श्री प्रवीण सिंह ने कहा कि आज हमें पहली बार चूल्हा पानी आने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है सचमुच यहां का पानी अमृत समान है,ग्रहण करने पर मन तृप्त हो गया जिस तरह दामोदर नदी प्रदूषित था ठीक उसके बिपरीत दामोदर नदी का उद्गम स्थल चुल्हापानी का जल अमृत है स्वच्छ है निर्मल हैं आज माननीय श्री सरयू राय का आंदोलन का प्रयास रंग लाया दामोदर जैसे प्रदूषित नदी को आंदोलन के माध्यम से प्रदूषण मुक्त कर दिखाया आज हम लोग इस नद के तट पर रहने वाले सभी नागरिकों को धन्यवाद आभार करते हैं । ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि धीरे-धीरे चूल्हापानी का विकास हो रहा है सरयू राय जी का प्रयास रंग लाया 2004 में पैदल यात्रा करने में कठिनाई होती थी परंतु आज चार पहिया वाहन चूल्हा पानी तक जा रहा है। अंचल अधिकारी कुडू प्रवीण सिंह ने कहा कि हम सरकार के सभी योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास करेंगे यहां बिजली पहुंच चुकी है पहुंच पथ बन गया है अच्छे स्वच्छ पेयजल एवं अच्छी सड़क का निर्माण जल्द हो हम लोग प्रयासरथ हैं। कार्यक्रम में मुनेश्वर साहू के नेतृत्व में कीर्तन का आयोजन किया गया, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी वरिष्ट नारायण सिंह ने कहा कि सचमुच जंगल है तो मंगल है सबो से आग्रह है कि सब लोग वर्ष में 1 पेड़ लगाय और बचाए तभी हम पर्यावरण बचा पायंगे पेड़ पौधे रहेंगे तभी प्रदूषण मुक्त पानी मिलेगा । कार्यक्रम में सहयोगी के रूप में दामोदर बचाओ आंदोलन दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट युगान्तर भारती नेचर फाउंडेशन के द्वारा आयोजित की गई जबकि प्रायोजक के रूप में पर्यटन कला संस्कृति खेलकुद युवा कार्यक्रम विभाग झारखंड सरकार के द्वारा की गई। इस अवसर पर नगर परिषद के सिटी मैनेजर बिजय कुमार के द्वारा आगंतुक अतिथि से कपूर का तीन पौधा उद्गम स्थल के पास लगाया गया। कार्य्रकम मे बलकृष्णा सिंह, जयनारायण प्रजापति, राजू सिंह, लाल अमीत नाथ शाहदेव, नीरज सिंह राजेंद्र यादव, संजीव आजाद, मंटू केसरी लातेहार, प्रभाकर मिश्रा, विनोद सिंह, यदूनन्दन तिवारी, मुखिया सुमित्रा देवी, बाबूलाल उराँव, रघु गंझू, मनोज गंझू सहित सैकडो लोग ने उपस्थित होकर पूजा एवं पर्यावरण को बचाने की सपथ ली।

गोंडवाना समर कैंप में गोंडी और अंग्रेजी भाषा की ली जा रही है विशेष क्लास

# गोंडी हमारी मातृ और प्राचीन भाषा, इसे संरक्षित करना हमारी जिम्मेदारी : वैशाली धुर्वे



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिमडेगा :** केरसई प्रखंड अंतर्गत कोनसकेली ग्राम में चल रहे 7 दिवसीय गोंडवाना समर कैंप में करीब 600 प्रतिभागी और प्रशिक्षक शामिल हुए हैं। कैंप में प्रत्येक दिन का समय सारणी निर्धारित है जिसे प्रतिभागियों को पालन करना पड़ता है। प्रतिभागियों के लिए गोंडी भाषा और अंग्रेजी भाषा के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। गोंडी भाषा सिखाने के लिए मध्यप्रदेश से गोंडी शिक्षिका वैशाली धुर्वे उपस्थित हैं वहीं अंग्रेजी भाषा के लिए IIT जोधपुर के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. गणेश मांझी हैं। गोंडी भाषा का क्लास आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। क्लास में प्रतिभागियों के अलावा निकट ग्राम के महिला- पुरुष और जनप्रतिनिधि भी शामिल हो रहे हैं। वैशाली धुर्वे प्रतिभागियों को पढ़ाते हुए कहती है गोंड लोगों की गोंडी भाषा सबसे प्राचीन है। यह भाषा पूर्ण रूपेण प्रकृति से जोड़ती है। जंगल- पहाड़- चिड़ियों की आवाज से गोंडी भाषा के शब्द जुड़े हुए हैं. तमिल, तेलगु और कन्नड़ भाषा की उत्पति गोंडी भाषा से हुई है. गोंडी भाषा को संरक्षित और आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी हमारी है इसलिए मैं मध्यप्रदेश से चलकर आई हूँ। अभी कुछ दिनों के छुट्टी में गाँव वापस आई अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी पूर्णिमा कुमारी कैंप में फुटबॉल का प्रशिक्षण दे रही हैं । अंतर्राष्ट्रीय लेबल पर खेलने के लिए आवश्यक स्किल और खाने- पीने के परहेजों के विषय में बच्चों को जानकारी दे रही हैं। संध्याकालीन सत्र में उन्होंने प्रतिभागियों को कहा गरीबी प्रतिभा का बाधक नहीं हो सकता है । मैं आप लोगों के बीच छुट्टी में घर में न रहकर यहाँ कैंप में आई हूँ इसका मेरा उद्देश्य है मेरे साथ मेरे समाज के लोग भी आगे बढ़ें। मैं जो भी हूँ अपने समाज के बदोलत ही हूँ. निश्चित लक्ष्य और कड़ी मेहनत से आप कोई भी मुकाम हासिल कर सकते है बर्सते की मेहनत करना न छोड़ें। संध्याकालीन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में केरसई प्रखंड विकास पदाधिकारी जयासंखी मुर्मू भी शामिल हुई उन्होंने प्रतिभागियों से केरियर कॉउंसलिंग कर मार्गदर्शन किया। उन्होंने बच्चों के अंदर के हिचकिचाहट को दूर करने के लिए मंच में आगे आने की गुर सिखाया। उन्होंने बच्चों को कड़ी मेहनत कर आगे बढ़ने और सफल होने के लिए प्रोत्साहित किया। कैंप में प्रतिभागियों को प्रशिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर परचम लहरा चुके कई खिलाड़ी उपस्थित हैं। कैरियर गाइडेंस और उच्च स्तरीय अध्ययन के लिए प्रोत्साहित करने के लिए भी कार्यक्रम में अनुभवी लोग ओनलाइन-ओफलाइन माध्यम से जुड़ रहे हैं जो बच्चों को प्रशिक्षित कर रहे हैं।

## चलते चलते एक नजर

### नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड ने किया दरबार नरसंहार की जांच का ऐलान



**काठमांडू (एजेंसी):** नेपाल के प्रधान मंत्री पुष्प कमल दाहाल प्रचंड ने ऐलान किया है कि 22 साल पहले हुए दरबार नरसंहार की जांच की जाएगी। मंगलवार को काठमांडू में सीपीएन (माओवादी सेंटर) के पार्टी कार्यालय में उन्होंने यह ऐलान किया।प्रचंड का कहना है कि दरबार हत्याकांड का सच सामने नहीं आया है। उन्होंने कहा कि देश में हुई पिछली बड़ी हत्याओं की भी जांच की जाएगी।1 जून, 2001 को नेपाल के नारायणहिटी दरबार में नरसंहार हुआ था। इस नरसंहार में तत्कालीन राजा वीरेंद्र शाह, रानी ऐश्वर्या और परिवार के सभी सदस्य मारे गए थे। इस घटना में कुल 9 लोगों की मौत हुई थी।घटना की जांच के लिए बनी कमेटी ने रिपोर्ट पेश की थी कि तत्कालीन युवराज दीपेंद्र ने अपने माता-पिता समेत 8 लोगों की हत्या कर खुदकुशी कर ली थी। नेपाली जनता इस रिपोर्ट पर शक करती रही है।

### नौसेनाध्यक्ष राष्ट्रपति की ओर से 31 मई को देंगे वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार




**नई दिल्ली (एजेंसी):** नौसेनाध्यक्ष एडमिरल आर हरि कुमार भारतीय सैन्य बलों की सर्वोच्च कमांडर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से 31 मई को वीरता और विशिष्ट सेवा पुरस्कार प्रदान करेंगे। वीरतापूर्ण कार्यों, नेतृत्व, पेशेवर उपलब्धियों और उच्च कोटि की विशिष्ट सेवा का प्रदर्शन करने वाले नौसेना कर्मियों को सम्मानित करने के लिए यह नौसेना अलंकरण समारोह नौसेना बेस, विशाखापत्तनम में होगा। यह पहली बार है जब नौसेना अलंकरण समारोह शाम को आयोजित किया जा रहा है।समारोह के दौरान 33 पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे, जिनमें दो नौसेना मेडल (शौर्य), 13 नौसेना मेडल (ड्यूटी के प्रति समर्पण), 16 विशिष्ट सेवा मेडल और दो जीवन रक्षा पदक शामिल हैं। नौसेना प्रमुख हथियार सुधार और इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के क्षेत्र में अग्रणी अनुसंधान के लिए लेफ्टिनेंट वीके जैन मेमोरियल गोल्ड मेडल और उड़ान सुरक्षा को बढ़ावा देने के लिए कैप्टन रवि धीर मेमोरियल गोल्ड मेडल भी प्रदान करेंगे। यह कार्यक्रम एक औपचारिक परेड के साथ शुरू होगा और 31 मई को शाम 5ः00 बजे से इन यूट्यूब चैनल पर लाइव स्ट्रीम किया जाएगा।

# इंटरमीडिएट आर्ट्स और कॉमर्स का जैक ने जारी किया रिजल्ट



### जैक झारखंड बोर्ड कॉमर्स के टॉपरों की लिस्ट

| | |
|---|---|
| रैंक-1 , श्रृष्टि कुमारी, अर्सुलिन इंटर कॉलेज रांची | - 480 अंक |
| रैंक - 2 मोहिश परवीन, अर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची | - 479 अंक |
| रैंक 3- रिया कुमारी, मारवाड़ी कॉलेज फॉर वूमेन रांची | - 475 अंक |
| रैंक 3- प्रियंका कुमारी - अर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची | - 475 अंक |
| रैंक 3- रिया केशरी - आरएलएसवाई कॉलेज झुमरी तलैया | - 475 अंक |
| रैंक 3- श्रुति कुमारी - अर्सुलाइन इंटर कॉलेज रांची | - 475 अंक |
| रैंक 4- प्रिंस कुमार - बोकारो स्टील सिटी कॉलेज, बोकारो | - 474 अंक |

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मंगलवार को जैक झारखंड बोर्ड का इंटरमीडिएट आर्ट्स और कॉमर्स का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। जैक के अध्यक्ष सुनील कुमार महतो ने रिजल्ट जारी किया। झारखंड बोर्ड इंटर आर्ट्स में 95.97त्न छात्र-छात्रा सफल हुए। इंटर कॉमर्स का रिजल्ट 88.60 फीसदी रहा। इंटर आर्ट्स में डीएवी पब्लिक स्कूल कतरास धनबाद की छात्रा कशिश परवीन ने 469 अंक हासिल कर टॉप किया। वहीं इंटर कॉमर्स में अर्सुलिन इंटर कॉलेज रांची की छात्रा श्रृष्टि कुमारी ने 480 अंक हासिल कर टॉप किया। जैक इंटरमीडिएट आर्ट्स में करीब 2.12 लाख छात्र-छात्रा शामिल हुए थे, जबकि इंटरमीडिएट कॉमर्स में 38 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। इसकी परीक्षा 14 मार्च से पांच अप्रैल तक हुई थी। जैक ने 24 अप्रैल से उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू किया था। 23 मई को ही जैक ने मैट्रिक और इंटरमीडिएट साइंस का रिजल्ट जारी किया था। जैक झारखंड बोर्ड मैट्रिक में 95.38 फीसदी स्टूडेंट्स पास हुए जबकि झारखंड बोर्ड इंटर साइंस का रिजल्ट 81.45 फीसदी रहा।



## मुख्यमंत्री से मिले सीआईआई के डिप्टी वाइस चेयरमैन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कनफेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) के ईस्टर्न रीजन के डिप्टी वाइस चेयरमैन एसके बेहरा (जमशेदपुर) ने शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर राज्य में उद्योगों के विकास और निवेश पर चर्चा हुई।

## 2023-24 में बरकरार रह सकती है भारत के विकास की गति : आरबीआई




**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** मजबूत व्यापक आर्थिक नीतियों और जिंस कीमतों में नरमी की वजह से भारत के विकास की गति वित्त वर्ष 2023-24 में बरकरार रह सकती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही। आरबीआई ने मंगलवार को जारी अपनी रिपोर्ट में चालू वित्त 2023-24 वर्ष में मुद्रास्फीति में कमी की उम्मीद भी जताई है। हालांकि, रिपोर्ट में यह कहा गया है कि धीमी वैश्विक वृद्धि, दीर्घकालिक भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक वित्तीय प्रणाली में दबाव की ताजा घटनाओं के कारण अगर वित्तीय बाजार में अस्थिरता होती है, तो इससे वृद्धि के लिए नकारात्मक जोखिम पैदा हो सकते हैं। रिजर्व बैंक की ओर से जारी की गई रिपोर्ट के मुताबिक मजबूत व्यापक आर्थिक नीतियों, जिंस कीमतों में नरमी, मजबूत वित्तीय क्षेत्र, स्वस्थ कॉरपोरेट क्षेत्र, सरकारी व्यय की गुणवत्ता पर लगातार जोर, वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं के पुनर्गठन और महंगाई के मोर्चे पर नरमी के कारण भारत की आर्थिक वृद्धि दर की गति वित्त वर्ष 2023-24 में बरकरार रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट के मुताबिक एक स्थिर विनिमय दर और एक सामान्य मानसून के साथ यदि अल नीनो की घटना नहीं होती है, तो मुद्रास्फीति वित्त वर्ष 2023-24 में और नीचे जाने की उम्मीद है।आरबीआई की रिपोर्ट में थोक महंगाई दर घटकर 5.2 फीसदी से कम रहने का अनुमान जताया गया है, जो बीते वित्त वर्ष 2022-23 में 6.7 फीसदी थी। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट इसके केंद्रीय निदेशक मंडल की एक वैधानिक रिपोर्ट है।

## गडकरी ने निर्माण लागत को कम करने के लिए डीपीआर की सटीक तैयारी पर दिया जोर

**एजेंसी**




**नई दिल्ली :** केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने परियोजना और में देरी को कम करने, निर्माण की लागत को कम करने, पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ सामग्री के उपयोग को प्रोत्साहित करने और उचित सड़क संरेखण को लागू करने के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की सटीक तैयारी और व्यावहारिक सत्यापन के महत्व पर बल दिया है। गडकरी ने मंगलवार को यहां एनएचएआई के अधिकारियों के साथ एक बैठक की अध्यक्षता की और राष्ट्रीय राजमार्ग विकास के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। बैठक में कार्यकुशलता बढ़ाने, बाधाओं को दूर करने और नवीन प्रौद्योगिकी को अपनाने पर चर्चा हुई। मंत्री ने नागरिक केंद्रित सेवाएं प्रदान करने पर जोर देते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग विकास के विभिन्न पहलुओं पर अपना दृष्टिकोण साझा किया और एनएचएआई के अधिकारियों को देश में विश्व स्तरीय राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क बनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

इस अवसर पर गडकरी ने दक्षता बढ़ाने और राष्ट्रीय राजमार्गों पर आसान यात्रा प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए दो मोबाइल ऐप लॉन्च किए। गडकरी ने एनएचएआई की पहली वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए स्थिरता रिपोर्ट का भी उद्घाटन किया।

इस अवसर पर सड़क परिवहन और राजमार्ग तथा नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) वी.के. सिंह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के सचिव अनुराग जैन, एनएचएआई के अध्यक्ष संतोष कुमार यादव और आरटीएच मंत्रालय और एनएचएआई के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करके नाइजीरिया में प्रवासी भारतीय झूम उठे

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** तीन दिन की यात्रा पर नाइजीरिया गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दूसरे दिन सोमवार को अबुजा में भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत की। इस कार्यक्रम में न केवल अबुजा से बल्कि नाइजीरिया के अन्य शहरों जैसे लागोस से भी भारतीय समुदाय के लोग शामिल हुए। यह किसी भारतीय रक्षा मंत्री की नाइजीरिया की पहली यात्रा है। पश्चिम अफ्रीकी देश की रक्षा मंत्री की यात्रा को दोनों देशों के बीच दोस्ती के मजबूत बंधन के निर्माण में एक महत्वपूर्ण मील के पत्थर के रूप में देखा जा रहा है।रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने ट्वीट करके बताया कि अबुजा में बांग्लादेश के सहकारिता मंत्री मोहम्मद तजुल इस्लाम के साथ शानदार बातचीत हुई। रक्षा मंत्री ने तेजी से बढ़ती भारत की अर्थव्यवस्था और सरकार की प्रगतिशील योजनाओं के कारण वैश्विक मंच पर भारतीय भूमिका के बारे में चर्चा की। उन्होंने भारतीय उच्चायोग की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में प्रवासी भारतीयों के साथ बातचीत की। भारत की बढ़ती साख के बारे में बात करने पर प्रवासी भारतीय प्रसन्नता से झूम उठे। राजनाथ सिंह ने नाइजीरिया में भारतीय समुदाय के सकारात्मक योगदान की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे भारतीय ध्वज को इसी प्रकार शिखर पर लहराते रहेंगे। रक्षा मंत्री ने भारतीय उच्चायुक्त की ओर से आयोजित रात्रिभोज में मुख्य न्यायाधीश और कार्यवाहक रक्षा मंत्री सहित नाइजीरिया के गण्यमान्य व्यक्तियों के साथ बातचीत की। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अबुजा में नाइजीरिया के निर्वाचित राष्ट्रपति बोला अहमद टीनूबू के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लिया। पद की शपथ लेने के बाद टीनूबू नाइजीरिया के 16वें राष्ट्रपति बन गए हैं। रक्षा मंत्री के प्रतिनिधिमंडल में रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) और गोवा शिपयार्ड लिमिटेड (जीएसएल) के शीर्ष अधिकारी शामिल थे। उन्होंने मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड का उद्देश्य हासिल करने के लिए रक्षा निर्यात में हुई महत्वपूर्ण प्रगति पर बल दिया। भारतीय प्रतिनिधिमंडल ने नाइजीरिया के सैन्य और सरकारी कर्मियों से मुलाकात की, ताकि भारतीय रक्षा व्यवसायों की जरूरतों को पूरा किया जा सके। सहयोग में सुधार के लिए नाइजीरियाई व्यवसायों के साथ बी2बी बैठकें आयोजित की गईं। शपथ ग्रहण समारोह में अफ्रीकी महाद्वीप के देशों से उच्च-स्तरीय राजनीतिक प्रतिनिधित्व के अलावा कई राष्ट्राध्यक्षों सहित भारत उन चुनिंदा गैर-अफ्रीकी देशों में शामिल था, जिन्हें मंत्री स्तर पर शपथ ग्रहण समारोह में प्रतिनिधित्व दिया गया था, जो हमारे द्विपक्षीय संबंधों की उच्च प्राथमिकता और ताकत को दर्शाता है। नाइजीरिया में 50,000 से अधिक भारतीय रहते हैं।

### मैट्रिक और इंटर के टॉप-3 विद्यार्थियों की कॉपी वेबसाइट पर जारी करेगा जैक

**रांची :** झारखंड अधिविध परिषद (जैक) ने मंगलवार को 12वीं कॉमर्स और आर्ट्स स्ट्रीम का रिजल्ट घोषित कर दिया। कॉमर्स में 25147 और आर्ट्स में में 225946 छात्रों ने सफलता हासिल की है। उद्यान इंटर कॉलेज रांची की सृष्टि कुमारी 488 अंक लाकर कॉमर्स की स्टेट टॉपर बनी जबकि डीएवी इंटर कॉलेज कतरासगढ़ के कशिश प्रवीण आर्ट्स के स्टेट टॉपर रहे। जैक अध्यक्ष अनिल कुमार महतो ने बताया कि झारखंड बोर्ड के वैसे विद्यार्थियों की कॉपी को झारखंड एकेडमिक काउंसिल की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा जिन्होंने मैट्रिक या इंटर में टॉप किया है। महतो ने मंगलवार को इंटर आर्ट्स और कॉमर्स का रिजल्ट जारी करने के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 10वीं और 12वीं बोर्ड के टॉप-3 स्टूडेंट्स की कॉपी को वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा।

# बड़े बदलाव की राह पर भारतीय सेना : सीडीएस

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** भारतीय सैन्य बलों के प्रमुख (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि भारत की सेनाएं बड़े बदलाव की राह पर हैं और तीनों सेनाओं को मिलाकर थिएटर कमांड तैयार करने का ब्लूप्रिंट अंतिम चरण में है। मंगलवार को पुणे में एनडीए के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड में सीडीएस ने कहा कि हम सैन्य मामलों में एक नई क्रांति देख रहे हैं, जो ज्यादातर तकनीक से संचालित है।पुणे के खडकवासला में एनडीए के 144वें कोर्स की पासिंग आउट परेड के मौके पर कैडेटों को संबोधित करते हुए सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि मौजूदा समय में वैश्विक सुरक्षा की स्थिति बेहतर नहीं है और अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक व्यवस्था डांवाडोल हालत में है। यूरोप में जंग, हमारी उत्तरी सीमाओं पर चीनी सेना की निरंतर तैनाती और हमारे निकट पड़ोस में राजनीतिक और आर्थिक उथल-पुथल की घटनाएं भारतीय सेना के लिए एक अलग तरह की चुनौती पेश कर रही हैं। भारत की सेनाएं एलओसी (नियंत्रण रेखा) पर हमारे दावों की वैधता बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि सेनाएं न केवल हमारे निकट पड़ोस, बल्कि दूर के पड़ोस में भी शांति और स्थिरता बनाए रखने में रचनात्मक भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि हम सैन्य मामलों में एक नई क्रांति भी देख रहे हैं, जो ज्यादातर तकनीक से संचालित हैं। जनरल चौहान ने कहा कि भारत की सशस्त्र सेनाएं भी एक बड़े परिवर्तन की राह पर हैं, हम संयुक्तता, एकीकरण और थिएटर कमांड का निर्माण करने की तैयारी में हैं।

## चार जुलाई को वर्चुअल मोड में भारत करेगा एससीओ शिखर सम्मेलन की मेजबानी



**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** भारत चार जुलाई को वर्चुअल तरीके से शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने मंगलवार को इसका एलान किया है। हालांकि विदेश मंत्रालय ने शिखर सम्मेलन को वर्चुअल मोड में आयोजित करने के कारणों का हवाला नहीं दिया। वहीं दूसरी ओर आज यानी बुधवार को नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड अपनी आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि भारत अपनी एससीओ शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता के तहत एससीओ परिषद के राष्ट्राध्यक्षों का 22वां शिखर सम्मेलन 4 जुलाई को वर्चुअल मोड में आयोजित किया जाएगा। इस सम्मेलन की अध्यक्षता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि एससीओ के सभी सदस्य देशों - चीन, रूस, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान और उज्बेकिस्तान को शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा, ईरान, बेलारूस और मंगोलिया को पर्यवेक्षक राज्यों के रूप में आमंत्रित किया गया है। एससीओ परंपरा के अनुसार, तुर्कमेनिस्तान को भी अध्यक्ष के अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। पिछले साल, एससीओ शिखर सम्मेलन उजबेकिस्तान के समरकंद में हुआ था। उस सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और उनके रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन सहित समूह के सभी शीर्ष नेताओं ने भाग लिया था। उसी सम्मेलन में भारत ने 16 सितंबर को एससीओ की अध्यक्षता ग्रहण की थी। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड कल अपनी आधिकारिक यात्रा पर भारत आएंगे। वे यहां 31 मई से तीन जून तक भारत में रहेंगे। इस दौरान वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात करेंगे। इस बीच कहा जा रहा है कि नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्रियों ने मांग की है कि प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल अपनी अगली भारत यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सामने इमिनेंट पर्सन्स ग्रुप (ईपीजी) की रिपोर्ट को स्वीकार करने और दोनों देशों के बीच सीमा विवाद का मसला जरूर उठाएं। गणमान्य नागरिकों की समिति (ईपीजी) दोनों के बीच संबंध की दिशा पर सुझाव देने के लिए 2018 में बनाई गई थी।

### चारधाम यात्रा के बेहतर संचालन के लिये पीएमओ कर रहा निगरानी

**देहरादून :** चारधाम यात्रा के सफल और सुखद संचालन के लिए पीएमओ कार्यालय की नजर है। इसी के तहत केन्द्र सरकार के अधिकारी यात्रा व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। मंगलवार को डीएमएमसी सभागार सचिवालय में सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास रंजीत सिन्हा ने एनडीएमए भारत सरकार से आए राजेंद्र सिंघल की उपस्थिति में चारधाम यात्रा के सफल संचालन के लिए एक समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने तीर्थ यात्रा को और बेहतर और सुगम बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पिछले यात्रा अनुभवों के बाद राज्य ने व्यवस्थाओं में काफी अच्छे परिवर्तन किये हैं, जिनको पीएम कार्यालय ने काफी नजदीक से मॉनिटरिंग किया।

# मणिपुर हिंसा में मारे गए परिजनों को 10 लाख का मुआवजा और एक को नौकरी देगी सरकार

**एजेंसी**



### केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने उच्च अधिकारियों के साथ बैठकें कर लिया हालातों का जायजा

**इंफाल।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सांप्रदायिक हिंसा के पीड़ितों के लिए 10 लाख रुपये तक के मुआवजा देने का ऐलान किया है। इसके साथ ही मृतक के परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने का भी निर्णय लिया गया।केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस समय इंफाल में प्रवास पर है। शाह सोमवार रात ही इंफाल पहुंचे थे और रात से वे लगातार बैठकें कर रहे हैं। बैठक में भारत सरकार और मणिपुर सरकार ने राज्य में सांप्रदायिक हिंसा में मारे गए लोगों को मुआवजे के रूप में 10 लाख रुपये देने पर सहमति जताई है। इस मुआवजा में केंद्र और राज्य सरकार 5-5 लाख रुपये देंगे। साथ ही हिंसा में मारे गए लोगों के परिवार के किसी एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी।जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री नोंगथंबम बीरेन सिंह, केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय कुमार, राज्य के कई कैबिनेट मंत्री, भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता संबित पात्रा, केंद्रीय गृह सचिव अजय कुमार भल्ला, इंटेलिजेंस ब्यूरो ( आईबी) के निदेशक, मणिपुर सरकार के मुख्य सचिव तपन कुमार डेका, राज्य, गृह और सामान्य प्रशासन के शीर्ष अधिकारी और केंद्र सरकार के नियुक्त सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह के साथ केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंद कमरे में बीती देर रात बैठक की। इसी बैठक में हिंसा प्रभावित राज्य की समग्र स्थिति की समीक्षा की गई और पीड़ित को मुआवजा देने का निर्णय लिया गया।सूत्रों के मुताबिक, इसके अलावा कल रात हुई बैठक में हिंसक स्थिति को शांत करने और शांति बहाल करने के लिए अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए इंटरनेट सेवा बंद करने का भी फैसला किया गया। इतना ही नहीं केंद्र सरकार ने अफवाहों को दूर करने के लिए बीएसएनएल की मदद से टेलीफोन लाइन लगाने का फैसला किया है। इसके अलावा, राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बहाल करने, राहत उपायों में तेजी लाने, पेट्रोल, एलपीजी गैस, चावल और अन्य दैनिक जरूरतों की चीजें आम लोगों को उपलब्ध कराने जैसे कई मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं।जानकारी मिली है केंद्रीय मंत्री, केन्द्र व राज्य के उच्च अधिकारी और केंद्र सरकार के नियुक्त सुरक्षा सलाहकार कुलदीप सिंह हिंसा प्रभावित क्षेत्रों के मैतेई और कूकी समुदायों के नेताओं, शीर्ष जन प्रतिनिधियों के साथ बैठकों में शामिल होंगे। केंद्रीय गृह मंत्री के साथ भी कई बैठकें करेंगे। साथ ही स्वायत्त क्षेत्र का दावा करने वाले कुकी विधायकों से भी अमित शाह मुलाकात करेंगे। वह हिंसाग्रस्त इलाका चुराचांदपुर भी जाएंगे।